ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 17°C

हल्द्वानी, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 57 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 30 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़: अखिलेश यादव पेज 2



एडिलेड में बराबरी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया खेल टाइम्स



कांग्रेस उप्र के पटल पर गौण भूमिका निभाने को अभिशप्त सम्पादकीय




सऊदी अरब में 70 साल बाद कफाला सिस्टम बंद पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### लद्दाख के प्रतिनिधियों की केंद्र के साथ बातचीत

**नई दिल्ली।** लद्दाख के प्रतिनिधियों ने बुधवार को दिल्ली में केंद्र सरकार के साथ बातचीत की। गृह मंत्रालय की उप समिति के साथ बैठक में एलएबी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के तीन-तीन प्रतिनिधि, लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान और उनके वकील शामिल हुए। बैठक के बाद केडीए के मेंबर सज्जाद हुसैन कारगिली ने कहा कि पिछले छह सालों से हमारी मांग लद्दाख में लोकतंत्र की रही है। इसका समाधान लद्दाख को राज्य का दर्जा देना है। यह मुद्दा एक या दो बैठकों में नहीं सुलझ सकता।

### जैश ने महिलाओं की भर्ती के लिए शुरू किया कोर्स

**नई दिल्ली।** आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने महिलाओं की भर्ती के लिए ऑनलाइन जिहादी कोर्स 'तुफात अल-मुमिनात' शुरू किया है जिसका नेतृत्व आतंकवादी मसूद अजहर की बहनें और उमर फारूक की पत्नी करेंगी। जैश ने इस कोर्स के प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 500 रुपये का चंदा निर्धारित किया है। कुछ समय पहले ऐसी रिपोर्ट सामने आई थी कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित और पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित जैश एक महिला ब्रिगेड तैयार कर रहा है और इसे जमात उल-मुमिनात नाम दिया है।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगोत्री मंदिर के कपाट बंद

**श्री गंगोत्री धाम।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बने पवित्र मां गंगा मंदिर गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार पूर्वाह्न 11 बजकर 36 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। धार्मिक परम्परा के अनुसार अन्नकूट त्योहार पर वैदिक मंत्रोच्चारण और कपाट बंदी की प्रक्रिया सुबह चार बजे शुरू हुई। मुख्य पुरोहित, हक हुक्कधारी, वेद पाठी और विद्वजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई यह प्रक्रिया पूर्वाह्न सम्पन्न हुई।

## नीरज चोपड़ा बने ले. कर्नल



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जाने-माने भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बुधवार को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का प्रतीक चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया। श्री सिंह ने यहां एक विशेष समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा को यह प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। रक्षा मंत्री ने उनके परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए ले. कर्नल को दृढ़ता, देशभक्ति और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का आदर्श उदाहरण बताया।

# मुकदमा हारा चोकसी, मुंबई जेल में बैरक तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी की अपील खारिज कर दी है और उसे भारत भेजने के फैसले को बरकरार रखा है। हीरा कारोबारी चोकसी 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में एक प्रमुख आरोपी है।

अदालत ने मामले पर गौर करने के बाद पाया कि उसके प्रत्यर्पण के लिए सभी कानूनी शर्तें पूरी होती हैं। अदालत ने 2018 और 2021 के भारतीय गिरफ्तारी वारंटों को लागू करने योग्य बताया।



■ बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने अपील खारिज की, भारत वापसी का रास्ता खुला

### भारत ने बेल्जियम अफसरों को जेल की तस्वीरें सौंपी

**मुंबई।** पीएनबी से 13,850 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपी और भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को भारत लाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए भारत ने बेल्जियम अधिकारियों को मुंबई की आर्थर रोड जेल की आधिकारिक तस्वीरें सौंपी हैं।

इनके जरिये बताया गया कि चोकसी को प्रत्यर्पण के बाद जब आर्थर रोड जेल में रखा जाएगा, तो वहां उसे क्या सुविधा मिलेगी। तस्वीरों में 46 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की बैरक दिखाई गई है। इसमें 2 सेल (कमरे) हैं। प्रत्येक में निजी शौचालय और बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। ये तस्वीरें भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया के रूप में भेजी गई, ताकि चोकसी के इस दावे का खंडन किया जा सके कि भारतीय जेलें भीड़भाड़ वाली और असुरक्षित हैं। दस्तावेजों के अनुसार, चोकसी को मुंबई की हाई सिक्योरिटी वाली आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। यह वही जेल कैंपस है, जहां 26/11 आतंकी अजमल कसाब को भी रखा गया था। बैरक में दो कमरे हैं। इनमें अटैच टॉयलेट-बाथरूम हैं।

चोकसी ने अदालत से अपनी दलील में कहा था कि भारत में उसके जीवन और स्वतंत्रता को खतरा होगा। उसने यह भी दावा किया कि वह राजनीतिक उत्पीड़न का शिकार है और उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिलेगी। यही नहीं उसने अपनी -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रमादम स्टेडियम में लैंडिंग के बाद धंसा हेलीकॉप्टर

# राष्ट्रपति की सुरक्षा में बड़ी चूक

**पथानामथिट्टा (केरल)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर यहां प्रमादम स्टेडियम में बनाए गए हैलीपैड पर उतरे हेलीकॉप्टर के पहिये हेलीपैड में आंशिक रूप से धंस गए, लेकिन श्रीमती मुर्मू इससे पहले ही सुरक्षित उतर गई थीं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर स्टेडियम में नया हेलीपैड कुछ घंटों पहले ही बनाया गया था।

पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने हेलीकॉप्टर को आगे धकेल कर पहियों को निकाला। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन से कुछ घंटे पहले ही कंक्रीट के हेलीपैड की सतह पूरी हुई थी और बारिश तथा नम मौसम की वजह से यह पूरी तरह से सेट नहीं हो पाया था। इसके बावजूद, सुरक्षा और जमीनी समन्वय टीमों ने उतरने की अनुमति दे दी। उतरने के तुरंत बाद हेलीकॉप्टर के टायर नरम कंक्रीट में धंस गए, जिससे ग्राउंड स्टाफ को हस्तक्षेप करना पड़ा। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर हालांकि कोई खतरा उत्पन्न नहीं हुआ। इस घटना को एक बड़ी सुरक्षा और प्रक्रियात्मक चूक बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीमती मुर्मू पहले ही हेलीकॉप्टर से सुरक्षित उतर गई थीं। पर्यवेक्षकों का कहना है कि अगर हेलीकॉप्टर उतरते समय इस समस्या का सामना करता, तो परिणाम गंभीर हो सकते थे। मूल योजना राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर को निलक्कल में उतारने की थी, लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण अंतिम समय में निर्णय बदलकर हेलीकॉप्टर को प्रमादम की ओर मोड़ दिया गया। जल्दबाजी में बनाया गया हेलीपैड (जो अभी भी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ था) हेलीकॉप्टर का भार सहन करने में असमर्थ साबित हुआ। इस घटना के बाद यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रपति की -शेष पृष्ठ दो पर



■ पुलिस व अग्निशमन कर्मियों ने हेलीकॉप्टर को आगे धकेल कर पहियों को निकाला

### वाराणसी एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की आपात लैंडिंग

**वाराणसी।** कोलकाता से श्रीनगर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-6961 को बुधवार शाम ईंधन रिसाव (फ्यूल लीक) की सूचना के बाद वाराणसी लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

■ सभी 166 यात्री पूरी तरह सुरक्षित

पायलट ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वाराणसी के हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर विमान को शाम 4:10 बजे सुरक्षित रूप से रनवे पर उतारा गया। गोमती जोन पुलिस के अनुसार, विमान में सवार सभी 166 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। यात्रियों को सुरक्षित रूप से आगमन कक्ष (एराइवल हॉल) में ले जाया गया है। तकनीकी टीम वर्तमान में विमान की जांच और मरम्मत में जुटी है। स्थिति पूर्णत: सामान्य और नियंत्रण में है।

# दिवाली के दूसरे दिन भी दिल्ली की हवा जहरीली

## एक्यूआई 345, 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशन रेड जोन में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिवाली के दूसरे दिन बुधवार को भी दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की धुंध छाई हुई है। एयर क्वालिटी अब भी जहरीली बनी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 7 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है।

राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार भी बना हुआ है। पंजाबी बाग में एक्यूआई 433 और वजीरपुर में 401 रिकॉर्ड हुआ है। वहीं, दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल अब भी रेड जोन में है। यानी हवा की क्वालिटी बहुत खराब से गंभीर स्तर पर है। दिवाली के बाद देश में हरियाणा की हवा सबसे प्रदूषित हुई है। सीपीसीबी के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले 10 शहरों में हरियाणा के 8 और राजस्थान का एक शहर है। वहीं दिल्ली 10वें नंबर पर है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में दिवाली के अगले दिन बुधवार को भी प्रदूषण का स्तर 300 पार है। बुधवार सुबह दिल्ली में अक्षरधाम के आसपास 350 से ज्यादा एक्यूआई दर्ज किया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि 4 दिनों के दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ीं। लोगों ने सुबह से लेकर देर रात तक पटाखे फोड़े।



■ हरियाणा रहा देश का सबसे प्रदूषित राज्य
■ राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार बना हुआ है, दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम उड़ीं धज्जियां

# रेल हादसे में पति की मौत, दो दशक बाद मिला इंसाफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 23 साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद एक पीड़ित विधवा को आखिर न्याय मिल ही गया। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष पहल करते हुए यह सुनिश्चित किया कि महिला को रेलवे से मुआवजा राशि पूरी तरह मिल सके।

दरअसल, सयनोक्ता देवी के पति विजय सिंह की 21 मार्च 2002 को भारतीय रेलवे की भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से पटना जाने के दौरान हादसे में मौत हो गई थी। उन्होंने बख्तियारपुर स्टेशन से पटना के लिए वैध टिकट लिया था, लेकिन भीड़भाड़ के कारण ट्रेन से गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद सयनोक्ता देवी ने रेलवे से मुआवजा मांगा, लेकिन रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल और पटना हाई कोर्ट ने यह कहते हुए मुआवजा देने से इन्कार कर दिया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। महिला ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2023 में हाईकोर्ट और ट्रिब्यूनल के आदेशों को बेतुका और कल्पनाशील बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि यदि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ होता, तो वह न टिकट खरीद पाता, न ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करता। कोर्ट ने रेलवे को दो महीने के अंदर चार लाख रुपये मुआवजा और छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया, लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं हुई। इस फैसले के बाद महिला के स्थानीय वकील का निधन हो गया और रेलवे की तरफ से भेजे गए पत्र गलत पते पर चले गए। सयनोक्ता देवी भी पारिवारिक परिस्थितियों में अपना ठिकाना बदल चुकी थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने ढूंढ़ निकाली पीड़िता, अब मिलेगा मुआवजा



### अमेरिका जा रहा एयर इंडिया विमान रास्ते से मुंबई लौटा, पायलट को खराबी का हुआ था शक

**मुंबई।** मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-191 को उड़ान के 3 घंटे बाद तकनीकी खराबी के बाद बुधवार को लौटना पड़ा। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह खराबी क्या थी। फ्लाइट रडार-24 के मुताबिक विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से देर रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी। करीब तीन घंटे बाद क्रू को खराबी की आशंका हुई। इसके बाद इसे मुंबई लैंड कराने का फैसला लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया।

# भारत एस-400 के लिए 10 हजार करोड़ की करेगा डील

**नई दिल्ली।** भारत अपने मौजूदा एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के लिए रूस से 10,000 करोड़ की मिसाइलें खरीदने वाला है। इसके लिए रूसी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

■ रूस से और मिसाइलें खरीदेगा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को 23 अक्टूबर को होने वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की बैठक में मंजूरी दे सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया गया कि इसने पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मार गिराया। वायु सेना ने एस-400 को भारत की हवाई सुरक्षा रणनीति का गेम चेंजर बताया है। भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

सभी मुज़फ्फरनगर वासियों के लिए
HONDA
अंश हौंडा का दिवाली धमाका
ऑफर अब 31 अक्टूबर तक





अब Honda Shine100
मात्र ₹60000*
(रजिस्ट्रेशन & इन्शुरेन्स सहित)
घर ले जाए
कैश बैक ₹5000/-*
एक्सचेंज* सुविधा उपलब्ध
हाईपोथीकेसन* के बिना
CSD सुविधा उपलब्ध
स्कूटरों का बादशाह होण्डा एक्टिवा
मात्र ₹80000*
(इन्शुरेन्स & एक्सेसरीज सहित)
घर ले जाए
आधार कार्ड लाये 0 रु की डाउन पेमेंट पर Honda Shine100 घर ले जाये
आधार कार्ड लाये मात्र 3000 रु की डाउन पेमेंट पर स्कूटरों का बादशाह Honda Activa घर ले जाये
T&C Apply
अंश होण्डा जानसठ रोड मुजफ्फरनगर 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी जो छुपाते हैं ट्रम्प उजागर कर जाते हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई बात को भले ही छुपा रहे हो लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि श्री मोदी ने उन्हें रूस से तेल नहीं खरीदने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से आखिरकार स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन्हें फोन किया था और दोनों के बीच बातचीत हुई। लेकिन प्रधानमंत्री ने सिर्फ इतना बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें दीवाली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा ष्जहां प्रधानमंत्री मोदी बातों को छुपा जाते हैं, वहीं राष्ट्रपति ट्रम्प उन्हें उजागर कर देते हैं।

### दुबई इस्लामिक बैंक का एआई नवाचार को एचसीएल से करार

**नई दिल्ली।** दुबई इस्लामिक बैंक (डीआईबी) ने अपने कार्यप्रणाली में कृत्रिम बु( मत्ता (एआई) को शामिल करने के लिए भारत की अग्रणी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के साथ करार किया है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि दुनिया के पहले इस्लामिक बैंक ने जीआईटेक्स ग्लोबल 2025 में इस साझेदारी की घोषणा की है। इसका लक्ष्य अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत स्तर पर खास अनुभव प्रदान करना, निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना, प्रक्रियाओं में सुधार और जोखिम तथा अनुपालना ढांचे को मजबूती प्रदान करना है।डीआईबी के मुख्य परिचालन अधिकारी ओबैद अल शमसी ने कहा कि बैंक के लिए नवाचार हमेशा से उसके उद्देश्य और जिम्मेदारी का हिस्सा रहा है।

# वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की सीमा बढ़ाएं

## शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने उठाई मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ/सहारनपुर।** यूपी में वक्फ संपत्तियों की संख्या सर्वाधिक है। लगभग 2 लाख से अधिक संपत्तियां सुन्नी वक्फ बोर्ड और 25 हजार से अधिक संपत्तियां शिया वक्फ बोर्ड में दर्ज होनी हैं।

इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा तय समय सीमा 5 दिसंबर 2025 के मुकाबले अब तक मात्र 500 से अधिक ही वक्फ संपत्तियों का ही रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर हो पाया है। वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को लेकर शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने केंद्र सरकार से समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी का कहना है कि उम्मीद पोर्टल तकनीकी जटिलताओं और जागरूकता के अभाव के कारण मुतवल्लियों के लिए बड़ी चुनौती है। पोर्टल नया है, ट्रेनिंग, आईटी सपोर्ट और दस्तावेजों की डिजिटल प्रक्रिया को समझने में समय लगता है। हमने ट्रेनर नियुक्त कर दिए हैं, टोल फ्री नंबर भी जारी किया है। अब प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाएगा, लेकिन निर्धारित समय बहुत कम है, इसलिए हम केंद्र सरकार से कम से कम दो वर्ष की अतिरिक्त अवधि देने की मांग कर रहे हैं। सैयद अली जैदी के मुताबिक अगर वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन तय सीमा तक नहीं हुआ, तो उन्हें वक्फ की श्रेणी से ही बाहर कर दिया जाएगा, जो समुदाय के धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियां समुदाय की धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक विरासत की आधारशिला हैं। यह सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समुदाय के अस्तित्व और धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा का प्रश्न है।

# यूपी पिछड़ा वर्ग आयोग के अफसरों का कार्यकाल बढ़ा

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अनुभाग-1 की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।

आदेश के तहत आयोग के वर्तमान पदाधिकारियों को पुनः उनके पदों पर एक वर्ष तक बने रहने की स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि पिछड़ा वर्ग आयोग राज्य सरकार को अन्य पिछड़ा वर्गों के कल्याण, उनके अधिकारों की रक्षा और नीतिगत निर्णयों में सलाह देने का कार्य करता है। आयोग के गठन का उद्देश्य पिछड़े वर्गों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित करना है। सरकार ने आयोग की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है ताकि प्रदेश में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और उन पर प्रभावी अमल जारी रह सके। जारी आदेश के अनुसार, पूर्व सांसद राजेश कुमार वर्मा को पुनः आयोग का अध्यक्ष नामित किया गया है। सोहनलाल श्रीमाली (मीरजापुर), सूर्य प्रकाश पाल (रामपुर) को उपाध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त किया गया है। वहीं, आयोग में 16 सदस्यों को भी पुनः नामित किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से सतएंद्र कुमार (चंदौली), मेवा राम (सहारनपुर), वासुदेव मौर्य (अयोध्या), फूलबदन कुशवाहा (कुशीनगर), विनोद कुमार यादव (मऊ), शिवमंगल (चंदौली), अशोक कुमार (कानपुर), चिरंजीवी चौसरिया (गोरखपुर), कुलदीप शर्मा (झांसी), चौधरी लक्ष्मण सिंह (लखनऊ), मुरहू राजभर (गाजीपुर), चन्द्रशेखर चौहान (सुल्तानपुर), रामदरस (गोरखपुर), जनार्दन प्रसाद गुप्ता (महराजगंज) और बालकदास (झांसी) शामिल हैं। राज्य सरकार की तरफ से यह कार्यकाल विस्तार उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1996 (संशोधित अधिनियम 2007 एवं 2014) के प्रावधानों के तहत दिया है। आदेश में उल्लेख है कि आयोग के वर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य 10 अक्टूबर 2024 से ही अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और अब उन्हें 2026 तक का विस्तार दिया गया है।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

# सपा-कांग्रेस रामद्रोही ही नहीं, कृष्णदोही भी

गोखरपुर, वार्ता



■ श्रीराम के अस्तित्व पर खड़ा किया था सवाल, दीये जलाने से भी हो रही परेशानी जनता माफ नहीं करेगी

मुख्यमंत्री योगी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि सपा और कांग्रेस को राम भक्त नहीं माफ करेंगे। वे श्रीराम द्रोही ही नहीं श्रीकृष्ण द्रोही और सनातन पर्व और त्योहारों के द्रोही हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ इन दिनों गोरखपुर प्रवास पर हैं। यहां उन्होंने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षा गृह में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर भी जमकर तंज कसा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस को राम भक्त कभी माफ नहीं करेंगे। वे श्रीराम द्रोही ही नहीं श्रीकृष्ण द्रोही और सनातन पर्व और त्योहारों के द्रोही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा का भी जिक्र करते हुए कहा कि हलाल सर्टिफिकेशन जो पैसा आता है, वो आतंकवाद के लिए ,लव जेहाद के लिए और धर्मांतरण में भी दुरपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि कोई भी सामान खरीदते समय वस्तु पर हलाल सर्टिफिकेट न हो। सपा प्रमुख कहते हैं कि दीया जलाने की आवश्यकता क्या है। इससे अच्छा मोमबत्ती जला लेते। ऐसा कहकर वे अन्नदाता किसानों का अपमान कर रहे हैं। तिलहन की पैदावार कर दीयों को तेल देने वाले अन्नदाता किसानों और मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का अपमान है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव को कहा कि आप को कंस और दुर्योधन प्यारे हैं, आप उनकी मूर्ति लगाइए। वो रामद्रोही ही नहीं, कृष्णद्रोही भी हैं और सनातन पर्व व त्योहारों के द्रोही भी हैं। कांग्रेस श्रीराम, श्रीकृष्ण को नकारती थी और दुनिया अयोध्या में आ करके अभिभूत हो रही है। कांग्रेस ने अदालत में एफिडेविट देकर कहा था कि भगवान राम और कृष्ण मिथक हैं, यह कहकर हिंदू आस्था को अपमानित किया था।

### योगी ने दी गोवर्धन पूजा की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर सभी प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोवंश के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इसको कुपोषण से सुपोषण की तरफ ले जाने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि गोवंश संवर्धन और प्रकृति संरक्षण के लोक-मंगलकारी संकल्प की पावन अभिव्यक्ति गोवर्धन पूजा की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु श्रीकृष्ण की कृपा से सभी का जीवन सुख, समृद्धि और आरोग्यता के आलोक से आलोकित हो, यही प्रार्थना है।

### जन समस्याओं का कराएं त्वरित समाधान

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबकी समस्या सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। समस्या लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। दीपावली के दिन से गोरखपुर प्रवास कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले।

# सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी को घेरने में लगातार जुटे हैं सपा नेता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ा हो रहा है।

यादव ने एक वीडियो जारी करते हुए लिखा कि भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का जो पहाड़ खड़ा हो रहा है उसका मूल कारण वसूली करने वाले नहीं हैं बल्कि वो 'मुख्य सत्ताधारी' लोग हैं जो वसूली करवा रहे हैं क्योंकि उनकी आपस की लड़ाई बहुत बड़ी है और पद की प्रधान महत्वाकांक्षा भी। उन्होंने कहा कि वसूली, घूस, कमीशन और चंदे से जमा किए जा रहे अकूत धन से दरअसल 'महापद' की तैयारी हो रही है। मुख्यकोष को प्रधानकोष से बड़ा किया जा रहा है क्योंकि भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की यही परंपरा रही है कि जिसके पास 'महाकोष' की व्यवस्था होगी, उस की ही प्रधान दावेदारी होगी। महापद की इस प्रतिस्पर्धा में वसूली के कारण हर चीज़ का दाम बढ़ रहा है और आखिर में इस रस्साकशी में आम जनता को सब खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव भ्रष्टाचार पर भाजपा को घेरने में लगातार जुटे हैं। इससे पहले भी कई मौकों पर वह सवाल उठा चुके हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी समेत कई जिलों में भाजपा समर्थकों ने अवैध रजिस्ट्रियां कर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाया है।



**सेंसेक्स** 83952.17
**निफ्टी** 25709.00



**सोना रु.** 123907
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 152501
प्रति किलो



# पांच महानगरों में खुलेंगे 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट ऑफिस

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब देश के पांच प्रमुख महानगरों मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य देश के बड़े औद्योगिक केंद्रों से पूंजी निवेश को सीधे उत्तर प्रदेश तक लाना और निवेशकों को राज्य की नीतियों एवं संभावनाओं से जोड़ना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को हरी झंडी दे चुके हैं। इसी क्रम में इन सैटेलाइट ऑफिसों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है, जो राज्य में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे। प्रत्येक ऑफिस में एक जनरल मैनेजर, एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर, दो उद्यमी मित्र, दो एग्जिक्यूटिव और दो ऑफिस असिस्टेंट की टीम कार्य करेगी। सभी पांचों कार्यालयों पर कुल 12 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक धनराशि व्यय होने का अनुमान है। सरकार की योजना के अनुसार, प्रत्येक शहर का सैटेलाइट ऑफिस अपनी भौगोलिक और औद्योगिक विशेषता के अनुरूप रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा।

मुंबई ऑफिस वित्तीय सेवाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक और ईएसजी फंड पर ध्यान देगा। बेंगलुरु ऑफिस जीसीसी, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, ईवी और डीपटेक सेक्टर पर फोकस करेगा। हैदराबाद ऑफिस फार्मा, डेटा सेंटर, हेल्थटेक और एंटरप्राइज उद्योगों पर केंद्रित रहेगा। चेन्नई ऑफिस ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और हार्डवेयर निर्माण उद्योगों में निवेश आकर्षित करेगा। नई दिल्ली ऑफिस समर्पित इन्वेस्ट यूपी एवं एशिया-यूरोपीय संघ सुविधा कार्यालय के रूप में कार्य करेगा।

### 200 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का होगा विकास

**नई दिल्ली।** बिजली पारेषण व्यवस्था के मोर्चे पर सुधार की 2-4 लाख करोड़ रुपये की योजना के माध्यम से सरकार देश में पांच लाख मेगावाट बिजली के लिए मजबूत पारेषण नेटवर्क की कल्पना कर रही है। पारेषण प्रणाली में सुधार के जरिये नवीकरणीय ऊर्जा-समृ( राज्यों को बिजली की बड़ी मांग वाली जगहों से जोड़ा जायेगा। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि सरकार हरित ऊर्जा गलियारों और राजस्थान, गुजरात और लद्दाख से नई उच्च क्षमता वाली पारेषण लाइनों के माध्यम से पारेषण बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दे रही है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 2030 तक पांच लाख मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि ट्रांसमिशन में सुधार की ये परियोजनाएं कई वर्षों में पूरी होंगी, लेकिन एक बार चालू होने पर ये दो लाख मेगावाट से अधिक नई नवीकरणीय क्षमता जोड़ेंगी। इस प्रकार वर्तमान चरण अस्थायी है - एक संक्रमणकालीन अंतराल है, न कि एक संरचनात्मक सीमा है। मंत्रालय के अनुसार, साल 2030 स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को कार्यनीति स्तर पर स्थायित्व के साथ आगे बढ़ाने के लिए ग्रिड, वित्तीय प्रणालियों और बाजार डिजाइन के साथ नवीकरणीय ऊर्जा का समन्वयन किया जा रहा है।

## सोना गिरकर 1.24 लाख पर आया, चांदी भी सस्ती

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद बुधवार को सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार बुधवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है।

चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। दीवाली जैसे फेस्टिवल के बाद भारत में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। सोना-चांदी को सेफ-हेवन माना जाता है, यानी मुश्किल समय में लोग इन्हें खरीदते हैं, लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी जिनपिंग के बीच अगले हफ्ते मीटिंग होने वाली है। इससे ट्रेड वॉर की चिंता कम हुई है। टेक्निकल इंडिकेटर्स जैसे रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स दिखा रहे थे कि कीमतें ओवरबॉट जोन में पहुंच चुकी थीं।

# गेहूं, चीनी में तेजी, चावल नरम दालों-खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये। वहीं गेहूं और चीनी में तेजी रही जबकि दालों तथा खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 51 रिंगिट टूटकर 4,454 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.80 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,882.74 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। वहीं, गेहूं 24 रुपये की मजबूती के साथ 2,884.67 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। आटे की कीमत 22 रुपये बढ़कर 3,346.82 रुपये प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 101 रुपये और सूरजमुखी तेल की 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में भी 31 रुपये और सोया तेल में 35 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गई। सरसों तेल 20 रुपये और वनस्पति 29 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 17 रुपये और उड़द दाल की 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 25 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। हालांकि चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुकदमा हारा...**

खराब सेहत का भी हवाला दिया, लेकिन अदालत ने चोकसी की दलीलों को अपर्याप्त बताया और कहा कि वह भारत में किसी तरह के अमानवीय व्यवहार की आशंका या इंसाफ नहीं मिलने के 'वास्तविक जोखिम' को साबित नहीं कर सका है। इस कानूनी लड़ाई में चोकसी ने राष्ट्रीयता की दलील का भी सहारा लिया। उसके वकीलों ने कहा कि प्रत्यर्पण का अनुरोध ही गलत है क्योंकि भारतीय अधिकारियों ने एंटीगुआ और बारबुडा की उसकी नागरिकता के बारे में अदालत को पूरी जानकारी नहीं दी थी। लेकिन अदालत ने इस तर्क को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बेल्जियम से प्रत्यर्पण के उद्देश्य के लिए, एकमात्र प्रासंगिक तथ्य यह है कि चोकसी के पास बेल्जियम की नागरिकता नहीं है,। यह बात उसे बेल्जियम के कानून के तहत विदेशी करार देती है। अदालत के फैसले में इस बात पर ज़ोर दिया गया कि उसकी भारतीय या एंटीगुआ की नागरिकता अप्रासंगिक है और चूंकि सभी कानूनी शर्तें पूरी हो चुकी हैं, इसलिए उसका प्रत्यर्पण हो सकता है। गौरतलब है कि चोकसी और उसका भतीजा नीरव मोदी भारत के सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक को अंजाम देने के मुख्य आरोपी हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने फर्जी ऋण गारंटी का इस्तेमाल करके पीएनबी बैंक से धोखाधड़ी की। मामला सामने आने पर ये लोग 2018 में देश छोड़कर भाग गए। नीरव मोदी ब्रिटेन की जेल में प्रत्यर्पण की लड़ाई लड़ रहा है, वहीं चोकसी ने एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता हासिल कर ली है। इस अपील के खारिज होने के बाद, बेल्जियम में चोकसी के पास देश के सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का अंतिम कानूनी विकल्प है। अगर वह भी विफल हो जाता है, तो बेल्जियम सरकार के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित करने का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके बाद उस पर कानूनी कार्रवाई हो सकेगी। यह फैसला चोकसी को मुकदमे का सामना करने के लिए वापस लाने की मांग कर रही भारतीय एजेंसियों के लिए एक बड़ी जीत है। इससे बेल्जियम से उसे भारत वापस लाने की लंबे समय से चल रही कानूनी कवायद का अंत हो गया है।

**राष्ट्रपति की...** वापसी यात्रा के लिए उस हेलीकॉप्टर का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, भारतीय वायुसेना निलक्कल से एक अन्य हेलीकॉप्टर तैनात करेगी, जहां पूरी तरह से संरचनात्मक और सुरक्षा जांच की जा चुकी है। राष्ट्रपति बुधवार सुबह 8:40 बजे प्रमादम पहुंचीं। यहां उनका स्वागत देवस्वओम मंत्री वीएन वासवन, सांसद एंटो एंटनी, विधायक केयू जिनेश कुमार और प्रमोद नारायणन, ज़िला कलेक्टर एस. प्रेम कृष्णन और जिला पुलिस प्रमुख आर. आनंद ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से पम्पा के लिए रवाना हुईं, जहां से उन्होंने सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर की अपनी तीर्थयात्रा शुरू की। पंपा गणपति मंदिर में पारंपरिक केट्टुनिरा (पवित्र बंडल बांधना) अनुष्ठान मंदिर के पुजारी विष्णु नंबूदरी और शंकरन नंबूदरी करेंगे। सुरक्षा एजेंसियों ने सबरीमाला में राष्ट्रपति के साथ आने वाले लोगों की सही संख्या का खुलासा नहीं किया है, लेकिन केट्टुनिरा करने के लिए दल के 50 सदस्यों के लिए व्यवस्था की गई है। श्रीमती मुर्मू पूजा-अर्चना करने के बाद सन्निधानम प्रशासनिक परिसर के अंदर विशेष रूप से तैयार किए गए सुइट में दो घंटे आराम करेंगी। श्रीमती मुर्मू अपराह्न 3:10 बजे सन्निधानम से रवाना होंगी और निलक्कल से शाम 4:20 बजे तिरुवनंतपुरम वापसी कर सकती हैं। निलक्कल हेलीपैड की पूरी सुरक्षा जांच के बाद वापसी यात्रा के लिए वायु सेना द्वारा एक नया हेलीकॉप्टर तैनात किया जाएगा। राष्ट्रपति की ऐतिहासिक सबरीमाला यात्रा के दौरान हुई इस घटना पर सुरक्षा विशेषज्ञों और राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। कई लोगों ने इसे एक 'गंभीर चूक' बताया है जिसने स्थानीय अधिकारियों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय में स्पष्ट कमियों को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना के कारणों की जांच जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है।

# दलित बुजुर्ग से पेशाब चटवाने की घटना पर सियासत गरम

**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में दलित बुजुर्ग से मंदिर परिसर में पेशाब चटवाने की अमानवीय घटना से उत्तर प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। मामले को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने में जुटा हुआ है।

इस मामले में आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा राज में दलित होना अपराध है। पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आज शाम को पीड़ित के घर जाएगा। इसमें निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल, प्रान्त अध्यक्ष इमरान लतीफ, अयोध्या के प्रांत प्रभारी कैप्टन सरबजीत सिंह, जनक प्रसाद, इरम रिजवी शामिल हैं। वहीं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक व सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि यह सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि दलित विरोधी मानसिकता का नंगा प्रदर्शन है। यह मानवता और संविधान की आत्मा पर प्रहार है। गौरतलब है कि बीती सोमवार रात बीमार बुजुर्ग रामपाल (70) शीतला माता मंदिर के सामने से गुजर रहे थे। अचानक तबीयत खराब होने पर वे मंदिर की सीढ़ियों पर बैठ गए। इसी दौरान पेशाब छूट गई। यह देखकर मंदिर के सामने स्थित दुकान का मालिक स्वामीकांत उर्फ पम्मू गुस्से में वहां पहुंचा। उसने बुजुर्ग से अभद्रता की, गालियां दीं और जबरन पेशाब चटवा दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने बुजुर्ग से पूरा मंदिर धुलवाया और लात मारकर भगा दिया। रामपाल ने बताया, मैं सांस का मरीज हूं, तबीयत खराब थी इसलिए मंदिर की सीढ़ियों पर बैठा। गलती से पेशाब हो गई। पम्मू ने कहा इसे चाटो, मैंने डर के मारे चाट लिया।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आज बंद होंगे शीतकाल के लिए बाबा केदार के द्वार



■ 25 अक्टूबर को डोली पहुंचेगी शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर
कपाट बंद करने की सभी तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी भगवान केदारनाथ के कपाट आज शीतकाल के लिये बंद होंगे। आज प्रात: साढ़े आठ बजे पौराणिक परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार भगवान केदारनाथ के कपाट बंद होंगे। जिसके बाद बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली धाम से अपने शीतक. ालीन गददीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर के लिये प्रस्थान करेगी। कपाट बंद होने से पहले बाबा केदार के स्वयं-भू ज्योतिर्लिंग को अनेक पूजार्थ सामग्रियों से समाधि दी जाएगी। कपाट बंद होने अवसर पर हजारों भक्त धाम पहुंच चुके हैं, जो डोली यात्रा के साथ नीचे उतरेंगे।

विश्व विख्यात बाबा केदार के कपाट आज प्रात: साढ़े आठ बजे शीतकाल के लिये बंद किये जाएंगे। धाम में मंदिर समिति की ओर से कपाट बंद करने की सभी तैयारियां पूर्ण की गई हैं। मंदिर समिति के भंडार गृह से बाबा केदार की डोली ने दोपहर के समय मंदिर के भीतर प्रवेश किया। डोली के मंदिर के भीतर प्रवेश करते समय केदारपुरी बाबा केदार के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। इस दौरान धाम में मौजूद हजारों भक्तों ने डोली का स्वागत किया। आज डोली के मंदिर से बाहर आते ही पौराणिक परंपराओं का निर्वहन करते हुये मंदिर के द्वार बंद किये जाएंगे। इससे पहले बाबा केदार के स्वयं-भू लिंग को अनेक पूजार्थ सामग्रियों से समाधि दी जाएगी। कपाट बंद होने के बाद देवता केदारपुरी में बाबा केदार की पूजा-अर्चना करेंगे।

किस तरह से होंगे केदारनाथ के कपाट बंद।

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट बंद करने की प्रक्रिया रात से ही शुरू हो जाती है। सबसे पहले धाम पहुंचे भक्तों को रात में ही बाबा केदार के दर्शन कराए जाएंगे। दर्शन के बाद बाबा केदार के पहले बाल भोग और फिर महाभोग लगेगा। फिर प्रात: चार से छह बजे तक बाबा केदार की समाधि पूजा होगी। समाधि पूजा होने के बाद प्रात: छह बजे मंदिर के गर्भ गृह के कपाट बंद किये जाएंगे। फिर प्रात: साढ़े आठ बजे मुख्य द्वार बंद किया जाएगा और फिर बाबा केदार की डोली अपने शीतकाल के लिये प्रस्थान करेगी। डोली पहले रात्रि प्रवास के लिये रामपुर, द्वितीय रात्रि प्रवास के लिये गुप्तकाशी और फिर 25 अक्टूबर को डोली अपने शीतकालीन गददीस्थल ओंक. ारेश्वर मंदिर पहुंचेगी।

### 17 लाख 40 हजार से अधिक भक्त कर चुके हैं दर्शन

रुद्रप्रयाग। अभी तक 17 लाख 40 हजार से अधिक यात्री भगवान के दर्शन कर चुके हैं। इस वर्ष यात्रा के शुरूआती चरण से लेकर मानसूनी सीजन में आपदा की मार पड़ने के बाद भी पिछले वर्ष से अधिक संख्या में तीर्थ यात्री केदारनाथ पहुंचे।

# दिसम्बर में देहरादून में होगा पीआरएसआई का राष्ट्रीय सम्मेलन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया देहरादून चौप्टर द्वारा आयोजित होने वाले 47वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन्स कॉन्फ्रेंस ख्र 2025 के ब्रोशर का विमोचन राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने किया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 13 से 15 दिसंबर 2025 तक देहरादून में आयोजित होगा। सम्मेलन का विषय रखा गया है ख्र "विकसित भारत / 2047 के लिए जनसंपर्क विजन"।



इस अवसर पर सांसद नरेश बंसल ने कहा कि जनसंपर्क समाज, सरकार और जनता के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क केवल सूचना का प्रसार नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास और सकारात्मक सोच के माध्यम से विकास को नई दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं और कार्यक्रमों से जनता को जोड़ने में जनसंपर्क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यह सम्मेलन न केवल विचारों के आदान-प्रदान का मंच बनेगा, बल्कि भारत/2047 की दृष्टि को सशक्त बनाने में भी योगदान देगा।सांसद बंसल ने कहा कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है, ऐसे में देहरादून में इस स्तर का आयोजन होना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से राज्य के जनसंपर्क क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी और युवा पेशेवरों को सीखने-समझने का अवसर प्राप्त होगा।

पीआरएसआई देहरादून चौप्टर के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन दिवसीय जनसंपर्क के महाकुंभ के रूप में आयोजित यह राष्ट्रीय सम्मेलन देशभर से जनसंपर्क विशेषज्ञों, मीडिया प्रतिनिधियों, कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स और शिक्षाविदों की उपस्थिति में आयोजित होगा। सम्मेलन के दौरान जनसंपर्क के बदलते परिदृश्य, डिजिटल मीडिया की भूमिका और लोक-संचार के नए आयामों सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य जनसंपर्क के क्षेत्र में नवीन प्रयोगों और सफल पहलों को साझा करना है, ताकि भविष्य के भारत के लिए एक सशक्त और संवेदनशील जनसंपर्क तंत्र तैयार किया जा सके।

विमोचन कार्यक्रम में पीआरएसआई देहरादून चौप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनियां, सचिव अनिल सती, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र भट्ट, सदस्य अनिल वर्मा, वैभव गोयल, संजय पांडे, नवीन कंडारी, दीपक नौटियाल, सुशील सती, सुनील राणा आदि उपस्थित रहे।

# दून के निजी अस्पताल में महिला की मौत के मामले में आयोग ने लिया संज्ञान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिस पर उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने स्वत: संज्ञान लिया है। मामले में डालनवाला क्षेत्र के आराघर स्थित मदर केयर सेंटर (सिंह आई हॉस्पिटल) पर 26 वर्षीय महिला की मौत के बाद गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। मृतका के परि. जनों ने अस्पताल परिसर में शव रखकर जमकर हंगामा किया और अस्पताल प्रशासन पर हत्या जैसी लापरवाही का आरोप लगाया।

मिली जानकारी के अनुसार, ज्योति प्रज्वल (26) निवासी लखीबाग ने 29 जनवरी को मदर केयर अस्पताल में ऑपरेशन के जरिए बेटे को जन्म दिया था। डिलीवरी के चार दिन बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। लगभग दस दिन बाद ज्योति के पेट में दर्द शुरू हुआ, लेकिन जांच के बावजूद डॉक्टर कोई स्पष्ट कारण नहीं बता पाए। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोबा. रा उन्हें उसी अस्पताल में भर्ती कराया, जिसके बाद ज्योति को ग्राफिक एरा अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि ज्योति के पेट में सर्जरी के दौरान इस्तेमाल की गई पट्टी रह गई थी, जिससे गंभीर संक्रमण फैल गया और उस कारण से पीड़िता की मौत हो गई।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने मामले में स्वत: संज्ञान लिया है उन्होंने सीएमओ देहरादून मनोज शर्मा को फोन पर वार्ता करते हुए कार्रवाई के एवं जांच के निर्देश दिए हैं जिस पर सीएमओ मनोज शर्मा ने बताया कि उन्होंने तत्काल प्रभाव से सिंह आई हॉस्पिटल एवं मदर केयर सेंटर का लाइसेंस जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाते हुए संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि मीडिया में आई खबरों के माध्यम से स्वत: संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) देहरादून डॉ. मनोज शर्मा से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है। यदि एक महिला की मृत्यु अस्पताल की लापरवाही के कारण हुई है, जो कि निंदापूर्ण है। आयोग द्वारा एक विशेष जांच टीम गठित की जाएगी जो पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करेगी। दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।" मामले में फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर जांच जारी है और महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा है कि महिला आयोग व सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। इस प्रकरण के हर दोषी के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# 31 दिसम्बर तक शत प्रतिशत बूथ कमेटियां गठित करने का लक्ष्य: कांग्रेस

**देहरादून।** उत्तराखंड में कांग्रेस संगठन को आगामी विधानसभा चुनावों 2027 के लिए पूरी तरह मुस्तैद करने की योजना प्रदेश कांग्रेस ने बना ली है, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने आगामी दो महीनों के लिए पार्टी के संगठन सृजन को बूथ स्तर तक पहुंचाने की योजना तैयार की है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि प्रदेश के सभी 27 संगठनात्मक जिलों के पुनर्गठन की घोषणा होते ही नए जिला अध्यक्षों का काम अपने जनपदों के ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को सक्रिय करना व जहां कमेटियां निष्क्रिय हैं उनको पुनर्गठित करना होगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य हर हाल में एक सप्ताह में पूरा कर सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति 15 नवंबर तक कर आगामी 31 दिसंबर तक राज्य की सभी 70 विधानसभाओं में शत प्रतिशत बूथ कमेटियों के गठन का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

# विशाल सैन्यधाम का लोकार्पण जल्द : जोशी



■ सैनिक कल्याण मंत्री ने किया सैन्यधाम का निरीक्षण, कहा - 9 नवंबर को प्रधानमंत्री के उत्तराखंड दौरे के दौरान सैन्यधाम का लोकार्पण भी प्रस्तावित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के गुनियालगांव स्थित निर्माणाधीन सैन्यधाम पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मीडिया से बातचीत के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री ने बताया कि 09 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्भावित उत्तराखण्ड दौरे के मौके पर सैन्यधाम का लोकार्पण भी प्रस्तावित है।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैनिकों के सम्मान में विशाल सैन्यधाम जल्द बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि यह सैन्य धाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना और धामी सरकार के संकल्प का परिणाम है, जिसे पूरा करने का सौभाग्य उन्हें मिला है। देशभर में विभिन्न स्मारकों का अध्ययन करने के बाद सैन्यधाम को सबसे बेहतर बनाया है। उन्होंने बताया कि भारत की सेना में दो सैनिकों की पूजा होती है, जिनमें बाबा हरभजन सिंह और बाबा जसवंत सिंह है। सैन्य धाम में एक म्यूजियम, थियेटर और लाइट एंड साउंड शो की व्यवस्था होगी, जिसके माध्यम से शहीदों की वीरता के चित्र और गाथाएं प्रदर्शित की जाएंगी। मंत्री जोशी ने कहा कि लोकार्पण के बाद जिस प्रकार लोग चार धाम के दर्शन करने जाते हैं, वैसे ही लोग हमारे वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने और उनकी गाथा जानने के लिए सैन्यधाम को देखने जरूर आएंगे। निरीक्षण के दौरान नक्षत्र वाटिका की स्थापना सहित अन्य निर्माण कार्यों को प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान सैनिक कल्याण विभाग के सचिव दीपेन्द्र चौधरी, जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया मेजर जनरल एमपीएस गिल, डिप्टी जीओसी बिग्रेडियर राम सिंह थापा, पूर्व जीओसी मेजर जनरल सम्मी सभरवाल (सेनि), अपर सचिव एवं निदेशक सैनिक कल्याण श्याम सिंह सहित सैनिक कल्याण विभाग, पेयजल विभाग, प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 15 नवम्बर से गूंजेगा जंगल सफारी का रोमांच

■ खुलने जा रहें हैं राजाजी नेशनल पार्क के द्वार
500 से अधिक हाथी, 12 बाघ, और 250 तेंदुओं का है यहां संसार
हाथियों और बाघों का घर बना राजाजी नेशनल पार्क



**प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** जंगल सफारी का रोमांच भरा सफर करने की हसरत रखने वालों के लिये अच्छी खबर है। 830 वर्ग किलोमीटर में फैला राजाजी नेशनल पार्क पर्यटकों के लिये 15 नवंबर से खुलने जा रहा है।

राजाजी नेशनल पार्क राज्य की सबसे प्रसिद्ध वन्य धरोहरों में से एक है।

यहां 500 से अधिक हाथी, 12 बाघ, और 250 तेंदुए पाए जाते हैं। इसके अलावा चित्तीदार हिरण, सांभर, जंगली सूअर, हिमालयी काला भालू और स्लॉथ भालू जैसे दुर्लभ वन्यजीव भी यहां आमतौर पर देखे जा सकते हैं।

### हाथियों की मौतों पर चिंता

सफारी सीजन ऐसे समय में शुरू हो रहा है जब हरिद्वार क्षेत्र में हाथियों की लगातार मौतों ने वन्यजीव संरक्षण पर सवाल खड़े किए हैं। कभी ट्रेन से टकराने पर, तो कभी बिजली के करंट से बीते महीनों में कई हाथियों की मृत्यु दर्ज की गई है। वन विभाग ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए विशेष निगरानी टीमों का गठन किया है और हाथियों के गलियारों को सुरक्षित करने की दिशा में काम तेज किया है।

### हजारों सैलानी लुत्फ उठाने के लिए पहुंचेंगे

वन विभाग ने घोषणा की है कि राजाजी नेशनल पार्क 15 नवंबर से 15 जून तक पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। हर साल की तरह इस बार भी हजारों देशी-विदेशी सैलानी जंगल सफारी का लुत्फ उठाने यहां पहुंचेंगे। राजाजी नेशनल पार्क के निदेशक कोको रोसो ने बताया कि सभी सफारी ट्रैकों और गेटों की मरम्मत का कार्य 31 अक्तूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इस बार पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने की तैयारी है। सफारी वाहन स्वामी 25 अक्तूबर तक आवेदन फार्म पार्क की वेबसाइट पर या प्रधान कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर तय की गई है।

### 200 से अधिक स्थानीय लोगों को मिलता है रोजगार

राजाजी पार्क में चार प्रमुख रेंजों में सफारी संचालित की जाएगी, जिसमें चिल्लावाली रेंज 30 किमी, हरिद्वार रानीपुर रेंज 24 किमी, मोतीचूर रेंज 22 किमी व चीला रेंज 36 किमी शामिल है। इन रेंजों में हर दिन सैकड़ों पर्यटक जीप सफारी के माध्यम से जंगल के बीच जंगली जीवन का रोमांचक अनुभव लेते हैं। सफारी से हर साल एक करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है और 200 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है।

पक्षी प्रेमियों के लिए यह किसी स्वर्ग से कम नहीं। पार्क में 400 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें मोर, हॉर्नबिल, बुलबुल, किंगफिशर और कई हिमालयी पक्षी शामिल हैं।

# युवाओं की मांग पूरी हुई तो, खुद को ठगा पाकर बौखलाई कांग्रेस: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि नकल मामले मे युवाओं की मांग पूरी होने पर हताश और निराश कांग्रेस बौखला गयी है। अब वह युवाओं से ही सवाल पूछने लगी है जो कि पूरी तरह से कांग्रेस मे हताशा का संकेत है।चौहान ने कहा कि एक ओर कांग्रेस सीबीआई जांच के बारे मे युवाओं से सवाल कर अपनी भड़ास निकाल रही है तो वहीं मुद्दे के समाधान ने बजाय राजनीतिकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि सच यह है कि कांग्रेस युवाओं के इस मुद्दे के समाधान ही नही चाहती थी। सीबीआई जांच की मांग हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से कराने, पेपर स्थगित करने की मांग जैसे ही पूरी हुई तो जैसे उसे सांप सूंघ गया।

चौहान ने कहा कि युवाओं की मांग पूरी होते ही कांग्रेस ने नया राग अला. पना शुरू कर दिया है। हालांकि आंदोलन कर रहे युवाओं ने सीएम द्वारा दी गयी संस्तुति को सराहनीय पहल बताते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया, लेकिन कांग्रेस को यह भी हजम नही हुआ। अब वह उन मांगों मे मीन मेख निकालने मे जुटी है और यह जनता बेहतर जानती है।चौहान ने कहा कि विधायकों के न तो सरकार के कामकाज और न ही व्यवस्था पर सवाल उठाया है।चौहान ने कहा कि वरिष्ठ विधायक विसन सिंह चुफाल ने भी एक दीवार को लेकर अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाया। लेकिन कांग्रेस इसे सरकार को लेकर वातावरण बना रही है। उन्होंने कहा कि पक्ष और विपक्ष के हर विधायक को जन हित मे अपनी बात रखनी चाहिए और इसे राजनैतिक चश्मे से नही देखा जाना चाहिए।

# कपाट बंद होने का मतलब अगले चरण की तैयारी: महाराज

■ अब शीतकालीन पूजा स्थल पर होगी मां गंगा की पूजा-अर्चना
चारों धामों में अब तक 4946576 यात्रियों ने किये दर्शन



**प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन व धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि अन्नकूट और गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा की विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद गंगोत्री मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की पूजा-अर्चना अब शीतकाल. ीन गद्दीस्थल मुखबा में होगी।

महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा से उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे शीतकालीन यात्रा के दौरान मुखबा, खरसाली, ऊखीमठ और जोशीमठ में मां गंगा, यमुना, भगवान केदार और बद्री विशाल के दर्शन करके पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने माँ गंगा से सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति और उन्नति की कामना की है। उन्होंने कहा कि कपाट बंद होना यात्रा के अगले चरण की तैयारी को दर्शाता है और उन्होंने माँ गंगा से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद हम सब पर बना रहे।

महाराज ने कहा कि गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद कार्तिक शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि 23 अक्टूबर गुरुवार को भाई दूज के पर्व पर मां यमुना के पावन मंदिर यमुनोत्री धाम के कपाट भी बंद हो जाएंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि है वह शीतकालीन यात्रा के दौरान मुखबा, खरसाली, ऊखीमठ और जोशीमठ में मां गंगा, यमुना, भगवान केदार और बद्री विशाल के दर्शन करके पुण्य लाभ अर्जित करें। पर्यटन मंत्री ने बताया कि अभी तक यमनोत्री धाम में 644366, गंगोत्री धाम में 757762, केदारनाथ धाम में 1745065 और बद्रीनाथ धाम में 1524942 यात्रियों सहित चारों धामों में कुल 4946576 यात्रियों ने चारधाम के दर्शन किए हैं। तीनों धामों के कपाट बंद होने तक यह आंकड़ा 50 लाख पार पहुंच जायेगा।

# सपा की सोच में ही अंधेरा: बीजेपी

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव और आजम खां के दीपावली को लेकर दिए गए विवादित बयान पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने दोनों के बयान को विकृत मानसिकता का करार दिया है। चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव और आजम खान के ये बयान देश के बहुसंख्यक समाज की आस्था के प्रति उनका जो दृष्टिकोण है ये प्रदर्शित करता है। सपा के लोग हिंदू धर्म और सनातन विरा. धी हैं। अखिलेश यादव की सोच में अंधेरा है। उनके बयानबा. जियों से यह दिखता भी है। समाजवादी पार्टी दीपों की रोशनी में अंधेरा ढूंढने का काम कर रही है। ये बयान न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि भाजपा इसकी घोर निंदा करती है। उन्होंने आगे कहा कि ये बयान बहुसंख्यक समाज को अपमा. नित करने वाले हैं।

# विशेष सत्र महत्वपूर्ण, दलगत राजनीति से रखें ऊपर: भट्ट

■ राज्य की प्रगति और उपलब्धियों पर होगी सकारात्मक चर्चा, नकारात्मक रुख से बचें विपक्ष : भाजपा
कहा - हरदा गैरसैण की चिंता करते तो उनके विधायक वहां सदन में सोते नहीं मिलते



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने रजत जयंती वर्ष पर आयोजित विशेष सत्र को बहुत महत्वपूर्ण, गौरवशाली और गरिमामय बताते हुए, दलगत राजनीति से ऊपर रखने का आग्रह किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, सत्र में हम इन 25 वर्षों में राज्य की प्रगति और उपलब्धियों पर विमर्श करने वाले हैं। लिहाजा राजनैतिक आलोचनाओं के लिए अन्य बहुत सत्र मिलेंगे। अन्यथा गैरसैण में सत्र की चिंता करने वालों को वहां सदन में सोते भी प्रदेश ने देखा है।

विभिन्न माध्यमों द्वारा पूछे गए मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा, वर्ष 2000 से लेकर अब तक राज्य की तरक्की और खुशहाली में सभी राजनैतिक दलों और उनकी सरकारों ने भूमिका निभाई है। जिसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान प्रदेशवासियों का रहा है और उनकी इसी भावनाओं का प्रकटीकरण विशेष सत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। यह दो दिन का सत्र ऐसा गौरवशाली और गरिमामई मंच भी होगा, जिसमें राज्य के अब तक के सफर की उपलब्धियों की चर्चा होगी। साथ ही विकास एवं जनकल्याण के मुद्दों पर नीतिगत विमर्श से निष्कर्ष निकालने का प्रयास किया जायेगा कि आगे क्या और बेहतर किया जा सकता है। लिहाजा सत्र के दौरान परंपरा अनुसार सभी सदस्यों को दलगत राजनीति से ऊपर उठते हुए प्रदेश हित की चर्चा में प्रतिभाग लेना चाहिए।

उन्होंने सत्र को लेकर विपक्षी नेताओं की बयानबाजी को निराशा. जनक बताते हुए, अपने नकारात्मक रवैए पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। वहीं तंज किया कि उनके पूर्व सीएम, जो गैरसैण में विशेष सत्र कराने की चिंता कर रहे हैं, क्या उन्होंने अपने विधायकों को वहां सदन के अंदर कम्बल ओढ़कर सोते हुए टीवी पर नहीं देखा था। जो तमाम राजनीतिक विषय, विशेष सत्र में उठाने की बात नेता प्रतिपक्ष कर रहे हैं, वह सब वह हमेशा उठाते रहते हैं। इन्हीं मुद्दों पर दो विधानसभा और दो लोकसभा समेत अनेकों चुनाव संपन्न हो चुके हैं और जनता का निर्णय सबके सामने है।

लिहाजा बेहतर है कि ऐसे तमाम नकारात्मक विषय, विपक्ष अन्य सत्रों में उठाए। उन्होंने आग्रह किया कि इस सत्र में सभी पक्षों द्वारा सकारात्मक चर्चा की जाए और रजत जयंती की गरिमा बरक. रार रखते हुए इसमें राज्य के भविष्य आधारित मानक निर्धारित किए जाएं।

# अर्पित अग्रवाल मर्डर केस ने फिर से तूल पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बहुचर्चित अर्पित अग्रवाल मर्डर केस ने फिर से तूल पकड़ लिया है। भाजपा के पूर्व नेता व उद्योगपति पर हत्या कराने का

■ **मां व पत्नी ने सीएम से लगाई सीबीआई जांच की गुहार**

आरोप लगाते हुए मृतक की मां व पत्नी ने मुख्यमंत्री से सीबीआई जांच कराये जाने की मांग की है। सोशल मीडिया पर मृतक की पत्नी व माता का वीडियो वायरल होने से मामला सुर्खियों में आ गया है। रामनगर रोड स्थित चामुंडा विहार कालोनी निवासी राईस मिलर अर्पित अग्रवाल की 17 जून 2014 की रात लगभग पौने दस बजे कुछ दबंगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। तब वह बाजपुर रोड से घर कार से अकेले जा रहे थे। इस घटना की परिजनों द्वारा जांच की मांग करने पर एसआईटी जांच कराई गई थी। एसआईटी की रिपोर्ट लगने के बाद यह मामला फाइल कैद होकर रह गया था। इस बीच परिजनों ने कांग्रेस सरकार में सीएम रहे हरीश रावत से सीबीआई जांच की मांग की थी लेकिन जांच नहीं हुई। पत्नी व मां ने भाजपा के पूर्व नेता व उद्योगपति अनूप अग्रवाल व उसके साथियों पर हत्या कराने का आरोप लगाया था। उधर, अब एक बार यह मामला दोबारा से चर्चाओं में आ गया है। मृतक अर्पित अग्रवाल की माता पुष्पा अग्रवाल व पत्नी रुपाली अग्रवाल का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उद्योगपति अनूप अग्रवाल व उसके साथियों पर हत्या कराने समेत कई गंभीर आरोप लगा रही हैं। उनका कहना है कि अर्पित अग्रवाल की मौत के कुछ दिनों बाद अनूप अग्रवाल उनके घर आया था और परिजनों को धमकी दी थी कि तुम्हारे दोनों बेटों और तुम दोनों को खत्म कर दूंगा। साथ ही आरोप लगाया कि उनकी सारी जमीन अनूप अग्रवाल ने हड़प ली है। रुपाली अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध में पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत से भी गुहार लगाई थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अर्पित अग्रवाल के परिजनों को अब तक न्याय नहीं मिलने पर पत्नी व मां ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने और उनके परिवार को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। बताया जाता है अनूप अग्रवाल परिवार सहित लंबे समय से शहर से गायब है। वहीं अनूप अग्रवाल पर लगभग दो साल पहले लोहा व्यापारी प्रतीक अग्रवाल से रंगदारी मांगने का मामला भी चर्चाओं में रहा था, जो कि न्यायालय में विचाराधीन है।

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर में 11665 का प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में पंजीकरण के बाद भी प्रवेश को लेकर विद्यार्थी रूचि कम दिखा रहे है। इस बार विवि में पिछले बार के अपेक्षा करीब 30 फीसदी विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया। वहीं, विवि के अधीन चम्पावत परिसर में इस बार सबसे कम 488 प्रवेश हुए। एसएसजे विवि अल्मोड़ा के अधीन चार और 36 महाविद्यालय आते हैं। इस बार स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए 16 हजार 254 ने पंजीकरण कराया। लेकिन पंजीकरण के बाद भी कई विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया। पंजीकरण के बाद 11665 ने प्रवेश लिया। जबकि चार हजार 589 विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया। जिसमें अल्मोड़ा परिसर में 1522, चंपावत परिसर में 488, बागेश्वर कैंपस में 672 और सबसे अधिक पिथौरागढ़ परिसर में 2579 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। इसके अलावा अन्य महाविद्यालयों में 6404 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। समर्थ पोर्टल के नोडल अधिकारी डा. मनोज बिष्ट ने बताया कि 11665 विद्यार्थियों ने इस बार स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिया है।

## स्नाकोत्तर में 2317 ने लिया प्रवेश

स्नकोत्तर में इस बार 5502 ने प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया। लेकिन 2317 विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया। जिसमें अल्मोड़ा कैंपस में 484, चंपावत परिसर में 121, बागेश्वर कैंपस 216, पिथौरागढ़ 546 और अन्य महाविद्यालयों में 950 ने प्रवेश लिया।

## एक नजर

### कूड़ा गाड़ी में लगी आग, पाया काबू

**बागेश्वर।** नगर में तहसील रोड में कूड़े की वाहन में आग लगने की सूचना पर फायर टीम की त्वरित कार्यवाही करते हुए आग पर काबू पाया। हालांकि की कुछ और देर होती तो वाहन पूरी तरह जल सकता था। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी एफएसओ गोपाल सिंह रावत ने बताया कि नगर क्षेत के तहसील रोड में कूड़े की खड़ी गाड़ी में रखे कूड़े पर आग लगने से आसपास हड़कम मच गई। लोगों ने घटना की सूचना फायर टीम को दी। इस दौरान तत्काल मौके पर पहुंचे फायर की टीम ने वाटर टेंडर से पानी के प्रेसर से आग पर नियंत्रण कर आग को फैलाने से रोका। हालांकि कुछ देर और होने पर पूरी गाड़ी आग के हवाले हो सकती थी, जिससे आस पास के घरों में आग लगने की संभावना बन सकती थी। टीम में केदार सिंह, चालक जगदीश सिंह, प्रकाश राम, दीपक दानू, नीरज सिंह, अनिकेत, अंजना, रीता राणा, काजल, रश्मि, लोकेश, हिना शामिल थे।

### आपदा प्रभावितों के साथ दीपावली मनाई

**बागेश्वर।** जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी मंगलवार को खील व बताशे लेकर आपदा प्रभावित गांव पौंसारी पहुंचे। वहां आपदा प्रभावितों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने कहा कि इस बार मानसून काल में इस गांव में बड़ी आफत बरसी है। लोग आज भी सहमे हुए हैं। उन्होंने सरकार ने आपदा प्रभावितों को जल्द से जल्द विस्तापित करने की मांग की। इस दौरान नानकन्यालीकोट जिलापंचायत सदस्य बलवंत राम, क्षेत्र पंचायत सदस्य जसोद राम, हरीश कुमार, हरीश जोशी, पनी राम, मंगल राम भी उनके साथ गांव पहुंचे।

### दीपावली पर काशीपुर डिपो हुआ मालामाल

**काशीपुर।** पांच दिवसीय त्यौहारी श्रृंखला को लेकर काशीपुर डिपो को दस लाख रुपये प्रतिदिन आय करने का लक्ष्य दिया गया था। पिछले चार दिनों की बात करें तो डिपो ने केवल दो दिन में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इन चार दिनों में डिपो ने 41.32 लाख रुपये की कमाई की। दीपावली को देखते हुए बीती 16 अक्टूबर से दिल्ली रूट पर चार से पांच अतिरिक्त बसें चलाई जा रहीं थीं। अतिरिक्त बसों के संचालन और पहाड़ जाने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए डिपो ने चार दिनों में बेहतर प्रदर्शन किया। डिपो ने दो दिन में ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। बताया गया कि शुक्रवार को दिल्ली से पहाड़ जाने वाले यात्रियों का सिलसिला जारी रहा, यानी वापसी में सभी बसें पैक होकर आएंगी। अधिकतर यात्री पहाड़ के होने की वजह से अतिरिक्त बसों को लगाया गया था। वरिष्ठ केंद्र प्रभारी अनवर कमाल ने बताया कि 17 अक्टूबर को 8.80 लाख, 18 और 19 अक्टूबर को 11.60 लाख रुपये और 20 अक्टूबर को 9.30 लाख रुपये की आय हुई। त्योहार के बाद पहाड़ से लौटने वाले यात्रियों के आने के बाद भी कमाई में इजाफा होने की उम्मीद है।

### श्याम सेवक मंडल की निशान यात्रा 25 को

**काशीपुर।** श्री श्याम सेवक मंडल के तत्वावधान में आगामी शनिवार 25 अक्टूबर को काशीपुर में भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। सत्यम पैलेस रोड वैशाली कालोनी में विशाल संकीर्तन का आयोजन भी होगा। संस्था सचिव सुरेंद्र अरोरा ने बताया कि आगामी शनिवार को दोपहर एक बजे बाबा की निशान यात्रा द्रोणासागर से होते हुए वैशाली कालोनी स्थित सत्यम पैलेस में संपन्न होगी। सायंकाल सात बजे से सत्यम पैलेस रोड वैशाली कालोनी में एक विशाल संकीर्तन होगा, जिसमें मुंबई से नम्रता कारवा, दिल्ली से अंकित आशीष, मुरादाबाद से नागेंद्र सूर्यवंशी और काशीपुर से दिशा अरोरा अपनी भक्ति सुरों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

### चितई, जागेश्वर में पूजा कर खुशहाली की कामना

**अल्मोड़ा।** गोवर्धन पूजा के मौके पर चितई मंदिर और विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में बड़ी संख्या में लोग दर्शन को पहुंचे। यहां पर लोगों ने पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। पर्व पर देर शाम तक लोगों की मंदिरों में भीड़ लगी रही। दीपावली पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर के मंदिरों के अलावा न्याय देवता गोलू देवता चितई मंदिर और विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। देश के अन्य हिस्सों से भी लोग यहां पूजा अर्चना करने आए। अल्मोड़ा निवासी मनीष खाती ने कहा कि वह परिवार की खुशहाली के लिए मंदिर में पूर्जा अर्चना करने पहुंचे। दिल्ली निवासी सागर सिंह ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ यहां पर समय-समय पर बाबा जागेश्वर के दर्शन करने पहुंचते हैं।

### आतिशबाजी के दौरान 5 लोग झुलसे

**अल्मोड़ा।** दीपावली के उल्लास के बीच जिले में हादसे की भी खबर है। सोमवार और मंगलवार देर रात जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पटाखों की चपेट में आने से 5 लोग झुलस गए। झुलसे हुए लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह सावधानी बरतें और बच्चों को अकेले पटाखे नहीं जलाने दें। इधर, जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने बताया कि झुलसे हुए लोगों के हाथ, चेहरा और पैर सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

# गोवंश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में गोवर्धन पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पशुपाल. कों ने विधि विधान से गोवंश की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की।



दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। महालक्ष्मी पूजा के बाद बुधवार को जिलेभर में गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण इलाकों मे लोगों ने परंपरा के अनुसार गाय को नहलाने के बाद उसे टीका लगाया, फूलों की माला पहनाई और आरती उतारी। इसके बाद गाय के शरीर में चावल के आटे के ठप्पे लगाए। इस दौरान गो माता को विशेष प्रकार का पकवान परोसा गया। वहीं, घरों में देर शाम गोवर्धन पूजा के दिन विभिन्न तरह के पकवान बनाए गए।

## विभिन्न मंदिरों में बांटा गया अन्नकूट प्रसाद

**काशीपुर।** पांच दिवसीय दीपावली पर्वों की श्रृंखला के अंतर्गत बुधवार को सभी घरों में विधिविधान से गोर्वधन पूजा की गई तथा नगर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट प्रसाद वितरित किया गया। नगर के लगभग सभी प्रमुख मंदिरों पर आज प्रातः से भगवान श्रीकृष्ण व गोर्वधन पर्वत की पूजा-अर्चना की गई और इसके बाद भगवान को भोग लगाने के बाद अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। मौहल्ला लाहोरियान स्थित मां मनसा देवी मंदिर, मुल्तानी ढाल पर स्थित शिव मंदिर, शफियो की धर्मशाला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, मेन बाजार स्थित शिव मंदिर, मौहल्ला ओझान स्थित चारोधाम शिव मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों पर अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया।

# दो दिन धूमधाम से मनाई दीपावली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में दीपावली की धूम दो दिनों तक चलती रही। लोगों ने खूब हर्षोल्लास के साथ दीपावली मनाई दीपावली की मिठाई, रंगोली और बधाइयां दो दिनों तक अनवरत चलती रही और रात में खूब बम-पटाखों के साथ पूरे शहर में धुआंधार आतिशबाजी चलती रही सुबह-सुबह शांत स्वच्छ बागेश्वर की घाटी धुएं के आगोश में नजर आयी। शांत ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी आतिशबाजी में पीछे नहीं रहे गांव में भी आतिशबाजी ने जमकर धुआं उगला इस बार बाजार भी काफी दिनों तक गुलजार रहे लोगों ने जमकर खरीदारी की और फिर दीपावली के बाद गोवर्धन



पूजा के दिन अपनी पुरातन परंपरा को जीवित रखते हुए बहनों ने उखल में चूड़े कूटे जिन्हें बहने भैयादूज के दिन अपने भाइयों को चढ़ाएंगी और उनकी दीर्घायु की कामना करेंगी यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है जिसे हमारी ग्रामीण संस्कृति ने आज भी संजोकर रखा है जिसका जीता उदाहरण ग्राम पंचायत चामी में नजर आया और ग्रामीणों को पूर्व ग्राम प्रधान महीप पांडे और प्रधान हेमा ने ग्रामीणों को दिवाली की बधाई देते हुए इस परंपरा को सुरक्षित रखने के लिए उनकी सराहना की। इस मौके पर सामा. जिक कार्यकर्ता सुंदर लाल, दीपा पांडे, गायत्री पांडे, दिव्या पांडे, हितेश पांडे, रिद्धि पांडे, रुचि पांडे नितेश पांडे सामाजिक मौजूद थे।

## डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं: एसएसपी

**अल्मोड़ा।** साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, ऐसे में हर नागरिक को सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने सफ़ किया कि डिजिटल अरेंस्ट जैसी कोई चीज नहीं होती। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लिंक, मैसेज या कॉल आने पर तुरंत सावधानी बरतें और किसी भी तरह का लेन-देन करने से पहले उसकी पुष्टि कर लें। साथ ही, अगर कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो तुरंत नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें, ताकि कार्रवाई की जा सके।

# काशीपुर में खौफ का पर्याय बने आवारा मवेशी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर में इन दिनों लावा. रिस गौवंशीय पशु व आवारा कुत्तों की संख्या सड़कों पर बहुत ज्यादा बढ़ गयी है। कुत्तों व सांडों ने राहग. ीरों का सड़क से गुजरना मुश्किल कर रखा है। लोगों ने नगर निगम व प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही इन आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाये।

नगर में लावारिस गौवंश की संख्या इन दिनों इतनी ज्यादा बढ़ गयी है कि जहां भी सड़कों पर देखों ये जानवर आड़े-तिरछे खड़े रहते हैं। जहां एक ओर सड़क से निकलने वालों वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर पैदल चलने वालों के लिए भी ये कम मुसीबत खड़ी नहीं कर रहे।



इन जानवरों के हमलों से आये दिन लोग घायल हो रहे हैं और समय-समय पर सांड के हमले में जान जाने के समाचार भी सामने आते रहते हैं। ऐसे में लोगों के अंदर और ज्यादा खौफ पैदा हो जाता है। बाजार में भी लावारिस जानवर बड़ी संख्या में नजर आते हैं। इनके बाजार में आपस में भिड़ जाने से कई बार भगदड़ की स्थिति पैदा हो जाती है। ये लावारिस पशु सड़कों पर जगह-जगह गोबर कर गंदगी फैलाकर स्वच्छ भारत अभियान की भी धज्जियां उड़ा रहे हैं। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि इन आवारा पशुओं पर नियंत्रण करने के लिए इन पशु मालिकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये तथा आवारा पशुओं को गौशाला में बंद किया जाये। उधर आवारा कुत्तों के द्वारा महिलाओं खासकर बच्चों पर हमला करने की घटनाएं भी बड़ी मात्रा में सामने आ रही हैं। सोशल मीडिया पर आये दिन ऐसे वीडियो सामने आते हैं जिसमें ये आवारा कुत्ते झुंड के रूप में छोटे बच्चों पर हमला कर रहे होते हैं, ऐसे में बच्चों को लेकर परिजनों का दहशत में आना लाजमी है। स्कूल या ट्यूशन जाने वाले बच्चों को तो इन अवारा कुत्तों व जानवरों से कुछ ज्यादा ही परेशानी होती है। क्योंकि सुबह के समय रोड पर ज्यादा भीड़ तो होती नहीं हैं। ऐसे में स्कूल व ट्यूशन जाने वाले बच्चे अगर रास्ते में कुत्ते या सांड को खड़ा देखते हैं तो वह बुरी तरह सहम जाते हैं, और दूर खड़े किसी के आने का इंतजार करते हैं जिसके साथ वह उस जानवर के पास से गुजर सकें। सिर्फ बच्चे ही नहीं आवारा कुत्ते बड़े लोगों को भी काट कर लहूलुहान कर रहे हैं। आवारा कुत्तों की दहशत इतनी बढ़ गई है कि अब सुप्रीम कोर्ट ने भी सभी नगर निगमों को इनका बधियाकरण करने व टीके लगाने का आदेश दे दिया है। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि शीघ्र ही इन सभी आवारा कुत्तों का बधियाकरण किया जाये ताकि इनकी बढ़ती संख्या पर रोक लग सके।

# पाटिया गांव में 35 मिनट चला पाषाण युद्ध, तीन वीर घायल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड हवालबाग और ताकुला ब्लॉकों की सीमा पर स्थित विजयपुर पाटिया गांव में बुधवार को गोवर्धन पर्व पर चार गांवों की एकता का प्रतीक बग्वाल संपन्न हुई। इस बार 35 मिनट तक चले पाषाण युद्ध में तीन बग्वालीवीर मामूली रूप से घायल हुए। युद्ध में चार गांवों के 100 से अधिक वीर शामिल हुए। दोनों ओर से हो रही पत्थरों की बारिश के बीच कसून-कोट्यूड़ा के रणजीत सिंह ने पंचघटिया नदी का पानी सबसे पहले पीकर बग्वाल जीत ली। इस अनोखे पाषाण युद्ध में पाटिया, भटगांव के बग्वालीवीर पंचघटिया नदी के एक तरफ जबकि कसून और कोटयूडा गांव के वीर दूसरी तरु से बग्वाल में शामिल हुए। पाषाण युद्ध में तीन बग्वाली वीरों को मामूली चोट आई है। इसमें कसून-कोट्यूड़ा के रणजीत सिंह के बग्वालीवीर रणजीत सिंह ने पंचघटिया नदी का पानी सबसे पहले पी लिया और बग्वाल जीत ली। जैसे ही उन्होंने पानी पीया शंख ध्वनि के साथ पत्थरों की बरसात रुक गई। पत्थरों की बग्वाल में दो-दो गांव के बग्वालीवीर एक दल में शामिल होकर दूसरे दल पर जमकर पत्थर बरसाते हैं। जो भी



दल का सदस्य सबसे पहले नदी में उतर का पानी पी लेता है। उस दल को विजयी घोषित किया जाता है। वहीं, पिछले साल पाटिया-भटगांव गांव के बग्वालीवीरों ने बग्वाल जीती थी।

### गोवर्धन पूजा के दिन खेलते हैं बग्वाल

विजयपुर पाटिया में गोवर्धन पूजा के दिन बग्वाल खेली जाती है। एक दल के बग्वालीवीर दूसरे दल के बग्वालीवीरों पर पत्थर फेंककर उन्हें नदी में उतरने से रोकने की पूरी कोशिश करते हैं। पत्थरों से बचकर बग्वालीवीरों को विजयी होने के लिये नदी में जाकर पानी पीना पड़ता है। इस बार 35 मिनट तक दोनों ओर से बग्वालीवीरों को पानी पीने से रोकने को पत्थर बरसते रहे। कसून-कोट्यूड़ा के बग्वालीवीर ने सबसे पहले पानी पीकर बग्वाल जीत ली। युद्ध खत्म होते ही दोनों दलों ने एक दूसरे के गले मिलकर अगले बरस फिर मिलेंगे की बात कहते हुए विदाई ली।

### ढोल-नगाड़ों के नाद पर चला बग्वाल युद्ध

विजयपुर पाटिया गांव में बुधवार को बग्वाल युद्ध ढोल नगाड़ों के नाद पर हुआ। ढोल नगाड़ों के बीच बग्वालीवीरों में भी जोश भरते रहा। युद्ध स्थल पर ही मिट्टी लगाकर घायलों का उपचार किया जाता है। विजयपुर पाटिया में बग्वाल के दौरान घायल होने वाले बग्वालीवीरों का उपचार भी स्थानीय स्तर पर किया जाता है।

## 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' थीम पर फ्रीडम रन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बुधवार को सशस्त्र सीमा बल के क्षेत्रक मुख्यालय के कार्मिकों ने बुधवार को 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' थीम पर फ्रीडम रन का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएसबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ के दौरान कार्मिकों ने शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छ रहे भारत, स्वस्थ रहे भारत के नारे लगाए। कार्यवाहक कमांडेंट बीसी जोशी ने बताया कि फ्रीडम रन का उद्देश्य लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी है, बल्कि यह स्वस्थ समाज की नींव भी है।

# दतिया धाम में 27 अक्टूबर को मां बगलामुखी महायज्ञ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** दतिया धाम में सत्य साधक गुरुजी द्वारा 36 दिवसीय निराहार साधना पूरी होने के उपलक्ष्य में 27 अक्टूबर को मां बगलामुखी महायज्ञ और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पीतांबरा पीठ के पास स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर में आयोजित होगा, जहां देशभर से श्रद्धालु भाग लेंगे। गौरतलब है कि सत्य साधक विजेंद्र पांडे गुरुजी ने 22 सितंबर को यहां मां पीतांबरी की 36 दिवसीय साधना शुरू की थी। महायज्ञ में श्रद्धालु भगवान की पूजा अर्चना करेंगे और फिर विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नेपाल समेत अन्य राज्यों के भक्तजन शामिल होंगे। इस आयोजन में प्रमुख अतिथियों के रूप में गुजरात से राज नारायण शुक्ला, लखनऊ से पीपी पांडे, बलरामपुर से अजीत चौधरी, बहराइच से संजीव शर्मा, मथुरा से राकेश राजपूत, झांसी से प्रणव चचौंधिया, उत्तराखंड से हेमवती नंदन दुर्गापाल सहित अन्य कई प्रमुख व्यक्ति भी उपस्थित होंगे।



# नैनीताल में पर्यटकों की आवक बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लंबे समय बाद सरोवर नगरी नैनीताल में फिर से रौनक लौट आई है। दीपावली पर्व से शहर के पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार नजर आए, अगले कुछ दिनों तक पर्यटकों की आमद जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि आटम सीजन को शुरू हुए करीब 20 दिन बीत चुके हैं लेकिन इस दौरान पर्यटकों की संखया कम रही थी। मानसून में उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में आई आपदाओं से पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। अब त्योहारी सीजन में सैलानियों की बढ़ती आमद से कारोबारियों के चेहरे खिले हैं। बुधवार को नगर में देश के विभिन्न शहरों से सैलानी भ्रमण को नैनीताल पहुंचे। मुख्य



पर्यटन स्थलों पर दिनभर रौनक रही। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वाटरफाल तथा केव गार्डन और माल रोड पर्यटकों से भरे नजर आए। भीड़ बढ़ने से शहर के कई आंतरिक मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही। मस्जिद चौराहा, स्नोव्यू मार्ग और मेट्रोपोल मार्ग पर कई बार यातायात बाधित हुआ। होटल व्यवसायी सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि अगले कुछ दिन पर्यटन के लिए बेहतर रहने वाले हैं बशर्ते प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है।

# नैनीताल में विधि विधान से की गई गोवर्धन पूजा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में दीप पर्व दीपावली के तहत बुधवार को गोर्वधन पूजा धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर मल्लीताल बाजार वार्ड में स्थित गौशाला में गौ माता की विशेष पूजा अर्चना की गयी दूसरी ओर घरों में भी गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा-अर्चना की गई इसके साथ ही देवी देवताओं की पूजा कर भोग लगाया गया। इससे पूर्व गौशाला में गायों को नहलाकर उन्हें तेल लगाया गया फिर उन्हें फूल-मालाएं पहनाई गयी उसके बाद गायों पर थाप लगाई गयी साथ ही गौमाता को तिलक, फूल तथा गुड़ तथा चारा



और परंपरागत व्यंजन अर्पित किए गए। इस दौरान पंडित बचीराम पंत ने पूजा अर्चना की। इसके बाद गोवंश संरक्षण का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि इंद्र देव के घमंड को चूर करने के लिए श्रीख्र ष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाया था, इसलिए यह पर्व मनाते हैं। गाय में 33 कोट देवता हैं जिसमें पहले हिस्से में लक्ष्मी का वास होता है। इस दौरान मुन्नी भट्ट, हेमा भट्ट, सुमन साह, उषा, दीपा चौधरी, रमा बिष्ट, बसंती बिष्ट, कमला बिष्ट तथा चंपा वर्मा आदि मौजूद रही।

# समस्याओं का लंबे समय से नहीं हो पाया समाधान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर निगम अल्मोड़ा के रामशिला वार्ड में इन दिनों कई समस्याएं बनी है। लोगों का कहना है कि समस्याओं को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया। लेकिन समस्याओं के समाधान को लेकर कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई। बताया कि वार्ड में क्षतिग्रस्त नालियों के चलते वर्षा का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। वहीं कटखने बंदरों और आवारा कुत्तों का भी आंतक बना हुआ है। सीवर लाइन की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। पार्षद नवीन चंद्र आर्य ने बताया कि क्षतिग्रस्त नालियों को ठीक करने और अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर कई बार लिखित और मौखिक रूप से प्रशासन को अवगत कराया गया। लेकिन समस्याओं पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

## राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 434वें दिन भी जारी रहा। बता दें कि अभियान के 434वें दिन दीपावली में गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर डीडीहाट में गुरुरानी भवन परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने पिता स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा। उनके पौधारोपण अभियान से प्रेरित होकर विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया जा रहा है।

# दीपावली की रात अराजक तत्वों ने बाइक फूंकी

## राजपुरा की घटना, चार संदिग्ध हिरासत में, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली की रात जहां पूरा शहर रोशनी में डूबा हुआ था, वहीं हल्द्वानी के राजपुर क्षेत्र में कुछ अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। अराजक तत्वों ने राजपुरा क्षेत्र में कुछ युवकों ने घर के बाहर खड़ी बाइक को आग लगा दी, सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और एक और बाइक भी आग की चपेट में आकर जल गई।

मामले में पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लिया है। जानकारी देते हुए राजपुरा वार्ड-12 निवासी विशाल ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। बीते मंगलवार रात्रि करीब 10 बजे उनके पड़ोसी शनि दौड़ते हुए उनके घर पहुंचे और बताया कि उनकी बाइक जल रही है। तुरंत ही विशाल और उनके पड़ोसियों ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन बाइक पूरी तरह जल गई। पास खड़ी दूसरी बाइक भी आग की चपेट में आ गई और जल गई। इसके अलावा, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़े गए थे। घटना के बाद विशाल और उनके परिवार ने पुलिस को सूचित किया।

आज बुधवार को पुलिस ने पास के अन्य कैमरे चेक किए, जिसमें चार युवक घटनास्थल से भागते हुए नजर आए। इसके बाद पुलिस ने उनकी पहचान की और चारों युवकों को हिरासत में ले लिया। विशाल का




कहना है कि यह घटना साजिशन की गई थी। हालांकि अभी तक घटना के पीछे की वजह और मुख्य आरोपी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से स्थानीय लोगों में गहरा रोष है। उनका कहना है कि त्योहार के दिन हुई इस घटना ने शांति भंग करने का काम किया है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इधर राजपुरा चौकी प्रभारी कृष्णा गिरी ने बताया कि युवकों से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आगजनी और तोड़फोड़ के आरोप में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राकेट से जली पराली, दीये से गाय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली के बाद भी आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार रात दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। पहली घटना गौलापार क्षेत्र की है, जहां दीपावली पर छोड़ा गया एक रॉकेट पराली



में जा गिरा और आग भड़क गई। वहीं, दूसरी घटना टीपीनगर चौकी क्षेत्र की है, जहां दीये की लौ से एक झोपड़ी में आग लग गई और उसमें बंधी एक गाय बुरी तरह झुलस गई। जानकारी के अनुसार नीलियम कॉलोनी, टीपीनगर निवासी धीरज मौर्या पुत्र बेनीराम अपने यहां अपने परिवार के साथ रहते हैं और मजदूरी का काम करते है, बताया जा रहा कि धीरज ने एक गाय भी पाल रखी है। बीते मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे झोपड़ी में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू कर दमकल विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक झोपड़ी में बंधी गाय गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झोपड़ी में दीपावली का दीया रखा हुआ था, जिससे आग लगने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, दूसरी घटना गौलापार क्षेत्र की है। काठगोदाम के देवला मल्ला इलाके से रात करीब 8 बजे दीपावली पर छोड़ा गया एक रॉकेट पराली में जा गिरा, जिससे पराली में आग लग गई। दमकल विभाग की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

## डीएम ने निकायों को सफाई के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली पर्व के बाद नगर क्षेत्रों में फैली गंदगी और कूड़े की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी नगर निकायों व नगर निगम अधिकारियों को तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पटाखों और सजावटी सामग्रियों से नगरीय क्षेत्रों में भारी मात्रा में कूड़ा एकत्र हो गया है, जिसे तत्काल हटाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा है कि अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी करने के बाद उसकी फोटोग्राफिक रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। विशेष रूप से हल्द्वानी नगर क्षेत्र में अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, नगर निगम आयुक्त को स्वयं इस सफाई अभियान का नेतृत्व करने को कहा गया है। इस जिलेव्यापी अभियान में नगर निगम हल्द्वानी के नगर आयुक्त को जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

# गोवर्धन पूजाः श्री खाटू श्याम मंदिर में अन्नकूट भंडारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में बुधवार को गोवधर्न पूजा धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों और गोशालाओं में सामूहिक पूजन किया गया और छप्पन भोग के साथ विशेष पूजन भी हुआ। लोगों ने घरों में भगवान गोवर्धन व गायों का पूजन किया।

महिलाओं ने गोबर से बनी गोवर्धन की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। दमुवाढूंगा स्थित श्री सीताराम गोपाल गऊधाम समिति में भी कुमाउनी रीति-रिवाज के साथ गोवर्धन पूजा की गई। इसके अलावा श्री सत्यनारायण नारायण मंदिर में गोवर्धन पूजा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में पूजा मुख्य पुजारी चंद्रशेखर जोशी द्वारा कराई गई है। वहीं दूसरी ओर श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमौरी मुखानी में



गोवर्धन पूजा का आयोजन और अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। प्रातः श्री खाटू श्याम जी का श्रंगार किया गया और पूजा अर्चना की गयी। सभी श्याम भक्तों ने श्री खाटू श्याम जी की आरती के बाद उन्हें अन्नकूट भोग लगाया गया और उसके पश्चात् हजारों श्याम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा पूजा संपन्न की गयी। यजमान साकेत अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, मदन मोहन अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल हनी, चंदन सिंह अधिकारी ने पूजा की। वहीं सिद्धांत अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज, रामलीला कमेटी मुखानी अध्यक्ष मनीष कपिल, संदीप भोज, कमल जोशी, गीता जोशी, मनीष साह, तारु तिवारी आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

# ज़रूरतमंद लोगों के साथ बांटी खुशियां

## ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन ने अनूठे अंदाज़ में मनाई दिवाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जब शहर की गलियाँ रोशनी और पटाखों की गूंज से जगमगा रही थीं, वहीं ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन की टीम ने इस बार दिवाली को जरूरतमंदों के साथ मनाकर इसे एक खास और यादगार रूप दे दिया। फाउंडेशन की ऑनर ममता पांडे और दीपक पांडे ने बताया कि दिवाली केवल अपने घरों में दीये जलाने का नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में उजाला फैलाने का भी अवसर है। इस सोच को साकार करते हुए, टीम ने झुग्गियों और पिछड़े इलाकों में जाकर गरीब परिवारों के साथ दीपावली की खुशियाँ साझा कीं। इस अभियान के दौरान मिठाई,



पुराने कपड़े और राशन सामग्री वितरित की गई। टीम की सदस्य सोनाली पांडे ने कहा, जब बच्चों की आँखों में चमक देखी, तो महसूस हुआ कि यही असली दिवाली है। जब हमारी कोशिश किसी के जीवन में उजाला लाए। डायरेक्टर हरीश पांडे ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल जरूरतमंदों को सामग्री देना नहीं था, बल्कि समाज को यह संदेश देना था कि खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं। टीम सदस्य प्रज्वल पांडे ने कहा, हम चाहते हैं कि लोग दिवाली को केवल अपने घर तक सीमित न रखें, बल्कि दूसरों के जीवन में भी रोशनी भरें। यही असली सेवा और पूजा है। वहीं परिधि पांडे ने भावुक होकर कहा, दिवाली की असली चमक पटाखों में नहीं, किसी की मुस्कान में होती है। जब हम दूसरों के जीवन में रोशनी भरते हैं, तभी इंसानियत की दिवाली होती है। रात के अंत में पूरी टीम ने एक साथ दीये जलाकर संकल्प लिया कि ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन आगे भी इसी तरह मानवता की सेवा करता रहेगा, ताकि देश के हर कोने में रोशनी और उम्मीद की किरण पहुँचे।

## ड्राइविंग करने व पुलिस के साथ अभद्रता करने पर पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई

**नैनीताल।** देश की राजधानी दिल्ली से नैनीताल घूमने आए पर्यटक को मल्लीताल में रफ ड्राइविंग करना महंगा पड़ गया। पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को दिल्ली के पर्यटक डीएल-13 सीवाई-1629 से नैनीताल घूमने आये थे। मल्लीताल में रफ ड्राइविंग करते हुए वह पुलिस के वाहन के सामने आ गए। जब पुलिस ने उनको रफ ड्राइविंग करने पर टोका तो वह पुलिस को ही गलत ठहराने लगे। पुलिस उनको कोतवाली ले आई। जब पुलिस ने पर्यटक से चालानी कार्रवाई की बात कही तो पर्यटक अभद्रता पर उतर आए। फटकार लगाने पर पर्यटक शांत हुए। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले में दिल्ली निवासी जय किशन के खिलाफ एमवी एक्ट में कार्रवाई की गई है।

## पर्यटकों व रेस्टोरेंट कर्मियों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल रेस्टोरेंट में खाना खाने के दौरान पर्यटको व रेस्टोरेंट कर्मियों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में कई लोग चोटिल हुए हैं। पुलिस ने मारपीट में शामिल लोगों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह तल्लीताल बाजार में एक रेस्टोरेंट में खाना खाने के दौरान विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो पर्यटकों व रेस्टोरेंट संचालकों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान पर्यटक व रेस्टोरेंट कर्मी लड़ते हुए सड़क तक आ पहुंचे। इस दौरान लात घूसे चले तो भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत किया और मारपीट करने वालों को हिरासत में ले लिया है। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि मामले में रेस्टोरेंट संचालक हेमंत कुमार व कर्मी अल्मोड़ा निवासी गौरव बिष्ट, मनोरा निवासी कौशल समेत पानीपत हरियाणा निवासी मोहित के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

## नैनीताल में पटाखों से झुलसे 4 लोग

**नैनीताल।** दीपावली पर घरों को रौशन करने के साथ ही लोगों ने जमकर अतिशबाजी भी की। लापरवाही के चलते आतिशबाजी में चार लोग झुलस गए जिसमें से 12 वर्षीय किशोर की एक आंख की रौशनी चले जाने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सामान्य झुलसे तीन लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बता दें कि पंगोट निवासी 12 वर्षीय यशराज घर पर पटाखे चला रहा था। इस बीच एक पटाखा उसकी दाई आंख के समीप फट गया। आंख के भीतर बारूद चले जाने से उसे दिखाई देना बंद हो गया। देर रात होने के कारण स्वजन उसे अस्पताल तक नहीं ला सके। सुबह स्वजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां परीक्षण में चिकित्सकों ने उसकी एक आंख की रौशनी चले जाने की पुष्टि करते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। दूसरी ओर मल्लीताल निवाी अरुण, लोसेन व आनंदी देवी भी मामूली रूप से झुलसने के बाद उपचार कराने अस्पताल पहुंचे थे। जिनकों प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## नाबालिग किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी बीते 21 अक्टूबर को घर से बिना बताये लापता हो गई। किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी दोपहर के समय घर से अचानक चली गई। वह जाते समय अपना मोबाइल फोन घर पर छोड़ गई थी। जब परिजनों ने उसका मोबाइल चेक किया, तो उस पर किसी लड़के के साथ व्हाट्सएप चैट मिली। शिकायतकर्ता का शक है कि उनकी बेटी उसी लड़के के साथ गई है, जिससे वह व्हाट्सएप पर बात करती थी। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी।

## छठ महापर्व की तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का छठ महापर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूर्वांचल मूल के लोगों में महापर्व को लेकर खासा उत्साह है। इस चार दिवसीय पर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय खाय से होगी। पहले दिन



व्रत रखने वाली महिलाएं स्नान कर नए वस्त्र धारण करेंगी। रामपुर रोड सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने स्थित छठ घाट की साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम पूरा हो चुका है। घाट पर स्नान और पीने के पानी के लिए कनेक्शन लगाया गया है। साथ ही सुचारू बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। छठ पूजा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि छठ की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक हुई। समिति ने घाट में पहुंचकर छठ पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत होगी। इसके बाद से व्रतधारी महिलाएं 36 घंटे का निर्जला उपवास रखेंगी। इसके बाद सोमवार 27 अक्टूबर को भगवान सूर्य को संध्याकालीन अर्घ्य दिया जाएगा। मंगलवार 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारायण होगा।

## भाई-बहन के स्नेह का पर्व भैया दूज आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भैया मेरे भूल न जाना वो बचपन का प्यार जैसे मधुर गीतों के साथ भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व भैया दूज इस वर्ष 23 अक्टूबर यानि आज गुरूवार को उदयातिथि में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व दीपोत्सव की अंतिम कड़ी होता है और इसे यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। द्वितीया तिथि 22 अक्टूबर को रात 8:17 बजे से प्रारंभ होकर 23 अक्टूबर की रात 10:47 बजे तक रहेगी। ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय के अनुसार इस दिन सर्वार्थ सिद्धि, आयुष्मान, शिववास, बुधादित्य योग, विशाखा नक्षत्र, गुरु कर्क राशि तथा चंद्रमा वृश्चिक राशि में होने से पर्व विशेष फलदायी रहेगा। इन योगों के प्रभाव से भाई-बहन के संबंधों में भावनात्मक स्थिरता और



सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी। वहीं, देश के कई हिस्सों में इस दिन चित्रगुप्त पूजा भी की जाती है, जो कर्मों के लेखाजोखा रखने वाले देवता के रूप में पूजित हैं। ज्योतिषियों के अनुसार, तिलक के समय यदि बहन का मुख पूर्व दिशा में और भाई का मुख पश्चिम या उत्तर दिशा की ओर हो, तो यह शुभ फलदायी माना जाता है।

# शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट

## गंगा जी की उत्सव डोली अपने मायके मुखवा के लिए हुई रवाना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के चारधाम कपाट बंद होने की शुरुआत आज उत्तरकशी जिले के गंगोत्री धाम से हो गई है। गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व के मौके पर सुबह 11.26 मिनट पर बंद कर दिए । जिसके लिए पिछले दिनों से तैयारियां चल रही थी। बुधवार प्रातः मां गंगा के भोग मूर्ति का जलाभिषेक करने के बाद मां गंगा जी का श्रृंगार किया गया है। उसके बाद श्री पंच मंदिर समिति के पूजारियों ने वैदिक मंत्र उच्चारण से मां गंगा की पूजा अर्चना कर प्रदेश और देश की खुशहाली की कामना की है। पूजा अर्चना पूरी होके के बाद



मां गंगा को डोली में पारंपरिक तरीके से सजाया जाया गया। ठीक अभीजीत मुहूर्त पर 11.36 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट देश विदेश के श्रद्धालुओं के लिए शीतकालीन कपाट बंद कर दिए और मां गंगा की विग्रह डोली भोगमूर्ति, आर्मी बैंड और स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव के लिए रवाना हुई। आज की रात को डोली मुखबा गांव से करीब दो किमी पहले मौजूद मार्कडेंय मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। उसके बाद गुरुवार दोपहर मां गंगा की विग्रह डोली मुखबा गांव पहुंचेगी। मुखबा गांव में मां गंगा की भोगमूर्ति को मंदिर में विधिविधान से शीतकाल 6 माह के लिए स्थापित किया जाएगा। इसके बाद 6 माह शीतकाल के लिए मां गंगा के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव में ही होंगे। इस मौके पर श्री गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानन्द सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, राजेश सेमवाल, पूर्व विधायक विजय पाल सिंह सजवाण, ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी, ममता पंवार, ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार, समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शराब पीकर दौड़ाई गाड़ी, चालान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में शराब पीकर टैक्सी वाहन चलाना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद वाहन सीज कर दिया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को एसआई दीपक कार्की मल्लीताल घोड़ा स्टेंड के समीप चैकिंग अभियान में जुटे हुए थे। इस बीच तेज रफ्तार से भाग रहे टैक्सी वाहन को रोककर उन्होंने दस्तावेज दिखाने को कहा। चालक वाहन से बाहर निकला तो लड़खड़ाने लगा। पुलिस ने चालक का मेडिकल परीक्षण करवाया तो उसके नशे में होने की पुष्टि हुई। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि पंगोट निवासी पूरन चंद्र बुधलाकोटी का वाहन एमवी एकट के तहत सीज कर दिया गया है।

# बागजाला में धरना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने, विकास कार्य शुरू करने, पेयजल योजना चालू करने समेत 8 सूत्री मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 66वें दिन भी जारी रहा। धरनस्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए मो. सुलमान मलिक ने कहा अखिल भारतीय किसान महासभा गरीब मेहनतकश किसानों का संगठन है इसलिए बागजाला का किसान संगठन गाँव के घर जमीन को बचाने के लिए ग्रामीणों की ताकत के बल पर सरकार के उजाड़ने के षडयंत्र के खिलाफ आन्दोलन कर रही है उन्होंने कहा मुझे पूरा विश्वास है जनता जीतेगी। धरना प्रदर्शन में वेद



प्रकाश, हरक सिंह बिष्ट, आनन्द सिंह नेगी, दौलत सिंह कुंजवाल, गोपाल सिंह बिष्ट मोहम्मद परवेज, विनोद, हरी गिरी, भगवती देवी, पुष्पा देवी, भोला सिंह, रेवाधर, प्रेमा देवी, हेमा देवी, विमला देवी, वेद प्रकाश, गणेश राम, चंद्र प्रकाश, हरिश्चंद्र, मंजू देवी, ललित मोहन, लीला देवी, मुन्नी देवी, हेमा आर्य, तुलसी देवी, दीवान सिंह बर्गली, हेमा देवी, रेशमा, मोहम्मद यासीन, दिनेश सिंह, नसीम अहमद, दिनेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# आंसुओं के सहारे गुजारी दीपावली की रात

## धाराली आपदा पीड़ितों ने नहीं मनाई दीपावली, गांव में रहा सन्नाटा

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** दीपावली का पर्व एक ओर जहां पूरे देश- प्रदेश में भारी उत्साह के साथ मनाया गया वहीं उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली में सन्नाटा पसरा रहा। पूरे गांव के लोगों ने दीपावली नहीं मनाया।

धराली आपदा में अपनों और अपना सब कुछ खो चुके लोगों में गम साफ दिखाई दे रहा है। कभी धराली दीपावली पर्व पर गंगा जी की कल-कल धारा, सघन सेब के बागवानों और देवदार वृक्षों के बीच रात को ऐसी चमकती जैसे मानों आसमान में तारे चमक रहे हैं, लेकिन इस दीपावली के दौरान धराली में सन्नाटा छाया रहा है।

पांच अगस्त को खीरगंगा में आये जनसैलाब ने हंसते खेलते धराली को



महज 34 सेंकड में धराशाई कर दिया। यह लोगों के घर, होमस्टे , बहु मंजिलें होटल, रेस्टोरेंट तबाह हो गये। धराली आपदा में करोड़ के होटल, होम स्टे, घर, बागवान खो चुके लोगों को अब अपना रोजी-रोटी शुरू करने का भैय सता रहा है। हालांकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल जिन लोगों के घर इस आपदा में पूरी तरह नष्ट हो गए थे, उन्हें पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए सहायता के रूप में रुपये 5 लाख दिये। इसके अलावा, आपदा में जान गंवाने वालों के परिवारों को भी रुपये 5 लाख का मुआवज़ा दिया गया है। आपदा पीड़ितों के लिए आर्थिक मदद के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप धराली में 98 परिवारों को राहत राशि के चेक वितरित किए। इस मौके पर आपदा प्रभावितों ने सहायता राशि त्वरित मिलने पर धामी सरकार का धन्यवाद भी दिया था। जिनमें बड़े होटल व्यवसाई संजय पंवार, जयभगवान पंवार, दुर्गेश्वर पंवार,सचेन्द्र पंवार, कल्प केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष राकेश पंवार, भूपेंद्र पंवार आदि कहीं लोगों की पूरे जीवन की कमाई और आजीविका के साधन पल भर में नष्ट हुई हो गई। वहीं मृतकों में मुकेश और उनकी धर्मपत्नी व बच्चे सहित धनेन्द्र पंवार, गौरव पंवार (गोली), शुभम पंवार, सुमित नेगी आदि ने इस आपदा में काल के गाल लोगों की स्मृति में ग्रामीणों ने कैंडील जलाकर श्रद्धांजलि दी। होटल व्यवसाय संजय पंवार का कहना है कि हमारी दीपावली तो पांच अगस्त को हो गई । आपदा पीड़ितों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ की तर्ज पर धराली का पुनर्वास कर विस्थापित करेंगे।

## इको सेंसिटिव जोन में शामिल करने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कोटद्वार।** रिखणीखाल ब्लॉक के पैनों पटी-2 के अंतर्गत बंजा देवी, रथुवाढाब, तैड़िया, कांडानाला, कालिकों आदि गांवों के ग्रामीणों ने उनके गांवों को इको सेंसिटिव जोन में शामिल करने का विरोध किया है। कहा कि इनमें से किसी भी गांव को इको सेंसिटिव जोन में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। इस संबध में ग्रामीणों की बुधवार को बंजा देवी में आयोजित बैठक में राजस्व उपनिरीक्षक विवेक शाह ने ग्रामीणों को इस संबंध में एसडीएम की ओर से प्रेषित पत्र का हवाला दिया। कहा कि हाईकोर्ट नैनीताल में इस संबंध में इंडिपेंडेंट मेडिकल इनिशिएटिव सोसाइटी की ओर से याचिका दायर की गई है। वहीं न्यायालय ने इस संबंध में कार्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन को मामले में जनसुनवाई के आदेश दिए हैं। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांवों के इको सेंसिटिव जोन में शामिल होने से उनके मूल अधिकार प्रभावित होंगे। विकास कार्यों के लिए वन विभाग की अनुमति जरूरी हो जाएगी, जिससे गांव के विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित होंगे। बैठक में शामिल लोगों ने चेतावनी दी कि भविष्य में सरकार ने इन गांवों में ईको सेंसिटिव जोन लागू किया तो क्षेत्रीय जनता व जनप्रतिनिधि आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। बैठक में ग्राम कांडा की ग्राम प्रधान विनीता ध्यानी, कर्तिया की प्रधान पिंकी देवी, मनवर सिंह, चमन सिंह, अंबिका प्रसाद, शिशुपाल सिंह, सूरज कुमार, हरपाल सिंह और नंदलाल देवरानी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# टीवी शोरूम में लगी भीषण आग

■ लाखों का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर हुआ राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** अज्ञात कारणों के चलते नगर के एक टीवी शोरूम में आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी होने पर दुकान स्वामी एवं परिजनों ने लोगों की मदद से बमुश्किल दुकान में धधक रही आग पर काबू पाया।

बता दें कि नगर के सितारगंज मार्ग पर गुरप्रीत सिंह सन्नी पुत्र बलजीत सिंह निवासी वार्ड नम्बर तीन की गुरप्रीत इलेक्ट्रॉनिक के नाम से टीवी का शोरूम है। हर रोज की तरह दुकान स्वामी अपने शोरूम बन्द कर घर चले गए। मंगलवार की रात करीब 10 बजे परिवार के लोगों एवं आसपास के लोगों को शोरूम में कुछ जलने की दुर्गंध आती महसूस हुई। दुकान का शटर खोलकर देखा तो दुकान के अंदर भीषण आग धड़क रही थी। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लकड़ी का काउंटर, टीवी, गीजर, वाशिंग मशीन, फ्रिज, पंखा, इनवर्टर, बैटरियां सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ ही दुकान में खड़ी एक स्कूटी जलकर राख हो गई।



इस भीषण आग पर आनन-फानन में पास पड़ोस के लोगों द्वारा पानी डालकर काबू पाया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तथा दमकल वाहन भी पहुंच गए । इस भीषण अग्निकांड में दुकानदार को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

# चेयरमैन गित्ते ने किया टाइल्स मार्ग का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते और सभासद प्रतिनिधि मौ. आसिफ ने नगर के वार्ड नंबर 6 मौहल्ला केश. वनगर में सरस्वती शिशु मंदिर के पास 160 मीटर टाइल्स मार्ग का शिलान्यास किया। जोकि मनोज कुमार के मकान से अस्विनी जैन के मकान तक बनाया जाएगा। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा नगर का कोई भी हिस्सा विकास से वंचित नही रहेगा। इस अवसर पर हामिद हुसैन, मनोज कुमार, अस्विनी जैन, तरूण खन्ना, जीत सिंह, दुबे जी, सर्वेश, बाबू राम, अशोक प्रधान, तोयबब, आरिफ, इसरार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

# बाजपुर को केवल 'फोटो सेशन' का स्थल न बनाएं, जमीनी समस्याओं की ओर दें ध्यान: यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** समाजवादी पार्टी यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने कहा कि यह अत्यंत खेद का विषय है कि बाजपुर, जो कई जमीनी समस्याओं से जूझ रहा है, उसे भारतीय जनता पार्टी के नेतागण मात्र ष्फोटो सेशनष का स्थल बना चुके हैं। जब भी सांसद अजय भट्ट को दिल्ली अथवा अन्यत्र कहीं जाना होता है, तो वे प्रस्थान से पूर्व बाजपुर में कुछ फोटो खिंचवाने के कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जो कि केवल दिखावे तक ही सीमित रह जाते हैं।

बाजपुर की जनता की प्रमुख समस्याएं जैसे कि जलभराव व बाढ़ का स्थायी समाधान, सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी, और स्थायी अग्निशमन केंद्र की स्थापनाख्र्वर्ष 2019 से जस की तस बनी हुई हैं। इन समस्याओं का समाधान सांसद के पिछले कार्यकाल में भी नहीं हो सका और वर्तमान में भी इन पर कोई ठोस कार्य नहीं किया गया है। जनता ने जनप्रतिनिधियों को केवल प्रचार के लिए नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान के लिए चुना है। बार-बार की तस्वीरें और उद्घाटन समारोहों से जनता को कोई राहत नहीं मिलती। आवश्यक है कि इन बुनियादी मुद्दों पर त्वरित, ठोस और स्थायी कार्य योजना बनाई जाए और उसे लागू किया जाए। बाजपुर की जनता अब दिखावों से नहीं, कार्यों से भरोसा जताएगी।

# सांसद अजय भट्ट ने किया पुल निर्माण होने वाले स्थान का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** संसदीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकरपुर में पहुंचे नैनीताल लोकसभा के सांसद अजय भट्ट ने पुल निर्माण होने वाले स्थान का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही सांसद अजय भट्ट ने बरहेनी मे बन रहे एकलव्य विद्यालय के निर्माण कार्य का भी निरिक्षण कर जल्द कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए।

भाजपा नेता राज्य मंत्री मनजीत सिंह राजू के निवास स्थान पर भाजपा नेताओं का गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री गुंजन सुखीजा, प्रदेश कार्यकारिणी मोहन पाल, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा दिपेन्द्र कौशयारी, भाजपा नेता राजेश कुमार, गौरव शर्मा,जिला मंत्री बिट्टू चौहान, विहिप नेता यशपाल राज. हंस सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवक पर किया जानलेवा हमला

■ सिर फोड़ा और हाथ तोड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** सुभाष कॉलोनी में एक व्यक्ति पर देर रात धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घायल ने होश में आने के बाद कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुभाष कालोनी निवासी गब्बर पुत्र मोहम्मद जान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मोहल्ले में रहने वाला जाकिर उसकी पत्नी पर गंदी नजर रखता है। कुछ दिन पहले उसकी गैरमौजूदगी में जाकिर रात में घर में घुस गया था। इस पर उसकी पत्नी ने चौकी में तहरीर दी थी। पुलिस ने 19 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे जाकिर को पकड़कर चौकी ले गई थी। आरोप है कि जब गब्बर अपने टुक-टुक से चौकी जा रहा था, तभी जाकिर के बेटे सोहिल, अरबाज और उनके साथियों ने रास्ते में रोककर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और हाथ तोड़ दिया। गब्बर को लहूलुहान हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। उसके सिर में लगभग 9 से 10 टांके आए हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावर उसे धमकी दे रहे हैं कि यदि वे जेल गए तो लौटकर उसे जान से मार देंगे। घटना मुरैना गजंक क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# चोरी करने के मामले में एक व्यक्ति को दबोचा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि ललित जोशी पुत्र ब्रह्म स्वरूप निवासी नई सुनहरी किच्छा उधम सिंह नगर को रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि ललित जोशी और अजय जोशी द्वारा बीते 29 सितंबर को ग्राम सांवलदे में घर पर अकेली शाकम्बरी नाम की एक महिला को सम्मोहन करके एक मंगलसूत्र व कानों के कुंडल चोरी कर लिए गए थे।उसके बाद अजय जोशी द्वारा चार अक्टूबर को खटीमा में किसी व्यक्ति के घर से एक महिला को सम्मोहन कर रहा था। परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया था।पूछताछ में आरोपी अजय जोशी ने रामनगर की घटना की बात कबूली थी। बुधवार को आरोपी ललित जोशी को ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से मंगलसूत्र और कानों के कुंडल बरामद किए गए हैं।आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाल सुशील कुमार,एसआई जोगा सिंह, कांस्टेबल मनजीत सेंगर शामिल रहे।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर और हरि मंदिर में हुई गोवर्धन पूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सनातन धर्म सभा की ओर से बुधवार को शहर के मुख्य बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर और हरि मंदिर में गोवर्धन पूजा हर्षोल्लास से की गई।श्रद्वालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की और गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना की।

इस दौरान 56 भोग लगाए गए।कथावाचक पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री ने बताया कि इंद्र के प्रकोप से लोगों को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाया था। पर्वत को ही अपना स्वरूप भी बताया। इसलिए तभी से दीवाली के दूसरे दिन में देश भर में गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है।

यह आस्था व श्रद्धा का त्योहार है। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना कर सुख समृद्धि की कामना है। इस मौके पर सरपरस्त नंदलाल कुमार, प्रधान महेश बब्बर, उप प्रधान तिलकराज राज घई, विजय जग्गा, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, सुरेश राजदेव,राज तागरा, राज वर्मा, शशि अरोरा, शिखा अरोरा, पिंकी ग्रोवर आदि मौजूद थे।

# एसएसबी के संचालित व्यावसायिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** 57 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल की गरिमा मयी उपस्थिति में सशस्त्र सीमा बल द्वारा बुधवार को भारत नेपाल सीमा स्थित वाइब्रेंट ग्राम नगला तराई में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत संचालित व्यावसायिक कंप्यूटर प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह तीन सप्ताह का प्रशिक्षण एसएसबी द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को आर्थिक रूप से स्वालम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिकोण से महिला जनजाति सेवा समिति एनजीओ की सहायता से संचालित किया जा रहा था।

समापन अवसर पर कमान्डेंट मनोहर लाल ने कहा कि आज का यह क्षण सीमांत क्षेत्र के नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।




यह तीन सप्ताह का प्रशिक्षण न केवल नागरिकों को अपने पैरों पर खड़ा करेगा, बल्कि उन्हें परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में भी सहयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित नागरिक स्वरोजगार के रूप में कम्प्यूटर का कार्य अपनाकर अपना स्वयं का डिजिटल केंद्र शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें दीर्घकालिक आजीविका का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को नशा मुक्त भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, जल शक्ति अभियान आदि के बारे मे जागरूक किया। इसके साथ ही कमांडेंट ने कहा कि एसएसबी सीमावर्ती क्षेत्रों में समय-समय पर ग्रामीण उत्थान, सामाजिक जागरूकता और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं, ताकि समाज की मुख्यधारा से जुड़ाव और सामुदायिक विकास को और मजबूत किया जा सके।

कमांडेंट ने बताया कि एसएसबी स्थानीय किसानो से दैनिक खाने पीने की वस्तु आदि खरीद रही है जो किसानों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है। इस मौके पर निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजू कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी संजीत सिंह बाली, श्यामू कनौजिया एनजीओ से सुरेश कुमार, गंगा देवी सहित एसएसबी के दर्जनों कर्मी उपस्थित रहे।

# इस दिवाली पर 'रुद्रपुर' में कम हुआ 'वायु प्रदूषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उधम सिंह नगर जिले के लिए इस दिवाली पर वायु प्रदूषण के मोर्चे पर एक अच्छी खबर है । जनपद के दोनों ही प्रमुख शहर, रुद्रपुर एवं काशीपुर में अबकी बार दीपावली के दूसरे दिन एक्यूआई का स्तर 150 के आसपास दर्ज किया गया है ,जबकि पिछली दीपावली पर रुद्रपुर एवं काशीपुर का एक्यूआई स्तर क्रमश: 252 एवं 262 के खतरनाक स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि एयर क्वालिटी इंडेक्स में उपरोक्त सुधार भी विशेष उत्साह जनक नहीं है, क्योंकि रुद्रपुर एवं काशीपुर का औसत एक्यूआई स्तर वर्तमान में भी सामान्य से तकरीबन 51 पॉइंट अधिक है, जो कि खराब की श्रेणी के अंतर्गत गिना जाता है । फिर भी यह पिछले वर्ष के एक्यूआई स्तर से लगभग 100 पॉइंट कम है। खास बात तो यह है कि पिछली दफा 300 तक पहुंचा प्रदेश की राजधानी देहरादून का औसत एक्यूआई अबकी बार की दीपावली के दूसरे दिन 261 ही दर्ज किया गया।

हालांकि यह गंभीर श्रेणी में है और इस स्थिति को विशेष उत्साह जनक नहीं कहा जा सकता। भारतीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा एक्यूआई इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 21 अक्टूबर की सुबह देहरादून में वायु गुणवत्ता 261 एक्यूआई दर्ज की गई थी किया गया। देहरादून के अलावा हरिद्वार, नैनीताल और हल्द्वानी में भी खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई है। ज्ञात हो कि देहरादून शहर के विभिन्न निगरानी केंद्रों पर पीएम 2।5 कणों का स्तर 184 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 10 कणों का स्तर 230 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक दर्ज किया गया, जो कि मानक से कई गुना अधिक है।



मौसम साफ होने के बावजूद ठंडी हवाओं और कम हवा की गति के कारण प्रदूषक कण वातावरण में ठहर गए हैं, जिससे सांस संबंधी रोगियों के लिए स्थिति चिंताजनक बन गई है। देहरादून के अलावा हरिद्वार और रुड़की में भी वायु गुणवत्ता गिरावट पर है। हरिद्वार में एक्यूआई औसतन 182 और रुड़की में 176 दर्ज किया गया, जोकि 'अस्वस्थ' श्रेणी में है। इन इलाकों में प्रमुख प्रदूषक कण पीएम 2।5 और पीएम 10 हैं। दूसरी ओर धर्म नगरी ऋषिकेश में सोमवार शाम तक वायु गुणवत्ता सूचकांक 179 दर्ज हुआ। पिछले कुछ दिनों से यहां प्रदूषण का स्तर लगातार उतार-चढ़ाव में है। यहां सोलह अक्टूबर को एक्यूआई 153 से ऊपर पहुंचा था, जबकि 19 अक्टूबर को यह घटकर 63 तक पहुंच गया ,लेकिन अब इसमें पुन: बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि एयर क्वालिटी इंडेक्स की उपरोक्त स्थिति के बावजूद भी उत्तराखंड में इस दफा वायु गुणवत्ता पिछले साल की तुलना में कम खराब हुई है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे तकनीक आधारित उपायों, प्रशासनिक सक्रियता और नागरिकों के सहयोग का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल त्योहारों में ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष स्वच्छ वायु सुनिश्चित करना है। इस साल के परिणाम यह साबित करते हैं कि नवाचार, जागरूकता और सामूहिक भागीदारी से वास्तविक परिवर्तन संभव है। वही उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष आरके। सुधांशु के अनुसार उत्तराखंड में इस साल की स्वच्छ दिवाली सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस दिशा में ड्रोन से किए गए जल छिड़काव, नई यांत्रिक स्वीपिंग मशीनें और विद्यालयों-कॉलेजों में चलाए गए जन-जागरूकता अभियानों ने ठोस असर दिखाया है। देहरादून में ड्रोन आधारित वॉटर स्प्रिंकलिंग से पीएम 10 कणों के स्तर को नियंत्रित किया गया तथा देहरादून और ऋषिकेश में यांत्रिक स्वीपिंग मशीनें भी लगाई गई।

# काशीपुर बाईपास निर्माण पर दुकानदारों को भ्रमित कर रहे हैं मेयर और विधायक: चौधरी


■ काशीपुर बाइपास मार्ग के दोनों ओर 75-75 फीट के दायरे में हटाया जाएगा अतिक्रमण

■ हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया तो सुप्रीम कोर्ट का लेंगे सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** काशीपुर बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण एवं ध्वस्तीकरण पर मेयर और विधायक की बयानबाजी पर भूपेंद्र चौधरी ने भी पत्रकारों से वार्ता कर अपनी बात रखी।

प्रज्ञा द ओथ फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं याचिकर्ता भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि सत्ताधारी नेता महज दुकानदारों को झूठा दिलासा देकर भ्रमित कर रहे हैं, यह ठीक नहीं है। मेयर विकास शर्मा ने बाइपास मार्ग पर 10 से 12 अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की बात रहे हैं तो विधायक शिव अरोरा का इंटरनेट मीडिया पर एक बयान प्रसारित हुआ कि शासन-प्रशासन के साथ बैठक के बाद अब काशीपुर बाइपास मार्ग का ध्वस्तीकरण एवं चौड़ीकरण 60 फीट के दायरे में होगा।



इससे नाराज फाउंडेशन के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बुधवार को सिटी क्लब में पत्रकार वार्ता बुलाई। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि काशीपुर बाइपास मार्ग के चौड़ीकरण विधायक और मेयर बयानबाजी कर रहे हैं, इससे लगता है कि वे अवैध कब्जेदारों की हितैषी बनने का नाटक कर रहे हैं। इस तरह की बयानबाजी हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना कर कब्जा धारक दुकानदारों को भ्रमित करने किया जा रहा है। जबकि हाईकोर्ट में दायर याचिका में काशीपुर बाइपास मार्ग के दोनों ओर 75-75 फीट के दायरे में अतिक्रमण को हटाया जाएगा, ध्वस्त किया जाएगा। यदि हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया तो शासन प्रशासन की मनमानी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का सहारा लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ने शहर के उन आठ स्थानों को चिन्हित किया किया है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नेता भ्रामक बयानबाजी कर अवैध कब्जेदारों को भ्रमित कर रहे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सांसद अजय भट्ट के दौरे से जनता में मिली निराशा

■ सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों की कमी बनी बड़ी समस्या

■ सांसद अजय भट्ट ने स्वीकारा, पहाड़ के हॉस्पिटल डॉक्टरों की कमी से पड़े खाली

■ अस्पताल को डॉक्टर मिलेंगे या यह मुद्दा फिर कागजों में ही सिमट जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट आज बुधवार बाजपुर पहुंचे, जहां उन्होंने एकलव्य विद्यालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और जलभराव की समस्या को लेकर भी दो फीडर स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र के लोग अपनी सबसे गंभीर समस्या सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी को लेकर सांसद से मिले।

लोगों ने बताया कि वर्षों से डॉक्टरों के अभाव में आम जनता को इलाज के लिए निजी अस्पतालों या दूरदराज के शहरों का रुख करना पड़ता है। एक स्थानीय नागरिक ने कहा, "डॉक्टर मैं नहीं बनाता, डॉक्टर सरकार बनाती है। बहुत उम्मीद लेकर सांसद जी के पास गया था कि शायद अब अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति की कोई ठोस घोषणा होगी, लेकिन पूरी तरह निराशा हाथ लगी। न कोई आश्वासन मिला, न कोई समयसीमा तय की गई।" जनता का कहना है कि बाजपुर जैसे बड़े कस्बे में सरकारी अस्पताल का हाल बेहद चिंताजनक है, और स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा पर सरकार को जल्द कदम उठाने चाहिए।

निरीक्षण के दौरान सांसद अजय भट्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें शिक्षा व विकास के क्षेत्र में तेजी से काम कर रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एकलव्य विद्यालय का निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।

## काश 20 गांव की भूमि पर भी सांसद से कोई स्थानीय नेता सवाल कर लेते

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्रीय सांसद बाजपुर के दौरे पर थे। विभिन्न स्थानों पर जाना हुआ, जो भी दावे किए गए या निरीक्षण किए गए वह आम जनमानस के सामने हैं। मेरा मानना है कि काश बाजपुर का कोई नेता सांसद महोदय से 20 गांव के हजारों परिवारों के संबंध में भी कोई सवाल कर लेता और जानकारी दे देता कि इस विषय पर भारतीय जनता पार्टी क्या कर रही है।



फिलहाल, बाजपुर की जनता इस बात को लेकर असमंजस में है कि क्या उनके अस्पताल को डॉक्टर मिलेंगे या यह मुद्दा फिर कागजों में ही सिमट जाएगा।

# 60-60 फिट चौड़ीकरण के साथ होगा काशीपुर बाईपास रोड का निर्माण: विधायक

■ जनता को घंटों लगने वाले जाम से मिलेगी निजाद, जल्द शुरू होगा निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर का सबसे व्यस्ततम मार्ग काशीपुर बाईपास रोड जहां अनेकों स्कूल व व्यापारियों के बड़े बड़े प्रतिष्ठान है, जिसके सड़क चौड़ीकरण को लेकर लम्बे समय से कयास लगाए जा रहे थे, वहीं दीपावली से पहले नगर निगम द्वारा निशान लगाने की कार्यवाही की गई थी। चूंकि हिन्दुओं का सबसे बढ़ा त्यौहार दीपावली को देखते हुए किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई थी, जिससे व्यापारी का व्यापार बाधित न हो।

अब दीपावली का त्यौहार बीत जाते ही काशीपुर बाइपास रोड स्थित व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शिव अरोरा के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की और कम कम नुकसान के साथ काशीपुर बाइपास सड़क निर्माण का कार्य हो ऐसी अपनी बात रखी। विधायक अरोरा ने सभी व्यापारियों की बात को प्रमुखता से सुना। विधायक ने अपने आवास पर मीडिया के माध्यम से स्पष्ट किया कि काशीपुर बाइपास जो रुद्रपुर का सबसे व्यस्ततम मार्गो में से एक है, जहां घंटों-घंटों पब्लिक को जाम से जूझना पड़ता है। उसको लेकर उनका पहले दिन से बहुत स्पष्ट कहना है काशीपुर बाइपास रोड का निर्माण कार्य होना चाहिए, जिससे आम जनता को जाम से निजाद मिले सके, साथ ही साथ व्यापारियों का भी कम से कम नुकसान हो। विधायक अरोरा ने कहा काशीपुर बाइपास जो वर्तमान में एक साइड 15 से 20 फिट चौड़ा है, जिस कारण लोग जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। विधायक व महापौर विकास शर्मा ने प्रस्ताव दिया 60-60 फिट चौड़ा सड़क कुल 120 फिट निर्माण होना चाहिए, जिसमे कम से कम व्यापारियों के नुकसान से सड़क निर्माण का कार्य किया जा सके। विधायक अरोरा ने जानकारी दी प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकासरूपी सोच के अनुरूप इसके निर्माण कार्य हेतु धनराशि भी जारी हो चुकी है, जिसको देखते हुए कार्य अगले कुछ दिनों मे आरंभ किया जाएगा। जहां तक उच्च न्यायालय की बात है हम सब उनका सम्मान करते है। उच्च न्यायालय के दिशा निर्देश के अनुसार अनुपालन किया जाएगा। काशीपुर बाइपास रोड निर्माण कार्य में आ रहे उस समय की नगर पालिका द्वारा आवंटित दुकानों में अपनी आजीविका चला रहे व्यापारियों के पुनर्वास हेतु मेयर विकास शर्मा, जिला प्रशासन, नगर आयुक्त के साथ सहमति बनी है।



# महिला के साथ छेड़छाड़ मामले में दो भाई पकड़े




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर से कुछ दूर अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जाती है।बीते दिनों उन्हीं के गांव में रहने वाले दो सगे भाइयों के द्वारा रास्ता रोककर छेड़खानी की। पीड़ित महिला ने बताया कि विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। आरोपी ललित और नवीन चन्द्र उर्फ राजू पुत्र स्व अम्बादत्त निवासी गुमानपुर पीरुमदारा रामनगर को घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस टीम में महिला एसआई सुरभि राणा, कांस्टेबल विनीत चौहान, कल्लू सिंह शामिल रहे।

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर के ऋषेश्वर मंदिर में सोमवार रात चोरी करने पहुंचा व्यक्ति चोरी के बाद मंदिर में ही सो गया।

पुजारी लक्ष्मण पुजारी ने बताया कि रोजाना की तरह जब वह मंगलवार सुबह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। अंदर से खांसने की आवाज आई। अंदर जाकर देखा तो एक व्यक्ति गहरी नींद में सो रहा था। उन्होंने मंदिर का दरवाजा बंद कर पुलिस को सूचना दी। जांच में पता चला कि आरोपित ने रात में मंदिर के ताले तोड़कर दान पात्र, नाग की मूर्ति, साउंड सिस्टम, कृष्ण भगवान के वस्त्र, हनुमान जी के श्रृंगार का सामान, चिमटे, डमरू सहित कई धार्मिक वस्तुएं बोरे में भर ली थीं।

# आग से दो मंजिला मकान हुआ राख

**बेटी की शादी के लिए रखे जेवर और नकदी भी जली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिले के थल तहसील के बल्याऊं गांव के एक परिवार के लिए दिवाली की रात मुसीबत बनकर आई। यहां एक दो मंजिला मकान आग लगने से पूरी तरह जलकर खाक हो गया। बेटी के विवाह के लिए बने आभूषण और जमा किया धन भी आग की भेंट चढ़ गया। इस घटना में पीडिघ्त परिवार को 65 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है।

जानकारी के मुताबिक थल तहसील के बल्याऊं गांव में भूपाल सिंह मेहरा और डिगर सिंह मेहरा का दो मंजिला पुश्तैनी मकान है। भवन स्वामियों ने रखरखाव के लिए मकान को गांव के ही हयात सिंह मेहरा को दिया है। पिछले 35 साल से वह पत्नी हेमा देवी और पुत्री रेनू मेहरा के साथ इसमें रह रहे थे। जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार रात



हयात सिंह इस मकान से लगभग सौ मीटर दूर अपने खुद के मकान में दिवाली पर दीये जलाने और पूजा के लिए गए थे। इसी बीच भूपाल सिंह मेहरा के मकान में आग लग गई। कुछ ही देर में पूरे मकान को आग ने घेर लिया और दरवाजे, खिड़कियों और छत से लपटें बाहर निकलने लगीं। हयात सिंह और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे लेकिन भीषण आग के सामने किसी का बस नहीं चला। हयात सिंह अपनी आंखों से मकान को जलते देखते रहे। कुछ ही देर में पूरा मकान जलकर खाक हो गया और सिर्फ दीवारें नजर आईं। सिर्फ गोठ में बंधे मवेशियों को बाहर निक. ालकर बचाया जा सका। भीतर रखे छह बोरे धान, सात बोरे गेहूं, टीवी, पंखा, चक्की, बिस्तर, बर्तन, कपड़े के साथ ही पांच तोला सोना, 10 तोला चांदी के आभूषण और नगदी जलकर खाक हो गई। सूचना के बाद दूसरे दिन बुधवार को राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची और घटना का जायजा लिया। राजस्व उपनिरीक्षक सुमन भंडारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना है। असल कारणों का पता लगाया जा रहा है। नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। हयात सिंह की बेटी का नवंबर महीने में विवाह होना है। माता-पिता ने बेटी के विवाह के लिए रात-दिन एक कर पूंजी जमा की और इससे उन्होंने पांच तोला सोने और 10 तोला चांदी के गहने तैयार किए। विवाह की खरीदारी के लिए घर में 90 हजार की नगदी भी रखी थी। लेकिन आग से सब राख हो गया है।

### एक नजर

## गाय जिस घर में बंधी रहती है, उस घर के लोगों को तीर्थों में जाने के बराबर मिलता है पुण्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर जिले के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने गौ माता की पूजा कर उनकी आरती उतारते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।



नगर के समीप मादली गांव की रोज गौ सेवा करती आ रही चंद्रावती पांडे का कहना है कि उन्हें रोज गोवर्धन पूजा यानि गाय की सेवा करते हुए जो सुकून मिलता है, उसको वह व्यक्त नहीं कर सकती हैं। पुराणों के मर्मज्ञ एवं प्रमुख कथावाचक आचार्य प्रकाश कृष्ण शास्त्री का कहना है कि जिस घर में गाय बधी रहती है, उस घर के लोगों को घर बैठे तमाम तीर्थ में जाने का पुण्य मिलने लगता है। गौ माता जहां होती है उस घर का वह स्वयं रक्षा व सुरक्षा कवच बन जाती है। गौ माता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की उत्पत्ति ही प्रकृति एवं उसकी रक्षा के लिए ही हुई है।

## सिक्योरिटी गार्ड को जलाकर मारने की धमकी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में पार्षद के इशारे पर सिक्योरिटी गार्ड के घर पर इतनी बमबारी की। पूरा परिवार डर गया है। वार्ड-आठ ट्रांजिट कैंप निवासी सिक्योरिटी गार्ड ने दी तहरीर में कहा है कि उसका पड़ोसी कच्ची शराब की भट्ठियां जलाता है। इसका वह विरोध करता है। 26 सितंबर को पुलिस ने दबिश देकर मादक पदार्थ पकड़ा और आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इससे आरोपित रंजिश रखने लगे।

20 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे वार्ड-पार्षद के इशारे पर आरोपितों ने उसके घर पर हमला किया जुड़ 50 से 60 खतरनाक पटाखे घर में फेंक दिए। इससे उसके बच्चे चोटिल होने से बाल-बाल बचे और परिवार डरा हुआ है।आरोपित जलाकर मार देने की धमकी भी दीथाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## कर्मचारी को धमकी देते अधिकारी का आडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक अधिकारी अपने विभाग के एक कर्मचारी को धमकी दे रहे हैं। यह आडियो क्लिपिंग सामने आया है।

ऑडियो में एक अधिकारी अपने विभाग के एक कर्मचारी के मोबाइल पर फोन करके कह रहे हैं कि किस टोन में हो, मेरे खिलाफ आयुक्त को शिकायत पत्र दिया है। इतना बड़ा हो गया है, मैं तुझे सही कर दूंगा। बताया जा रहा है कि यह आडियो क्लिपिंग खाद्य विभाग का है। जो अधिकारी धमकी दे रहे हैं,वह वर्तमान में ऊधम सिंह नगर में तैनात नहीं है। जब अधिकारी को पता चला कि उनकी बात की रिकॉर्डिंग हो रही है तो वह नरम पड़ गए और कर्मचारी से सरलतापूर्वक बात करने लगे। इस धमकी से कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर भयभीत है। यदि इस ऑडियो की जांच होती है तो सब सच्चाई सामने आ जाएगी।

# हिमाचल की तर्ज पर मॉडल जिले के किसानों के आगे बढ़ते जा रहे हैं कदम

**लोहाघाट में फल व सब्जी तथा हल्द्वानी में फूलों की मंडी खुले तो दूर हो जाएंगी किसानों की परेशानियां**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** बाहर से आने वाले उद्यान वैज्ञानिकों द्वारा हिमाचल की तर्ज पर यहां वेमौसमी सब्जियों एवं फल फूलों की खेती करने की सलाह देने का दौर, अब बीते दिनों की बात रह गई है। अब मॉडल जिले के किसान के कदम हिमाचल की तर्ज पर स्वयं आगे बढ़ते जा रहे हैं।

कभी डिलीशियस सेव की प्रजाति के उत्पादन के लिए मशहूर यह जिला भले ही मौसमी मार के कारण इस जिले के लोग इस सेव के स्वाद से वंचित हो गए है, किंतु अब उसके स्थान पर विभिन्न प्रजातियों के सेव व कीवी से यहां के किसानों के बाग लद गए हैं। इसी प्रकार वेमौसमी सब्जियों का उत्पादन यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है। दरअसल, देखा जाए तो मॉडल जिले की तस्वीर उस समय से बदलने लगी जब यहां के लोगों को अनायास मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नेतृत्व मिला। आज जिले के चंपावत, लोहाघाट, पाटी एवं बाराकोट ब्लॉकों के किसान इस बात के गवाह बने हुए हैं कि मुख्यमंत्री की बदौलत उनके जीवन में नया सवेरा आता जा रहा है। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी हाड़तोड़ मेहनत का उनका पूरा लाभ मंडी के अभाव में बिचौलिया उठा रहे हैं। लोहाघाट में मटर के उत्पादकों का खून चूसने का दौर उस समय चल पड़ा जब मटर का व्यापक उत्पादन होने से बेचारे किसान को 10 रुपये किलो अपमी मटर बेचनी पड़ी। डी.एच.ओ. हरीश कोहली का कहना है कि यहां के किसान स्वयं में ऐसे वैज्ञानिक हैं जिन्हें थोड़ा सा सहारा दिए जाने पर वह अपना अलग ही रंग खिला देते हैं। लोहाघाट ब्लॉक में एडीओ उद्यान आशीष रंजन खर्कवाल ने मात्र चार वर्षों में किसानों की किस्मत ही बदल दी है। किसानों का कहना है कि श्री खर्कवाल जैसे मार्गदर्शन यदि पहले मिले होते तो यहां और बदला हुआ स्वरूप सामने आता।

पाटी ब्लॉक आज उद्यान सब्जी उत्पादन एवं अन्य क्षेत्रों में अपनी सफलता की कहानी लिखने जा रहा है। यहां एडीओ उद्यान प्रदीप पचौली ने ब्लॉक के किसानों को सहारा देकर उन्हें अपने पांव में खड़ा कर दिया। चंपावत ब्लॉक के किसानों की अपनी सफलता की कहानी के गवाह उनके खेत बने हुए हैं। यहां एडीओ उद्यान निधि जोशी का प्रयास किसानों के खेत स्वयं बोल रहे हैं। यदि मौन पालन कार्यक्रम को नियोजित तरीके से संचालित किया जाए तो इससे न केवल 30 से 35 फीसदी तक नैसर्गिक रूप से उत्पादन बढ़ने के साथ उत्पादों की गुणवत्ता में काफी निखार आ जाएगा। अब जिले में मशरूम की खेती की ओर भी यहां के किसानों को ले जाया जा रहा है। किसानों की भविष्य की उम्मीद है अब किसान के घर जन्मे जिलाधिकारी मनीष कुमार की उत्साह जनक पहल पर टिकी हुई है, जिन्होंने स्वयं खेतों में जाकर किसानों के दर्द और मर्ज को समझा है।

डीएम की उत्साहजनक पहल से अब वह दिन दूर नहीं जब यह जिला फूलों की खेती से भी महकने लगेगा। आलू बीज का कभी आयात करने वाला यह जिला आज अपने को इसी बीज का निर्यातक बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। जिलाधिकारी बाहरी जिलों से आयत किए जाने वाले फल, फूल, सब्जियों के बीज व पौधों को जिले में ही उत्पादित करने की एक मजबूत पहल कर रहे हैं। हल्द्वानी में फूलों की मंडी एवं लोहाघाट में फलों सब्जियों की मंडी बनाने की दिशा में जिलाधिकारी की कलम चल चुकी है।

# अमोली के युवाओं ने स्वयं के प्रयासों से बनाया 'मॉडल विलेज'

**बिना बम पटाखों, जुआं, शराब के लोगों ने आपस में बांटी दीपावली की खुशियां**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** गांव के युवा जिस दिन अपने गांव को साफ सुथरा चमकता दमकता बनाने, गांव को पूर्ण नशा मुक्त करने, पटाखों से गांव का पर्यावरण दूषित न कर उनमें होने वाली फिजूल खर्ची को रोकने, जुआ शराब से लोगों को दूर रखकर अपने गांव को मॉडल जिले का आदर्श गांव बनाने की ठान लेंगे उसी दिन उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। ऐसी ही सोच के साथ पाटी ब्लॉक के अमोली गांव के युवाओं ने स्वयं के प्रयासों से अपने गांव को मॉडल जिले का 'मॉडल विलेजष'बनाकर दूसरे गांव के युवाओं की आंखें खोल दी है।

दिवाली के दिन जहां अन्य गांव में बम पटाखों का शोर सुनाई दे रहा था किंतु अमोली गांव के युवा गांव घर की सफाई कर शाम को पूजा करने के बाद पंचायत घर में एकत्रित होकर भजन कीर्तन में शामिल हो गए। जहां उन्होंने एक दूसरे को अपने घर की पूजा का प्रसाद बांटकर देर रात तक यहां लोग भक्ति संगीत के स्वर में झूमते रहे। इस गांव को स्वच्छ बनाए रखने के लिए यहां की ग्राम प्रधान निशा भट्ट को जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया जा चुका है। गांव के युवा सामाजिक कार्यकर्ता पूरन भट्ट, जीवन, अमित, सुरेश, प्रकाश, दयानंद, भुवन, कमल, हिमांशु, महेश, त्रिलोचन, नवल, मोहन, जसोधर, प्रयाग आदि कहना है कि वह अपने गांव को हर कार्य में प्रथम पंक्ति में खड़ा करना चाहते हैं। गांव के युवाओं ने पेयजल के भावी संकट को देखते हुए जहां अपने नौलों को साफ-सुथरा रखने के साथ गांव के गधेरों को पानी के पोषक पौधों से अच्छादित किया है। इसी गधेरे से लोगों ने रबड़ के पाइपों से गांव में पानी ले जाया गया है।अभी यह गांव जल जीवन मिशन से दूर है। गांव के लिए सिंचाई गूल की भी आवश्यकता है। गांव के युवा अब यहां लाइब्रेरी खोलना चाहते हैं जिससे वे आज के समय की दौड़ में अपने को शामिल कर सकें।

### गांव के युवाओं को हर स्तर पर किया जाएगा प्रोत्साहित: जिलाधिकारी


**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार का कहना है मांडल जिले की परिकल्पना का सोच यदि गांव के युवाओं में पैदा होता है तो यह हम सबके लिए शुभ संकेत है। जिला प्रशासन यहां के युवाओं की सोच में पंख लगाने के साथ इस गांव को हर स्तर पर प्रोरोतसाि. हत किया जाएगा। यदि गांव के युवा खेत से जुड़े तो वे इस क्षेत्र में भी अपना गांव मांडल बना सकते हैं। जिसके लिए हर प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# मजदूरों व ग्रामीणों के बीच डीएम ने ज्योति पर्व की बांटी खुशियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत ।** आम लोगों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए बेचौन रहने वाले रात में 12:00 बजे तक स्वांला डेंजर जोन में जाकर वहां की परिस्थितियों का जायजा लेने बार-बार पहुंचने वाले जिलाधिकारी मनीष कुमार का यहां काम करने वाले मजदूरों व जेसीबी चालकों से ऐसा आत्मीय रिश्ता हो गया है कि वह रात भर काम कर सुबह सड़क को यातायात योग बनाते आ रहे हैं।

इन्हीं मजदूरों के बीच दीपावली की रात को पहुंचे जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सभी जेसीबी ऑपरेटरों, मजदूरों के बीच रहते हुए जहां न केवल उन्हें बधाई दी बल्कि उनका मुंह मीठा कर इस विशिष्ट सेवा के लिए उनका आभार भी जताया । जिससे वहां के ऑपरेटरों, मजदूरों को जीवन में पहली बार किसी जिलाधिकारी के हाथों मिठाई खाने को अपना बड़ा सौभाग्य मानकर उनके चेहरे की खुशियां देखने लायक थी। उनका कहना था कि आज उनकी दिवाली की खुशियां हजार गुना बढ़ गई हैं। यहां मजदूर दिन में यातायात बाधित न हो उसके लिए रात भर अपना काम शिफ्ट में करते आ रहे हैं । दीपावली के अवकाश के दिनों



जिलाधिकारी घर में बैठने के बजाय पूरे समय जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों के बीच उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं को समझने में लगे रहे।

इस दौरान दीपावली पर्व पर अपने घरों में आए प्रवासियों से कहा कि वे यहीं रहते हुए कोई भी ऐसा जॉब करें जिससे वे जॉब देने वाले बने । जितना उन्हें वहां काम करते हुए पैसा मिल रहा है उससे कई अधिक वे घर में रहते हुए पैदा कर सकते हैं। वह जिस कार्य का हुनर जानते हैं वह कार्य अपने घर में करें। उन्हें जिला प्रशासन बेमौसमी सब्जियों, बागवानी ,फूलों की खेती, केसर की खेती ,मुर्गी पालन ,मछली पालन, जड़ी बूटी उत्पादन, मौन पालन जैसे तमाम कार्यक्रमों से उन्हें जोड़ा जाएगा।

जिलाधिकारी ने लोगों से अपनी माटी से जुड़ने का आह्वाहन करते हुए कहा कि ऐसी सुंदर आबोहवा में रहने के लिए मैदानी क्षेत्र के लोग यहां आने के लिए तरसते हैं और आप लोग मैदान में भीड़ का हिस्सा बने हुए हैं। यहीं रहते हुए जो काम करना चाहते हैं करें, उसके लिए जिला प्रशासन आपके लिए एक मजबूत एवं भरोसेमंद सहारा बना है। जिलाधिकारी कि बातों का उनपर इतना असर पड़ा है कि वे इस दिशा में सोचने के लिए मजबूर हो गए हैं।

## दुर्गा मंदिर में उल्लू के दर्शन करने उमड़े भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य बाजार में स्थित श्री दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उस समय उमड़ पड़ी जब प्रात: करीब सात बजे मां लक्ष्मी जी का वाहन उल्लू अचानक उड़ता हुआ मंदिर परिसर में आ गया और मां लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष आकर बैठ गया और देर सायं तक वहीं पर ही बैठा रहा।

इसकी जानकारी मिलने पर भारी संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु पूजा सामग्री लेकर मंदिर की ओर दौड़ पड़े और उन्होंने उस उल्लू के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मंदिर के पंडित नवीन शास्त्री ने बताया कि दीपावली के पर्व के दौरान मां लक्ष्मी का वाहन उल्लू का मंदिर में आना और उसका मां लक्ष्मी के चरणों में बैठ जाना एक अद्‌भुत दैवीय चमत्कार है। ऐसे दृश्य की सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है जो आज प्रत्यक्ष रूप में दिखाई दिया है।

## छठ पूजा लोक आस्था का महान पर्व: शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किच्छा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फूलसूंगा, फुलसुगी, गंगापुर, गणेशपुर, नारायणपुर, कोठा कॉलोनी एवं रामेश्वरपुर में छठ पूजा समितियों के पदाधिकारियों से मुलाक. ात की। साथ ही छठ पूजा स्थलों पर सफाई व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने



कहा कि छठ पूजा लोक आस्था का महान पर्व है, जिसमें स्वच्छता, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का विशेष महत्व है। प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने ऊधम सिंह नगर जिले में 27 अक्टूबर को छठ पूजा पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर जनभावनाओं का सम्मान किया है। पूर्व विधायक शुक्ला ने बताया कि वह छठ पर्व से पूर्व सफाई, रंगाई-पुताई एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए किच्छा नगर पालिका क्षेत्र में व्यवस्था सुधार के लिए प्रशासक / अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजा भेजा है।इसी तरह लालपुर नगर पंचायत क्षेत्र के लिए पालिका अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी लालपुर को पत्र प्रेषित, नगर निगम रुद्रपुर क्षेत्र के छठ घाटों की सफाई एवं रंगाई-पुताई के लिए मेयर / नगर आयुक्त को पत्र भेजा, नगला क्षेत्र में व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए पालिका अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा है। वहीं पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त छठ घाटों की सफाई एवं पूजा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान को पत्र लिखकर नगर पालिका नगला के सहयोग से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का आग्रह किया गया है।छठ पूजा हमारे लोक जीवन की आस्था और अनुशासन का प्रतीक है, इसे स्वच्छता और भक्ति के साथ मनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।इस दौरान पार्षद पवन राना, ग्राम प्रधान नारायणपुर दीपिका देवी, ग्राम प्रधान रमेशपुर मनविंदर सिंह, ग्राम प्रधान गंगापुर रेखा देवी, रोहित भट्ट ,जेपी सिंह, अविनाश चौधरी, मनोज ठाकुर, रेनू यादव, कुमारी प्रियंका, संजीव पांडे, ब्लॉक प्रमुख पति जितेंद्र गौतम, विजेंद्र यादव, ऋषिकेश सिंह, दीपक मिश्रा, रजनीश कुमार, मोहित मिश्रा, नारायण पाठक ,आदेश मिश्रा, अभिजीत पाठक, अंकित पाठक, त्रिलोकी सिंह, बंटी खुराना, लवली सिंह, सुनील मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# 27 से होगा महायज्ञ एवं महोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** गांव मंझाडी में आगामी 27 और 28 अक्टूबर 2025 को वैदिक धर्म जन जागरण सेवा निधि ट्रस्ट एवं आर्य समाज मंझाडी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय वैदिक धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी कार्यक्रम के जनसंपर्क अभियान के अन्तर्गत गांव साढौली कदीम में आयोजित एक बैठक में संस्था के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक विजय सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी उनके गांव में एक अनोखे अंदाज में वैदिक धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसके माध्यम से समाज में एक सकारात्मक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम से वास्तव में समाज में एक सकारात्मक संदेश मिलता है। इस लिए ऐसे अवसर पर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म लाभ प्राप्त करना चाहिए। इस मौके पर पूर्व विधायक नरेश सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सतेन्द्र सिंह, महामंत्री प्रदीप गुप्ता प्रधान आदि ने भी अपने अपने विचार प्रकट करते हुए वैदिक धर्म सम्मेलन को सफल बनाने का आव्हान किया है। बैठक में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेश राणा, रमेश कश्यप, राजू कश्यप प्रधान, सतीश प्रधान, प्रदीप राणा, बलवीर सिंह राणा, अश्विनी कुमार आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे हैं।

# ट्रांसफार्मर मरम्मत करते समय झुलसा लाइनमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर के अंतर्गत कस्बा छुटमलपुर में एक दर्दनाक हादसा हो गया। बिजली विभाग के लाइनमैन अरुण सैनी ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत कर रहे थे, तभी अचानक हाई वोल्टेज करंट का झटका लग गया।

बड़कला गांव के निवासी अरुण को बुरी तरह झुलस गया और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनय शर्मा ने फौरन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घायल लाइनमैन को नजदीकी फतेहपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने अरुण की जांच की तो उनकी हालत बेहद गंभीर पाई गई। उन्होंने तुरंत उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। वर्तमान में अरुण का इलाज दिल्ली के एक बड़े अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि अरुण सैनी बिजली विभाग में कई वर्षों से सेवा दे रहे हैं। हादसे के समय वे अकेले ही ट्रांसफॉर्मर पर काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर में खराबी की शिकायत लंबे समय से थी, लेकिन मरम्मत में देरी हो गई। इस घटना से



इलाके में दहशत फैल गई है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा बिजली कर्मियों की सुरक्षा उपकरणों की कमी को उजागर करता है। विभाग को अब सतर्कता बरतनी होगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। थाना प्रभारी विनय शर्मा ने कहा, ष्हमारी टीम पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

## मौलाना कल्बे जव्वाद पर हमले की कड़ी निंदा

**नकुड़।** लखनऊ में शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद पर हुए हमले की हमसफर सामाजिक संस्था ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

संस्था के अध्यक्ष डॉ. साकिब खान हाल ही में अपने सहयोगियों संग लखनऊ पहुंचे। जहां उन्होंने मौलाना कल्बे जव्वाद के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना तथा घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की। डॉ. खान ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज की एकता और सौहार्द पर आघात करती हैं, अत: प्रशासन को दोषियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करनी चाहिए। इससे पूर्व संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य नकुड़ नगर के मौहल्ला अफगानान स्थित संस्था कार्यालय पर एकत्र हुए।

### गजल

उसकी याद आई तो हम आज के लिए
जख्मे दिल हमने सब शराब से धो लिए।।
सूनी है मेहफिल मेरो सुना है उस बिन जहां मेरा
वो उठके बज्म से मेरी जुदा मुझसे हो लिए।।
जिसे मिलता था सुकून यारों आके मेरी बाहों में
उसने ही राहे जिन्दगी में मेरी खार वो दिए।।
जितनी पीता हूं वो हरजाई उतना ही याद आता है
उसके हिज्र में हमने होश अपने खो दिए।।
उसे रूसवा कैसे करूं मैंने तो प्यार किया था
लगाए हैं दिल से मैंने गम उसने अता जो किए।।
बिखर गया टूट के दिल मेरा आइने की तरह
वो जला के घर मेरा अब रकीब के हो लिए।।
जहां होता था 'सुनील' वस्ल अपना चांदनी रातों में
उस जगह पे सज्दा करके हम थोड़ा सो लिए।।
बेवफा को मुझसे मुहब्बत नहीं
गम-ए-हिज्र में दिल को राहत नहीं।।
दिल टूट के बिखर गया उसके बिछड़ने से
उसके दीदार की मुझे अब चाहत नहीं।।
चुप-चुप रोता रहूंगा मैं जिन्दगी भर
राहे वफा पे चलने की हसरत नहीं।
संगदिल को गुरुर-ए-हुस्न था बहुत
मेरी निगाहों में अब उसकी सूरत नहीं।।
उसका शिकला के से करूं जमाने से मैं
किस्सा-ए-हिज्र असुनाने की इजाजत नहीं
'सुनील' हमने फकत उससे ही लगाया था दिल
हजार से दिल लगाने की आदत नहीं।।

**शायर सुनील 'जॉन'**

# मंजूघोष मेला: पहले दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

## पहले दिन छोटे कांडा में चढ़े 26 देव निशान, बड़ा कांडा आज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कोट के कांडा गांव में स्थित सिद्धपीठ मंजूघोषेश्वर महादेव मंदिर में लगने वाले कांडा मेला बुधवार को परम्परागत तरीके के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर मजीन कांडा मेला समिति एवं मंदिर के पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष देव-पूजन किया गया। पूजा-अर्चना के साथ मंदिर के कपाट सुबह करीब 7.30 बजे मंदिर के पुजारियों द्वारा भक्तों के दर्शनार्थ खोले गए। कांडा मेले को लेकर पहले दिन ही बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर मंजूघोषेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किए। इस मौके पर आस-पास के छह दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों के साथ ही प्रदेश तथा देश के विभिन्न हिस्सों से लोग पहुंचे। मजीन कांडा सेवा समिति के माध्यम से प्रतिवर्ष बांटी जाने वाली झंडियों में इस वर्ष लगभग 45 झंडियां मेला समिति ने वितरित की हैं। मेला समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद भट्ट ने बताया कि निशान चढ़ाने का सिलसिला छोटे कांडा से शुरू हुआ है, जो कि गुरुवार को बड़े कांडा के दौरान भी जारी रहेगा। ढोल दमाऊ की थाप पर अरकंडी गांव से ठीक ढेड़ बजे मंदिर में पहला निशान पहुंचा। जिसके बाद करीब 2.15 बजे मां मंजू देवी की डोली मंदिर में पंहु. चने के बाद निशानों को चढ़ाने का सिलसिला शुरू हुआ। उन्होने बताया कि मंदिर तक पहुंच रहे निशानों के साथ विभिन्न गांवों से पहुंचे छत्र भी शामिल थे, जो माता मंजूघोष से अपने-अपने गांवों व परिवारों के सुख-समृद्धि की कामना के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि पहले दिन 26 देव निशान चढ़ाए गये। श्रीनगर से 13 किलोमीटर दूर रावतस्यू पट्टी के कांडा गांव में लगने वाले सिद्ध पीठ मंजूघोषेश्वर महादेव मंदिर में विभिन्न गांवों के लोगों ढोल-दमोह के थाप पर नाच करते हुए देव निशान मंदिर तक लाते है।



**सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रहता है भारी पुलिस बल**

श्रीनगर। मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां भारी पुलिस बल तैनात किया जाता है। बुधवार को छोटा कांडा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाल जयपाल सिंह नेगी सहित ढेड़ पलाटून पीएसी, अग्निशमन टीम, यातायात पुलिस टीम मौजूद रहीं।

**पहले होती थी पशु बलि**- करीब डेढ़ दशक पूर्व मंजूघोष मेले के दौरान पशु बलि चढ़ाई जाती थी, लेकिन अब यहां पशु बलि पूर्ण रूप से बंद हो गई है। अब श्रद्धालु केवल निशाण (देव प्रतीक) ही चढ़ाते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद भट्ट ने बताया कि मंजीन कांडा मेला पूर्व में पशु बलि के लिए विख्यात रहा है। पशु बलि विरोधी सामाजिक संगठनों सहित प्रशासन और मंदिर समिति और पुजारियों के प्रयासों से वर्ष 2003 से यहां पशु बलि नहीं हो रही है। पशु बलि प्रथा बंद होने के बाद अब श्रद्धालु निशान चढ़ाकर मनौती मांगते हैं।

# केदारघाटी की बिटिया ने अफसर बन नाम रोशन किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के अगस्त्यमुनि ब्लॉक के ग्राम जयकंडी की प्रतिभा नेगी ने अपने परिश्रम और लगन से एक बार फिर साबित किया है कि पहाड़ की बेटियां किसी से कम नहीं हैं। प्रतिभा का चयन देश की अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) में असिस्टेंट क्वालिटी कंट्रोल ऑफिसर के पद पर महाराष्ट्र में हुआ है। इस उपलब्धि से संपूर्ण जनपद में खुशी की लहर है और लोग गर्व महसूस कर रहे हैं। प्रतिभा के पिता वीरेंद्र नेगी अगस्त्यमुनि में इलेक्ट्रिकल की दुकान संचालित करते हैं, जबकि माता विजया नेगी चिल्ड्रेन एकेडमी इंटर कालेज अगस्त्यमुनि में अध्यापिका हैं। प्रतिभा नेगी की प्रारंभिक शिक्षा चिल्ड्रेन एकेडमी इंटर कालेज अगस्त्यमुनि से हुई। वर्ष 2019 में उन्होंने एमएससी (रसायन विज्ञान) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके बाद वर्ष 2019 में ही उन्होंने सीएसआईआर-नेट परीक्षा क्वालीफाई की और वर्ष 2020 में गेट परीक्षा पास की। वर्तमान में वह सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम देहरादून से पीएचडी कर रही हैं। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड में चयन प्रतिभा नेगी की मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। प्रतिभा की इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं में नया जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिभा ने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्चे मन से की जाए तो सफलता निश्चित है। स्थानीय लोगों, विद्यालय परिवार और विभिन्न सामा. जिक संगठनों ने प्रतिभा नेगी को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत ने होनहार बिटिया को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभा नेगी की सफलता न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे रुद्रप्रयाग जनपद के लिए गर्व की बात है। उन्होंने पहाड़ की बेटियों के लिए प्रेरणा का नया अध्याय लिखा है।



## इको सेंसिटिव जोन में शामिल करने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कोटद्वार।** रिखणीखाल ब्लॉक के पैनों पटी-2 के अंतर्गत बंजा देवी, रथुवाढाब, तैड़िया, कांडानाला, कालिकों आदि गांवों के ग्रामीणों ने उनके गांवों को इको सेंसिटिव जोन में शामिल करने का विरोध किया है। कहा कि इनमें से किसी भी गांव को इको सेंसिटिव जोन में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। इस संबध में ग्रामीणों की बुधवार को बंजा देवी में आयोजित बैठक में राजस्व उपनिरीक्षक विवेक शाह ने ग्रामीणों को इस संबंध में एसडीएम की ओर से प्रेषित पत्र का हवाला दिया। कहा कि हाईकोर्ट नैनीताल में इस संबंध में इंडिपेंडेंट मेडिकल इनिशिएटिव सोसाइटी की ओर से याचिका दायर की गई है। वहीं न्यायालय ने इस संबंध में कार्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन को मामले में जनसुनवाई के आदेश दिए हैं। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांवों के इको सेंसिटिव जोन में शामिल होने से उनके मूल अधिकार प्रभावित होंगे। विकास कार्यों के लिए वन विभाग की अनुमति जरूरी हो जाएगी, जिससे गांव के विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित होंगे। बैठक में शामिल लोगों ने चेतावनी दी कि भविष्य में सरकार ने इन गांवों में ईको सेंसिटिव जोन लागू किया तो क्षेत्रीय जनता व जनप्रतिनिधि आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। बैठक में ग्राम कांडा की ग्राम प्रधान विनीता ध्यानी, कर्तिया की प्रधान पिंकी देवी, मनवर सिंह, चमन सिंह, अंबिका प्रसाद, शिशुपाल सिंह, सूरज कुमार, हरपाल सिंह और नंदलाल देवरानी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# 2026 की यात्रा तैयारियां अभी से हों शुरू: सीएस

## केदारनाथ पहुंचकर मुख्य सचिव ने किया पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रुद्रप्रयाग।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन किए और धाम परिसर में चल रहे पुननिर्माण एवं विकास कार्यों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने धाम क्षेत्र में विभिन्न फेज़ों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और कार्य निष्पादन की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी प्रतीक जैन से धाम में चल रहे सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सौंदर्य और धार्मिक आस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि 23 अक्टूबर को बाबा केदारनाथ के कपाट शीतक. ाल के लिए बंद होने जा रहे हैं। निर्देश दिए कि कपाट बंद होने के बाद भी धाम क्षेत्र में सुरक्षा, सामग्री संरक्षण और बर्फबारी की स्थिति में कार्यों के रखरखाव को लेकर पूरी तैयारी रखी जाए। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि अब से ही अगले यात्रा सत्र 2026 की तैयारी प्रारंभ कर दी जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं की पूर्व योजना तैयार की जाए, ताकि अगले यात्रा सीजन में यात्रियों को ओर भी बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, संचार, परिवहन, सुरक्षा, और आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों के बीच समन्वय को और मजबूत करने पर बल दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि केदारनाथ यात्रा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय और सहयोग से कार्य कर रहे हैं। मुख्य सचिव ने धाम क्षेत्र में चल रहे पुननिर्माण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केदारनाथ धाम आज पूरे देश में पुननिर्माण और पुनरुत्थान का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रषासन का लक्ष्य केवल भौतिक निर्माण नहीं, बल्कि आस्था और सुविधा का संतुलित संगम सुनिश्चित करना है, ताकि श्रद्धालुओं को एक पवित्र, सुरक्षित और दिव्य अनुभव प्राप्त हो। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, मुख्य कार्याधिकारी मंदिर समिति विजय थपलियाल, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।



### गढ़वाल सांसद सपरिवार पहुंचे केदारनाथ धाम

**रुद्रप्रयाग।** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी अपने परिवारजनो के साथ केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार का रुद्राभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना की। इस दौरान गढवाल सांसद ने धाम में चल रहे पुर्ननिर्माण कार्यो का निरीक्षण संबधित अधिका. रियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## गढ़वाल विवि के कुलपति ने की केंद्रीय शिक्षा मंत्री से भेंट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षा समारोह की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। विश्वविद्यालय का दीक्षा समारोह आगामी 1 दिसंबर को स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर उन्हें समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया, जिस पर शिक्षामंत्री ने सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी। इस दौरान कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने शिक्षामंत्री को विवि की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध गतिविधियों तथा श्रीनगर, पौड़ी और टिहरी परिसरों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। शिक्षामंत्री इन गतिविधियों से संतुष्ट नजर आए। दीक्षा समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति की अध्यक्षता में वरिष्ठ फैकल्टी और अधिकारियों की बैठक भी आयोजित हो चुकी है। समारोह का आयोजन विवि के चौरास परिसर स्थित स्वामी मनमथन प्रेक्षागृह में होगा। पिछला दीक्षा समारोह 8 नवम्बर 2023 को आयोजित हुआ था, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षा संबोधन दिया था। वर्ष 2024 में समारोह नहीं हो पाया था। इस बार समारोह के भव्य आयोजन के लिए कुलपति ने आयोजन समिति का गठन किया है। प्रो. हरभजन सिंह चौहान समिति के संयोजक तथा प्रो. वाइपी रैवानी, मोहन सिंह पंवार सह-संयोजक बनाया गया हैं।

**गढ़वाल विवि में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 25 से**- हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग कज ओर से आगामी 25 अक्टूबर से तीन दिवसीय 46 वां आईआईजी सम्मेलन व अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जायेंगी। संगोष्ठी गतिशील पृथ्वी, नाजुक पर्यावरण और जलवायु प्रतिरा. धी समाजों का मार्ग विषय पर केंद्रित रहेगी। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर से शोधार्थी व भू-वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। संगोष्ठी में देशभर से पहुंचे भू वैज्ञानिक पर्यवारण, पृथ्वी की स्थिति को लेकर चर्चा करेंगे। 25 अक्टूबर को संगोष्ठी का उद्घघाटन प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत द्वारा किया जायेगा। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पर्यावरणविद् पद्ममश्री अनिल प्रकाश जोशी रहेंगे। इस दौरान शोध पत्र भी पढ़े जाएंगे।

## ढिक्वालगांव पेयजल पंपिंग योजना अस्थायी रूप से हुई सुचारू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के दर्जनों गांवों को पेयजल योजना से जोडने वाली ढिक्वालगांव पंपिंग योजना अस्थायी रूप से सुचारू कर दी गई है। बताते चले कि बीते कुछ महिनों पहले अलकनंदा नदी का जल स्तर बढ़ने से ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूकटाव हो गया था। जिसके कारण ढिक्वालगांव पेयजल पंपिंग को जाने वाली मुख्य पाइप लाइन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी थी। जिसके बाद जल संस्थान द्वारा पेयजल लाइन को पहाड़ी को ओर शिफ्ट किया गया। जिसके बाद पेयजला आपूर्ति को सुचारू किया गया था, लेकिन बीते माह तेज बारिश के कारण एनएच में भूधसाव और एनएच लोनिवि विभाग द्वारा फरासू के पास हाईवे चौड़ीकरण के चलते बोल्डर गिरने एक बार फिर मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी थी। जिसके चलते खिर्सू ब्लॉक में ढिक्वालगांव पंपिंग पेयजल योजना से 107 गांवों को पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। जिसके बाद से ग्रामीणों को प्राकृतिक स्रोतों से पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा था, लेकिन मुख्य पेयजल लाइन अस्थायी रूप से जुड़ने के बाद गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू हो पायी है।

ढिक्वालगांव पेयजल पंपिंग योजना की मुख्य पाइप लाइन को अस्थायी रुप से जोड़ दिया गया है। जिससे पंपिंग योजना से जुड़े गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू हो सके। फरासू के पास राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य पूर्ण होते ही स्थायी रूप से पेयजल पंपिंग योजना कि 120 मीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाई जायेगी।

**प्रवीन सैनी, अधीक्षण अभियंता, जल संस्थान पौड़ी।**

## एक नजर .......

### 107 वें दिन भी जारी रहा धरना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कोटद्वार।** एलयूसीसी के धोखाधड़ी से शिकार हुए पीड़ितों ने तहसील कोटद्वार में 107 वें दिन, बुधवार को भी अपना धरना जारी रखा पीड़ितों ने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। पीड़ितों ने कंपनी संचालकों और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कहा कि हमारे निवेशक अपने पैसों के लिए हम पर दबाव बना रहे हैं और हम उनका पैसे कहां से दे जिससे पीड़ितों की मानसिक स्थिति गंभीर बनी हुई हैं। धरने पर बैठने वालों में सुनीता नेगी, शिवानी नेगी, प्रीति रावत, संदीप रावत, बीरेन्द्र रावत, सुरेन्द्र सिंह, बिजेंद्र रावत, बलबीर सिंह, उम्मेद सिंह, प्रेम सिंह नेगी, आशाराम मौजूद रहे।

### हे. का. लविश कुंवर ने वुशु में जीता रजत पदक

**कोटद्वार।** 8 से 16 अक्टूबर 2025 तक जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित 10वें ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर में जनपद पौड़ी पुलिस के हेड कान्स्टेबल लविश कुंवर ने वुशु प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। यह उपलब्धि जनपद पौड़ी गढ़वाल ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड पुलिस परिवार के लिए गौरव और प्रेरणा का क्षण है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार राज्य व राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करने हेतु प्रेरित किया साथ ही समस्त पौड़ी पुलिस परिवार की ओर से लविश को हार्दिक बधाई एवं भविष्य हेतु बहुत-बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की।

### पूर्व सैनिक मेवाड़ के निधन पर जताया शोक

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर के अन्तर्गत न्यू कमलेश्वर मौहल्ला निवासी पूर्व सैनिक मोहन सिंह मेवाड़ के निधन पर क्षेत्रीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। स्वर्गीय मेवाड़ पूर्व सैनिक के साथ साथ क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे काफी लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। मंगलवार देर रात को उन्होंने अन्तिम सांस ली। उनके निधन पर सामाजिक कार्यकर्ता लाल सिंह नेगी, आचार्य पंडित विपिन थपलियाल, राजकिशोर सिंह रौथाण, बीरेंद्र सिंह राणा, आशा राम उनियाल, चण्डी प्रसाद कंसवाल, गिरीश उनियाल, मकान सिंह बर्तवाल, शिवदत्त नैथानी, मनीष जोशी, भगवान सिंह मेवाड़, राकेश बुटोला सहित आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### श्रीनगर में सफाई व्यवस्था प्रभावित

**श्रीनगर।** दीपावली पर्व के बाद से नगर निगम श्रीनगर क्षेत्र में स्फाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रही। कई स्फाई कर्मियों के अवकाश पर चले जाने से शहर के प्रमुख बाजारों और आवासीय इलाकों में कूड़े के ढेर लग गए। एनआईटी गेट, सिंदरीगाड़, हाईडिल मार्ग, बस अढा क्षेत्र, शक्ति बिहार और डांग जैसे स्थानों पर कूड़े ढेर लगे हुए दिखे। कूड़ा सड़ने से दुर्गंध फैल गई और स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कतों के साथ मक्खी-मच्छरों की समस्या का सामना करना पड़ा। नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार ने बताया कि कई कर्मियों के अवकाश पर होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई। कहा कि निगम प्रशासन ने स्थिति को संज्ञान में लेते हुए स्फाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

# शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट

## गंगा जी की उत्सव डोली अपने मायके मुखवा के लिए हुई रवाना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के चारधाम कपाट बंद होने की शुरुआत आज उत्तरकशी जिले के गंगोत्री धाम से हो गई है। गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व के मौके पर सुबह 11.26 मिनट पर बंद कर दिए । जिसके लिए पिछले दिनों से तैयारियां चल रही थी। बुधवार प्रात: मां गंगा के भोग मूर्ति का जलाभिषेक करने के बाद मां गंगा जी का श्रृंगार किया गया है। उसके बाद श्री पंच मंदिर समिति के पूजारियों ने वैदिक मंत्र उच्चारण से मां गंगा की पूजा अर्चना कर प्रदेश और देश की खुशहाली की कामना की है। पूजा अर्चना पूरी होके के बाद मां गंगा को डोली में पारंपरिक तरीके से सजाया जाया गया। ठीक अभीजीत मुहूर्त पर 11.36 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट देश विदेश के श्रद्धालुओं के लिए शीतकालीन कपाट बंद कर दिए और मां गंगा की विग्रह डोली भोगमूर्ति, आर्मी बैंड और स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव के लिए रवाना हुई। आज की रात को डोली मुखबा गांव से करीब दो किमी पहले मौजूद मार्कडेंय मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। उसके बाद गुरुवार दोपहर मां गंगा की विग्रह डोली मुखबा गांव पहुंचेगी। मुखबा गांव में मां गंगा की भोगमूर्ति को मंदिर में विधिविधान से शीतकाल 6 माह के लिए स्थापित किया जाएगा। इसके बाद 6 माह शीतकाल के लिए मां गंगा के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव में ही होंगे। इस मौके पर श्री गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानन्द सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, राजेश सेमवाल, पूर्व विधायक विजय पाल सिंह सजवाण, ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी, ममता पंवार, ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार, समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## नाबालिग किशोरी लापता गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी बीते 21 अक्टूबर को घर से बिना बताये लापता हो गई। किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी दोपहर के समय घर से अचानक चली गई। वह जाते समय अपना मोबाइल फोन घर पर छोड़ गई थी। जब परिजनों ने उसका मोबाइल चेक किया, तो उस पर किसी लड़के के साथ व्हाट्सएप चैट मिली। शिकायतकर्ता का शक है कि उनकी बेटी उसी लड़के के साथ गई है, जिससे वह व्हाट्सएप पर बात करती थी। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी।

# गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्द्वानी।** शहर में बुधवार को गोवधर्न पूजा धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों और गोशालाओं में सामूहिक पूजन किया गया और छप्पन भोग के साथ विशेष पूजन भी हुआ। लोंगों ने घरों में भगवान गोवर्धन व गायों का पूजन किया। महिलाओं ने गोबर से बनी गोवर्धन की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। दमुवाढूंगा स्थित श्री सीताराम गोपाल गऊधाम समिति में भी कुमाउनी रीति-रिवाज के साथ गोवर्धन पूजा की गई। इसके अलावा श्री सत्यनारायण नारायण मंदिर में गोवर्धन पूजा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में पूजा मुख्य पुजारी चंद्रशेखर जोशी द्वारा कराई गई है। वहीं दूसरी ओर श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमौरी मुखानी में गोवर्धन पूजा का आयोजन और अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। प्रात: श्री खाटू श्याम जी का श्रंगार किया गया और पूजा अर्चना की गयी। सभी श्याम भक्तों ने श्री खाटू श्याम जी की आरती के बाद उन्हें अन्नकूट भोग लगाया गया और उसके पश्चात् हजारों श्याम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा पूजा संपन्न की गयी। यजमान साकेत अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, मदन मोहन अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल हनी, चंदन सिंह अधिकारी ने पूजा की। वहीं सिद्धांत अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज, रामलीला कमेटी मुखानी अध्यक्ष मनीष कपिल, संदीप भोज, कमल जोशी, गीता जोशी, मनीष साह, तारु तिवारी आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।



# आंसुओं के सहारे गुजारी दीपावली की रात

## धाराली आपदा पीड़ितों ने नहीं मनाई दीपावली, गांव में छाया रहा सन्नाटा

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** दीपावली का पर्व एक ओर जहां पूरे देश- प्रदेश में भारी उत्साह के साथ मनाया गया वहीं उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली में सन्नाटा पसरा रहा। पूरे गांव के लोगों ने दीपावली नहीं मनाया।

धराली आपदा में अपनों और अपना सब कुछ खो चुके लोगों में गम साफ दिखाई दे रहा है। कभी धराली दीपावली पर्व पर गंगा जी की कल-कल धारा, सघन सेब के बागवानों और देवदार वृक्षों के बीच रात को ऐसी चमकती जैसे मानों आसमान में तारे चमक रहे हैं, लेकिन इस दीपावली के दौरान धराली में सन्नाटा छाया रहा है।

पांच अगस्त को खीरगंगा में आये जनसैलाब ने हंसते खेलते धराली को महज 34 सेंकड में धराशाई कर दिया। यह लोगों के घर, होमस्टे , बहु मंजिलें होटल, रेस्टोरेंट तबाह हो गये। धराली आपदा में करोड़ के होटल, होम स्टे, घर, बागवान खो चुके लोगों को अब अपना रोजी-रोटी शुरू करने का भैय सता रहा है। हालांकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल जिन लोगों के घर इस आपदा में पूरी तरह नष्ट हो गए थे, उन्हें पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए सहायता के रूप में रुपये 5 लाख दिये। इसके अलावा, आपदा में जान गंवाने वालों के परिवारों को भी रुपये 5 लाख का मुआवज़ा दिया गया है। आपदा पीड़ितों के लिए आर्थिक मदद के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप धराली में 98 परिवारों को राहत राशि के चेक वित. रित किए। इस मौके पर आपदा प्रभावितों ने सहायता राशि त्वरित मिलने पर धामी सरकार का धन्यवाद भी दिया था। जिनमें बड़े होटल व्यवसाई संजय पंवार, जयभगवान पंवार, दुर्गेश्वर पंवार,सचेन्द्र पंवार, कल्प केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष राकेश पंवार, भूपेंद्र पंवार आदि कहीं लोगों की पूरे जीवन की कमाई और आजीविका के साधन पल भर में नष्ट हुई हो गई। वहीं मृतकों में मुकेश और उनकी धर्मपत्नी व बच्चे सहित धनेन्द्र पंवार, गौरव पंवार (गोली), शुभम पंवार, सुमित नेगी आदि ने इस आपदा में काल के गाल लोगों की स्मृति में ग्रामीणों ने कैंडील जलाकर श्रद्धांजलि दी। होटल व्यवसाय संजय पंवार का कहना है कि हमारी दीपावली तो पांच अगस्त को हो गई । आपदा पीड़ितों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ की तर्ज पर धराली का पुनर्वास कर विस्थापित करेंगे।



## वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत माणा में होगा देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**गोपेश्वर।** पवित्र बदरीनाथ धाम के समीप स्थित सुरम्य सीमांत ग्राम माणा आगामी 25-26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारियों में जुटा हुआ है। भारत सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित यह दो दिवसीय उत्सव देश के प्रथम ग्राम माणा को सीमांत पर्यटन, सांस्कृतिक गौरव और साम. ुदायिक विकास के एक जीवंत केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। महोत्सव में गढ़वाल की समृद्ध परंपराओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएँ, हस्तशिल्प, स्थानीय जड़ी-बूटियों एवं जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र होंगी। यह पहल गढ़वाली संस्कृति को प्रवासन रोकने और लोगों को अपने पैतृक गांवों की ओर लौटने के लिए प्रेरित करने के एक सशक्त माध्यम के रूप में भी देखी जा रही है। सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए प्रकृति भ्रमण, विरासत यात्राएँ तथा व्यास गुफा, वसुधारा जलप्रपात और सरस्वती घाटी जैसे दर्शनीय स्थलों के लिए गाइडेड टूर आयोजित किए जाएंगे, जिससे आगंतुकों को अध्यात्म और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम अनुभव होगा। अधिकारियों के अनुसार यह उत्सव सीमांत पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा, जो सीमांत क्षेत्रों के सशक्तिकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य से जुड़ा है।

## बेमियादी धरना जारी

**हल्द्वानी।** बागजाला को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने, विकास कार्य शुरू करने, पेयजल योजना चालू करने समेत 8 सूत्री मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 66वें दिन भी जारी रहा। धरनस्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए मो. सुलेमान मलिक ने कहा अखिल भारतीय किसान महासभा गरीब मेहनतकश किसानों का संगठन है इसलिए बागजाला का किसान संगठन गाँव के घर जमीन को बचाने के लिए ग्रामीणों की ताकत के बल पर सरकार के उजाड़ने के षडयंत्र के खिलाफ आन्दोलन कर रही है उन्होंने कहा मुझे पूरा विश्वास है जनता जीतेगी। धरना प्रदर्शन में वेद प्रकाश, हरक सिंह बिष्ट, आनन्द सिंह नेगी, दौलत सिंह कुंजवाल, गोपाल सिंह बिष्ट, नसीम अहमद, दिनेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# एडिलेड में बराबरी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया



**एडिलेड, वार्ता।** भारत के लिए कमर कसने का समय आ गया है। यह एडिलेड है, यह ऑस्ट्रेलिया है, और यह मेहमान टीम है जो पर्थ में मिली हार के बाद मुश्किल में है। सात विकेट गिरे, स्कोर पर मुश्किल से 136 रन, और पारी 30 ओवर से भी कम समय में समाप्त हो गई।

बहुत कम टीमें इस तरह क्रिकेट जीत पाती हैं। अब, चुनौती इस निराशा को भुलाकर कल एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे वनडे में मजबूत वापसी करने की है। पहले मैच में

**● पहले मैच में शानदार जीत के बाद, सीरीज का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में**

शानदार जीत के बाद, सीरीज का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है, लेकिन यह पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है। कप्तान मिचेल मार्श ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जबकि जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क की तेज गेंदबाज जोड़ी ने शुरुआत में ही ऐसी बढ़त बना ली जिससे भारत कभी उबर नहीं पाया।

मेहमानों के लिए, समीकरण सरल है: शीर्ष क्रम - रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल - को सीरीज को जिंदा रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उनका सामूहिक रूप भारत के लिए इस सतह पर वापसी की कुंजी है, जहां से दूधिया रोशनी में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में आने से पहले शुरुआती मूवमेंट मिलने की उम्मीद है। रोहित के साथ स्टार्क की नई गेंद की जंग शुरुआती आकर्षण का केंद्र होगी, क्योंकि बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज़ एडिलेड की स्विंग के अनुकूल हवा का फ़ायदा उठाने की को. शिश करेगा। लंबे ब्रेक के बाद कोहली की सफ़ेद गेंद वाले क्रिकेट में वापसी से रोमांच और बढ़ गया है, जबकि गिल का संयम पारी को स्थिर करने में अहम भूमिका निभाएगा। एडिलेड ओवल में अपने पिछले सात वनडे मैचों में से पांच में जीत हासिल करने वाली ऑस्ट्रेलिया के बिना किसी बदलाव के मैदान पर उतरने की उम्मीद है। उनका संतुलन, गहराई और घरेलू फ़ायदा उन्हें स्पष्ट बढ़त प्रदान करता है। हालांकि, भारत विविधता लाने के लिए स्पिनर कुलदीप यादव को उतार सकता है, जबकि मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नई गेंद की जोड़ी के रूप में बने रहेंगे। एडिलेड में पिछले पांच वनडे मैचों में से चार में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है, इसलिए टॉस निर्णायक साबित हो सकता है। क्रिकेट के लिए परिस्थितियां आदर्श बनी हुई हैं - आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, तापमान लगभग 15 डिग्री रहेगा और बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया को पसंदीदा माना जा रहा है। फिर भी, भारत के शीर्ष क्रम की मजबूत शुरुआत दूधिया रोशनी में होने वाले इस बेहद रोमांचक मुकाबले में गति बदल सकती है।

## एडिलेड वनडे से पहले गेंदबाजी संयोजन होगा भारत के लिए बड़ा सवाल

**एडिलेड, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेला गया पहला वनडे बारिश के कारण काफी प्रभावित हुआ था। कई बार मैच में व्यवधान पड़े थे और अंत में इसे 26 ओवर का करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली थी और भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ाती हुई नजर आई थी। एडिलेड में होने वाले दूसरे मैच में जहां ऑस्ट्रेलिया सीरीज जीतने की कोशिश करेगा तो वहीं भारतीय टीम सीरीज में बने रहना चाहेगी। इस अहम मैच से पहले आइए जानते हैं दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन और पिच रिपोर्ट के बारे में।

संभावित प्लेइंग इलेवन नियमित खिलाड़ी एलेक्स केरी और ऐडम जम्पा की टीम में वापसी हो रही है। संभवतः ये जॉश फ़िलिपे और मैथ्यू कुनमन की जगह प्लेइंग इलेवन में ले सकते हैं। केरी शुरुआती मैच से शील्ड क्रिकेट की व्यस्तता के कारण बाहर थे और अब वह विकेटकीलपग संभालेंगे क्योंकि लिमिटेड ओवर्स की क्रिकेट में पहली पसंद विकेटकीपर जॉश इंगलिस अभी भी लपडली की चोट से उबर रहे हैं। जम्पा पिता बनने के कारण पहले मैच में उपलब्ध नहीं थे और अब वह कुनमन की जगह लेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया संभावित इलेविन:** 1 मिचेल मार्श (कप्तान), 2 ट्रैविस हेड, 3 मैथ्यू शॉर्ट, 4 एलेक्स केरी (विकेटकीपर), 5 मैथ्यू रेनशॉ, 6 कूपर कॉनली, 7 मिचेल ओवेन, 8 मिचेल स्टार्क, 9 नेथन एलिस, 10 जॉश हेजलवुड, 11 ऐडम जम्पा

भारत के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावना नहीं दिख रही है, लेकिन गेंदबाजी संयोजन को लेकर सवाल बने हुए हैं। बाएं हाथ के कलाई स्पिनर कुलदीप यादव पर्थ में टीम से बाहर रहे थे। हालांकि अक्षर पटेल और वॉलशगटन सुंदर जिन्हें ऑलराउंड क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई थी दोनों ने अच्छी गेंदबाजी की और तीन में से दो विकेट हासिल किए। एडिलेड ओवल की छोटी बाउंड्री के कारण स्पिनरों के लिए चुनौती भरा माहौल रहता है, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन के लिए यह एक दिलचस्प फ़ैसला बन जाएगा। प्रसिद्ध कृष्णा की नई गेंद से स्विंग कराने की क्षमता उन्हें हर्षित राणा पर बढ़त दिला सकती है, जो पर्थ में संघर्षरत दिखे थे।

**भारत (संभावित इलेविन):** 1 शुभमन गिल (कप्तान), 2 रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, 4 श्रेयस अय्यर, 5 केएल राहुल (विकेटकीपर), 6 अक्षर पटेल, 7 वॉलशगटन सुंदर/कुलदीप यादव, 8 नीतीश कुमार रेड्डी, 9 हर्षित राणा/प्रसिद्ध कृष्णा, 10 अर्शदीप सिंह, 11 मोहम्मद सिराज

**पिच** और परिस्थितियां- मैच से पहले एडिलेड में बारिश हुई है और साका ग्राउंड स्टाफ ने विकेट को सुखाने के लिए यूवी लाइट्स का इस्तेमाल किया है। राहत की बात यह है कि गुरुवार को बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## एशियाई युवा खेल में भारत तीन पदक के साथ छठे पायदान पर

**● पाकिस्तान से हुए मुकाबले में भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया**

**बहरीन, वार्ता।** एशियाई युवा खेलों में भारतीय कबड्डी टीम ने पाकिस्तान को 81-26 से हराया। भारत एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में छठे पायदान पर मौजूद है। इससे पहले भारतीय कबड्डी टीम ने बांग्लादेश को 83-19, जबकि श्रीलंका को 89-16 से हराया था। इस स्पर्धा में भारत तीन जीत के साथ शीर्ष पायदान पर मौजूद है। पाकिस्तान के हुए मुकाबले में भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया। 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के एथलीट 119 महिलाएं और 103 पुरुष 21 खेलों में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उज्बेकिस्तान पांच स्वर्ण और एक रजत के साथ पहले पायदान पर है, जबकि इंडोनेशिया एक स्वर्ण और एक रजत के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान, फिलीपींस एक स्वर्ण के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इन खेलों में 15 वर्षीय खुशी ने महिलाओं की 70 किलोग्राम कुराश स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पहला पदक जीता। महिलाओं की 52 किलोग्राम भारवर्ग के कुराश के फाइनल में कनिष्का बिधूड़ी ने उज्बेकिस्तान की मुबीनाबोनू करीमोवा को 3-0 से हराकर रजत पदक हासिल किया। वहीं पुरुषों के 83 किलोग्राम वर्ग में अरविंद ने ताजिकिस्तान के हिलोल पर 10-0 के अंतर से कांस्य पदक अपने नाम किया।

## महिला टीम का न्यूजीलैंड से निर्णायक मैच

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम और न्यूजीलैंड महिला टीम कल डा. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के एक बेहद अहम मुक. ाबले में आमने-सामने होंगी, जिससे सेमीफाइनल में जगह पक्की हो सकती है। दोनों टीमों के चार-चार अंक बराबर हैं।

लेकिन भारत का नेट रन रेट 0-526 है, जबकि न्यूजीलैंड का -0-245 है। किसी भी टीम की जीत पूल स्टैंडिंग में नाटकीय बदलाव ला सकती है। भारतीय महिला टीम इस मुकाबले में उतार-चढ़ाव भरे सफर पर उतर रही है। श्रीलंका और पाकिस्तान पर शानदार जीत के साथ शानदार शुरुआत करने के बाद, उन्हें तीन मैचों में मामूली हार का सामना करना पड़ा, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ एक दिल तोड़ने वाला मुकाबला भी



**● दोनों टीमों के चार-चार अंक बराबर है, लेकिन भारत का नेट रन रेट 0-526 है, जबकि न्यूजीलैंड का 0-245 है**

शामिल है, जहां स्मृति मंधाना के 88 और हरमनप्रीत कौर के 70 रनों ने उन्हें लगभग जीत दिला दी थी। गेंदबाजी स्टार दीप्ति शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पांच पारियों में 19-69 की औसत से 13 विकेट लिए हैं और भारत को बीच के ओवरों में अहम सफलताएं दिलाई हैं। इस बीच, न्यूज़ीलैंड का प्रदर्शन लगातार अच्छा नहीं रहा है, उसने सिर्फ़ एक जीत दर्ज की है, दो हारे हैं और दो मैच बेनतीजा रहे हैं, जो बारिश के कारण बाधित रहे हैं। कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है और 86.66 की औसत से 260 रन बनाए हैं, जिसमें एक शानदार शतक भी शामिल है, जबकि ली ताहुहु ने 12.33 की औसत से नौ विकेट लेकर गेंदबाजी की अगुवाई की है। अगर न्यूज़ीलैंड को घरेलू मैदान पर भारत को चुनौती देनी है, तो जेस केर की गेंद और मैदान दोनों में निरंतरता अहम होगी। हाल के इतिहास में, भारत ने अपने पिछले पांच मुक. ाबलों में न्यूजीलैंड पर 3-2 की बढ़त हासिल की है, जो इस अहम मैच से पहले एक छोटी मनोवैज्ञानिक बढ़त है।

पिच से शुरुआत में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, और बाद में स्पिनरों के खेलने की संभावना है। दोपहर में बारिश हो सकती है, जिससे अनिश्चितता का माहौल बन सकता है जो खेल को नाटकीय रूप से प्रभावित कर सकता है। टॉस निर्णायक होने की संभावना है, क्योंकि टीमें इन परिस्थितियों में पहले गेंदबाजी करना पसंद करती हैं। भारत के लिए जीत न केवल वांछनीय है, बल्कि अनिवार्य भी है। सेमीफाइनल की उम्मीदें अधर में लटकी हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### आचार संहिता के उल्लंघन पर मदारा को लगी फटकार

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका की मल्की मदारा को बांग्लादेश के खिलाफ महिला क्रिकेट विश्व कप लीग मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। आईसीसी ने मदारा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए 'आक्रामक प्रतिक्रिया' आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया। इसके लिए मदारा को फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। 24 महीने की अवधि में उनका यह पहला अपराध था। यह घटना सोमवार को नवी मुंबई में बांग्लादेश की पारी के 11वें ओवर में हुई, जब मदारा ने फरगाना होक को आउट करने के बाद बल्लेबाज के बहुत करीब आकर जश्न मनाया, जिससे बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़क सकती थी।

#### विक्टोरिया म्बोको पैन पैसिफिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**टोक्यो, वार्ता।** कनाडाई किशोरी विक्टोरिया म्बोको ने बुधवार को जर्मनी की क्वालीफायर ईवा लिस को हराकर पैन पैसिफिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अंतिम आठ में उनका सामना हमवतन लेयला फर्नांडीज या पूर्व लवबलडन चैंपियन एलेना रिबा. कना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यहां खेले गए मुकाबले में म्बोको ने जर्मन क्वालीफायर को 55 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-1 से हरा दिया। इस वर्ष के फ्रेंच ओपन में दोनों खिलाड़ियों के बीच मुक. ाबला हुआ था जहां म्बोको ने भी जीत हासिल की थी। मैच के बाद म्बोको ने कहा कि मुझे लगता है कि आज का दिन काफी अच्छा रहा और मैच से पहले, मुझे पता था कि ईवा एक बहुत ही कड़ी प्रतिद्वंद्वी होने वाली है। वह पिछले कुछ हफ्तों से काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## विंडीज ने रोमांचक सुपर ओवर जीतकर सीरीज बराबर की



**ढाका, वार्ता।** रिशाद हुसैन का ऑलराउंड प्रदर्शन बेकार गया, क्योंकि वेस्टइंडीज ने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा वनडे सुपर ओवर में जीतकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

शाई होप की 67 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी अहम साबित हुई और वेस्टइंडीज ने स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन अकील हुसैन ने सुपर ओवर में 11 रनों का बचाव करते हुए धैर्य बनाए रखा। जीत के लिए 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज ने पहले ही ओवर में ब्रैंडन किंग को शून्य पर गंवा दिया। हालांकि, एलिक अथानाज़े और कीसी कार्टी के बीच धीमी लेकिन स्थिर अर्धशतकीय साझेदारी ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाल लिया।

रिशाद ने दोनों बल्लेबाजों को पगबाधा आउट कर दिया और बीच के ओवरों में टीम का स्कोर 34वें ओवर तक 7 विकेट पर 133 रन हो गया। हालांकि, होप ने जस्टिन ग्रीव्स और होसेन के साथ मिलकर पारी को संभाला और दोनों के साथ क्रमशः 44 रनों की साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज मैच के रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा था। आखिरी दो गेंदों पर तीन रनों की जरूरत थी, लेकिन सैफ हसन ने होसेन को बोल्ड कर दिया, जिससे खैरी पियरे ने वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। 11वें नंबर के बल्लेबाज की गेंद पर ऊपरी किनारा लगा और विकेटकीपर, जो गेंद को कवर कर रहा था, ने उसे गिरा दिया, जबकि वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दो रन लेकर स्कोर बराबर कर दिया।

सुपर ओवर में प्रवेश करते हुए, शेरफेन रदरफोर्ड ने मुस्तफिजुर रहमान की एक धीमी गेंद को कवर फील्डर के हाथों में मारा। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर का अच्छा इस्तेमाल किया, इसलिए बल्लेबाजों पर गेंद को गति देने की जिम्मेदारी थी।

## फ्रेंच ओपन: लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में ही बाहर

**● लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से सीधे गेम में हार गए है**

**सेसन-सेविग्ने, वार्ता।** भारत के लक्ष्य सेन को फ्रेंच ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। वह मंगलवार को सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में आयरलैंड के नहत गुयेन से सीधे गेम में हार गए। ओलंपिक्सडॉटकॉम वेबसाइट के अनुसार, सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में विश्व के 29वें नंबर के आयरिश शटलर के खिलाफ बैडमिंटन रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन को 43 मिनट में 21-7, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। गुयेन ने आक्रामक शुरुआत की और लगातार चार अंक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली। सेन मध्यांतर तक 11-6 से पीछे थे, लेकिन केवल एक अंक ही जोड़ पाए और आयरिश खिलाड़ी ने पहला



गेम आसानी से जीत लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह आगे बढ़ा।

गुयेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सेन ने वापसी करते हुए 7-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, गुयेन ने फिर से चार अंकों की बढ़त बना ली और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे हाफ में भी अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन गुयेन की शुरुआती बढ़त निर्णायक साबित हुई। दोनों बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच यह चौथी भिड़ंत थी और गुयेन की सेन पर पहली जीत थी। वेबसाइट के अनुसार, इस नतीजे के साथ ही सेन की बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर 2025 सीजन में 17 स्पर्धाओं में से 11वीं बार पहले दौर में हार हुई। हालांकि, लक्ष्य सेन पिछले महीने हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे थे और हाल ही में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल तक उनके सफर में गुयेन और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटनसन पर जीत शामिल थी। इस बीच, भारत की मिश्रित युगल जोड़ी, रोहन कपूर और रुथविका गाडे ने मिश्रित युगल के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में यूक्रेन के ओलेक्सी टिटोव और येवहेनिया कांतेमिर को 21-12, 21-19 से हराया।

यह भारतीय जोड़ी गुरुवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में दुनिया की छठे नंबर की फ्रांसीसी जोड़ी थॉम गिक्वेल-डेल्फिन डेलरू से भिड़ेगी। इस बीच, शीर्ष भारतीय पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-जो पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स दोनों में फाइनलिस्ट रहे थे-बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे और पिछले हफ्ते डेनमार्क ओपन के छठे सेमीफाइनल में हार के बाद इस सीजन का अपना पहला खिताब हासिल करने के इरादे से उतरेंगे।

## हरभजन सिंह, पोलार्ड पीयूष चावला अबू धाबी टी-10 में खेलेंगे

**● इस टूर्नामेंट में सभी आठ प्रतिभागी फ्रेंचाइजी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और युवा प्रतिभाओं के साथ ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी**

**अबू धाबी, वार्ता।** क्रिकेट का सबसे तेज फॉर्मेट अबू धाबी टी-10 के 9वें संस्करण में हरभजन सिंह, आंद्रे रसेल, कीरोन पोलार्ड, शिमरोन हेटमायर, पीयूष चावला और फाफ डू प्लेसिस जैसे दिग्गज क्रिकेटर नई टीमों के साथ मैदान में उतरेंगे।

जायेद क्रिकेट स्टेडियम में 18 से 30 नवम्बर चलने वाले इस टूर्नामेंट में सभी आठ प्रतिभागी फ्रेंचाइजी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और युवा प्रतिभाओं के साथ ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी। अजमान टाइटन्स ने इस सीजन में भारत के विश्व कप विजेता टीम के स्पिनर रहे पीयूष चावला को टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने मोईन अली, रिली रोसो और एलेक्स हेल्स को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी लाइनअप को भी मजबूत किया है। शीर्ष क्रम में अनुभव और ताकत दोनों बढ़ी है। मोईन अली से टाइटन्स के लिए न केवल एक आक्रामक बल्लेबाज के रूप में, बल्कि स्पिन विभाग में एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में भी अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। एस्पिन स्टैलियंस ने आगामी अबू धाबी टी-10 के लिए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह को अपनी टीम में शामिल किया है। हरभजन की स्पिन, सैम बिलिंग्स की चतुर बल्लेबाजी है।

## बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में बड़ी जीत दर्ज की



**● लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई**

**मैड्रिड, वार्ता।** फर्मिन लोपेज की हैट्रिक से एफसी बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर ओलंपियाकोस को 6-1 से हराकर इस सीजन की अपनी दूसरी चैंपियंस लीग जीत दर्ज की। वहीं आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। फर्मिन लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। स्पेन के विंगर ने मेजबान टीम को हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त दिला दी थी, लेकिन अयूब एल काबी ने ओलंपियाकोस के लिए पेनल्टी के जरिए जवाबी गोल दागा। फर्मिन लोपेज ने अपना तीसरा गोल 76वें मिनट में किया। लामिन यामल (68वें मिनट) और मार्कस रैशफोर्ड के दो गोलों से बार्सिलोना ने ओलंपियाकोस को 6-1 से हराया। एक अन्य मुकाबले में आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। आर्सेनल के लिए विक्टर ग्योकेरेस ने दो गोल किए। दोनों टीमों के बीच पहले हॉफ में कड़ा संघर्ष हुआ। इस दौरान दोनों टीमों के पास गोल के कई अवसर मिले लेकिन वे इसे भुनाने में विफल रहे। हॉफ टाइम के बाद सेंटर-बैक गेब्रियल मैगलहेस ने 57वें मिनट में डेक्लन राइस के सटीक फ्री-किक पर हेडर से गोल कर टीम का खाता खोला। आर्सेनल ने 14 मिनट में चार गोल किए।

## जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान और पारी और 73 रनों से हराया

**हरारे, वार्ता।** रिचर्ड एन्गारावा (पांच विकेट) और ब्लेसिंग मुजारबानी (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर जिम्बाब्वे ने एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को अफगानिस्तान को पारी और 73 रनों से करारी शिकस्त दी। अफगानिस्तान ने कल के दूसरी पारी में एक विकेट पर 34 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में रहमानउल्लाह गुरबाज (नौ) के रूप में अफगानिस्तान का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें टनका चिवंगा ने आउट किया। इसके बाद 18वें ओवर में रिचर्ड एन्गवारा ने इब्राहिम जदरान (42) को अपना शिकार बना लिया। कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी सात रन चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। बाहिर शाह और अफसर जजाई ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 49 रन जोड़े। 30वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने बाहिर शाह 32 रन को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया।

## इस्मत को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के खिलाड़ी इस्मत आलम को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस्मत को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने' से संबंधित है। 24 महीने में उनका पहला अपराध देखते हुए उन्हें फटकार लगाई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह घटना मंगलवार को जिम्बाब्वे की पहली पारी के 90वें ओवर में उस समय हुई, जब इस्मत ने अपने फॉलो थ्रू पर गेंद को फील्ड किया।

### रामनगर राम मंदिर में मनाया गया गोवर्धन और अन्नकूट पर्व

# श्रीकृष्ण की 15 फिट लंबी प्रतिमा बनाकर किया पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की के रामनगर स्थित राम मंदिर में गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की 15 फिट लंबी प्रतिमा बनाकर पूजा की गई, साथ ही छप्पन भोग और अन्नकूट का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजन आरती कर श्री कृष्ण भगवान का आशीर्वाद लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सनातन धर्म सभा द्वारा रामनगर स्थित राम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में गोवर्धन महाराज की भव्य प्रतिमा बनाई गई। इस दौरान डिम्पल वैद्य और कैलाश शास्त्री ने संयुक्त रूप से मंत्रोचारण कर पूजा अर्चना करवाई।उसके बाद आरती और परिक्रमा कर उनका आशीर्वाद लिया। भगवान कृष्ण को 56 भोग प्रसाद अर्पित कर अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।



इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया।सभा के अध्यक्ष रामजी भटेजा ने कहा यह पूजा भगवान कृष्ण द्वारा इंद्र का अहंकार तोड़ने की कथा से जुड़ी है, इस दिन विशेष रूप से गायों, पर्वत और अन्न की पूजा का महत्व है। सनातन धर्म सभा अपनी संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन करती है। कांग्रेस महासचिव सचिन गुप्ता ने कहा कि भगवान कृष्ण की प्रत्येक लीला हमें एक संदेश देती है जिस प्रकार श्री कृष्ण ने अपनी एक अंगुली से गोवर्धन पर्वत उठाकर लोगों की रक्षा की तो वहीं इंद्रदेव का भी अहंकार नष्ट किया। इस मौके पर सचिन गुप्ता, ललित मोहन अग्रवाल, मन्नू मेहंदीरत्ता, ग्रीश अनेजा, गुलशन अनेजा, सतीश कालरा, पार्षद पंकज सतीजा, संजीव मेहंदीरत्ता, जगदीश मेहंदीरत्ता , डिम्पल वैद, धर्मपाल लखानी, दीपक बतरा, दलीप मेहंदीरत्ता, प्रवीण मेहंदीरत्ता, संजय अरोड़ा, सचिन तनेजा, संजीव लखानी, विशाल भारद्वाज, तरुण पिपलानी, सेंकी ढींगरा, मनमोहन शर्मा, संतोष अरोड़ा, रवि भटेजा आदि उपस्थित रहे।

# भगवान गोवर्धन की पूजा कर किया भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नहर किनारा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर घाट में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

गंगनहर किनारे स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधि विधान से गोवर्धन पूजन की। मंदिर के मुख्य पुजारी राम गोपाल पाराशर ने पूजन कराया। मुख्य पुजारी ने बताया कि आज के दिन भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर के इंद्र के क्रोध से गोकुल वासियों की रक्षा की थी। तभी से यह पर्व प्रचलित हुआ। पूजा अर्चना के बाद गंगा किनारे स्थित घाट पर श्रद्धालुओं को भगवान का प्रसाद भी भंडारे के रूप में वितरित किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष सुभाष सरीन, प्रमोद जौहर, प्रदीप परुथी, दमन सरीन,विजय सेठी, नरेश अरोड़ा, सरिता गोयल, राजबाला, राजकुमारी, सुचि चांदनी, पुष्पा आदि मौजूद रहे। रामनगर स्थित श्री संकट मोचन मंदिर में भी भगवान गोवर्धन की पूजा विधि विधान के साथ मंदिर के मुख्य पुजारी गोविंद ने कराई। श्रद्धालुओं ने भगवान गोवर्धन की भगवान पूजा अर्चना के साथ उनकी परिक्रमा की। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं को भगवान का प्रसाद भी वितरित किया गया।

### विकास कार्यों की स्वीकृति कराने को लेकर

# ग्रामीणों ने जताया विधायक का आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दिवाली के अवसर पर खानपुर विधायक उमेश कुमार के द्वारा अपनी जनता के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी उपहार स्वरूप दी गयी है। जिन गांवों में इन विकास कार्य को कराया जाएगा वहां खुशी की लहर दौड़, ग्राम भुक्कनपुर ग्राम जौरासी-जबरदस्तपुर, ग्राम जैनपुर ग्राम टोडा कल्याणपुर, नंदा कॉलोनी, नगला इमरती खटका आदि गांव में यह करोड़ों रुपए के विकास कार्य नवंबर माह से टेंडर प्रकिया के बाद शुरू हो जाएंगे, खानपुर विधायक के द्वारा करोड़ो रुपए की सौगात बांगर और खादर के विकास के लिए राज्य योजना निधि के अंतर्गत दी गयी है।

खानपुर विधायक लगातार अपने विधानसभा में बड़ी-बड़ी योजनाएं लाने का काम कर रहे हैं, खादर से लेकर बांगर तक कानपुर विधायक के द्वारा गांव और कॉलोनी में मुख्य मार्ग में सड़कों का कार्य आंतरिक और बाह्य विकास कार्यों के रूप में कराया जा रहा है तो इसी कड़ी में कानपुर विधायक के द्वारा राज्य योजना अंतर्गत गांव में कॉलोनी को दिवाली के अवसर पर दिवाली का बड़ा उपहार करोडो रुपए के मार्ग में आंतरिक सड़के स्वीकृत कराकर देने का काम किया गया है खानपुर विधायक के द्वारा बताया गया है कि ग्राम भुक्कनपुर में मुख्य मार्ग व आंतरिक सड़को का निर्माण कार्य लगभग 92 लाख की लागत से कराया जाएगा तो वही जैनपुर में नाला निर्माण कार्य जो कि गांव की सबसे बड़े प्रमुख समस्या थी उसकी निजात के लिए 57 लख रुपए की लागत से इस कार्य को कराया जाएगा तो वही टोडा कल्याणपुर आर्मी गेट से खटका बाईपास तक जर्जर मार्ग का निर्माण व आंतरिक सड़कों का निर्माण 61 लख रुपए की लागत से कराया जाएगा तो वहीं खटका बाईपास से ग्राम जौरासी जबर्दस्तपुर को जोड़ने वाले अति महत्वपूर्ण मार्ग को बनाने की मांग वर्षों से गांव वालों की चली आ रही थी जिसे अब 77 लख रुपए की लागत से बनाया जाएगा। तो वही ग्राम जोरासी जबरदस्त पर में ही आंतरिक मार्गों व सड़कों का निर्माण कार्य 94 लाख की लागत से करने का काम किया जाएगा। तो वही खादर के भी कहीं इलाकों में भी खानपुर विधायक उमेश कुमार के द्वारा करोड़ों रुपए की सौगात दी गई है। जैसे ही मंगलवार की दोपहर इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिली तो सभी गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और दोपहर से देर रात तक इन इलाकों में जश्न का माहौल था। लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ में जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। वही खानपुर विधायक का इन विकास कार्यों की स्वीकृत करने पर सभी ग्रामीणों ने हार्दिक आभार भी जताया है।

# ढाबे में लगी आग, सामान जलकर हुआ राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार रोड स्थित श्री राम रेजीडेंसी के पास एक ढाबे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से ढाबे में रखा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के हरिद्वार रोड स्थित श्री राम रेजीडेंसी एक ढाबे पर आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर ढाबे में लगी आग को हाई प्रेशर वाहन से होज रील फैलाकर पूर्ण रूप से बुझाया गया। आग से दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक कांटा कुर्सियां मेज गेस पाइप रेगुलेटर अन्य सामान जल गया है आग से छत की चादरें भी क्षतिग्रस्त हो गई अन्य कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड की टीम में लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा,चालक नरेंद्र सिंह तोमर, फायरमैन हरिश्चंद्र राणा और फायरमैन दिनेश चौहान मौजूद रहे।



# गांव के ही चार लोगों पर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा बुधवार को थाने में तहरीर देकर गांव के ही चार लोगों पर अपने पुत्र के साथ गाली-गलौज मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर जान से मारने के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम खजुरी निवासी धर्मेंद्र द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र मांगेराम गांव में ही परचून की दुकान पर घर का कुछ सामान लेने के लिए गया था। उसी समय रास्ते में रोक कर गांव के ही शाहिद साकिब इरशाद तथा शाह आलम द्वारा उसे गाली गलौज दी गई ।गाली देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई तथा मेरे पुत्र के गले में किसी नोकदार चीज से कई वार कर उसे मारने का प्रयास किया गया। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# विवाहिता को जहर देकर मारने का आरोप पति, सास व ननद के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति द्वारा बुधवार को थाने में तहरीर देकर अपनी पुत्री को जहर देकर जान से मारने का आरोप लगाते हुए पुत्री के पति सास तथा ननद के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी जसवीर सिंह द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री पूजा का विवाह 3 वर्ष पूर्व ग्राम शेरपुर खेल मऊ निवासी अनुज के साथ हुआ था। उसने अपनी पुत्री के विवाह में लगभग 25 लाख रुपए दान दहेज के लिए खर्च किए थे। विवाह के कुछ समय तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा। बाद में पुत्री को अपने मायके से रुपए लाने की मांग करते हुए परताडित किया जाने लगा। विवाह के दो वर्ष बाद पुत्री ने एक पुत्र को जन्म दिया। उसके बाद भी ससुराल वाले पुत्री को परताड़ित करते रहे ।12 अक्तबर की शाम को सूचना मिली कि उसकी पुत्री को ससुराल वालों द्वारा जहर देकर मार दिया गया है। सूचना मिलते ही वह गांव में पहुंचे वहां पता लगा कि वह उसकी पुत्री को समाज दिखावे के लिए इधर-उधर डॉक्टर के यहां दिखा रहे हैं। देहरादून स्थित डॉक्टर के यहां इलाज के दौरान उसकी पुत्री की मौत हो गई थी। उसने अपनी पुत्री का अंतिम संस्कार कस्बे में ही किया किया था। उक्त द्वारा अपनी मृतक पुत्री के पति अनुज सास मुकेश देवी तथा ननद अनु देवी के खिलाफ जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है ।थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पुलिस ने लंढौरा में प्रतिबंधित कचरे से भरे दो वाहन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** पुलिस ने प्रतिबंधित इंधन जलाने को लेकर मिल रही शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए प्लास्टिक के कचरे और खराब कपड़े से भरे दो वाहनों को पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े गए वाहनों को सीज कर दिया है। लंढौरा और आसपास के इलाके में संचालित गन्ना कोल्हुओं में काफी समय से खोई की जगह प्लास्टिक का कचरा और खराब कपड़े जला कर गुड़ बनाया जा रहा है। इससे क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए तहसील प्रशासन की टीम लगातार छापामार कार्रवाई कर रही है। इसी मामले को लेकर अब पांच कोल्हू सील किए जा चुके है। लेकिन इसके बाद भी कोल्हुओं में लुकाछुपी से प्रतिबंधित ईंधन जलाया जा रहा है। मंगलवार रात को लंढौरा पुलिस ने प्लास्टिक के कचरे और खराब कपड़े से भरे एक ट्रक और ट्रैक्टर टॉली को पकड़ा है। दोनों वाहनों को सीज कर दिया गया है। चौकी प्रभारी महिपाल सैनी का कहना है कि प्लास्टिक का कचरा और खराब कपड़ा कोल्हू में जलाने के लिए ले जाया जा रहा था।



# नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने वाले को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसला कर भागने वाले वांछित आरोपी को दबोच कर न्यायालय पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार निवासी भगवानपुर के द्वारा तहरीर दी की प्रतिवादी शेखर पुत्र ऋषिपाल निवासी लोधीपुर जनपद सहारनपुर उ0प्र0 द्वारा वादी की नाबालिग बहन उम्र 15 वर्ष को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध दी जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0-284/2025 धारा-137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया ततपश्चात वांछित अभि0 को पकडने के लिये टीम गाठित की गई थी। गठित टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त वांछित अपराधी की तलाश/गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किये जा रहे थे। दिनांक-22/10/2025 को थाना भगवानपुर पुलिस टीम उपरोक्त वांछित अपराधी की तलाश/गिरफ्तारी हेतु भगवानपुर क्षेत्र मे मामूर थी तो मुखबिर खास द्वारा सूचना के आधार वांछित अभि0 शेखर पुत्र ऋषिपाल निवासी लोधीपुर जनपद सहारनपुर उ0प्र0 कोगिरफ्तार किया गया। जिसे समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा तथा मुकदमा उपरोक्त मे धारा 137 (2)/64(2)(उ)/65(1) बीएनएस व 5(स)6 पोक्सो एक्ट की बढौतरी की जाती है। पुलिस टीम का विवरण'-म0उ0नि0 किरण गुसांई-हैड कानि0 सुन्दर सिंह थाना भगवानपुर शामिल रहे।

# धारदार हथियार से हमला कर ग्रामीण का कान काटा

**लक्सर।** रंजिश में ग्रामीण पर घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। इससे ग्रामीण का कान कट गया। ग्रामीण की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने एक महिला सहित एक ही परिवार के तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली के निरंजनपुर गांव निवासी पदम सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला परिवार उनसे रंजिश रखता है। 25 सितंबर को शाम के समय वह और उसकी पत्नी अनिता अपने घर में बैठे थे। तभी आरोपी सूर्या व सन्नी और उनकी मां मुकेश देवी हाथ में लाठी व धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस आए। वहां उसपर और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। वहीं सूर्या ने धारदार हथियार से उसपर वार किया जिससे उसका कान कट गया।

# बाइक व ई-रिक्शा की टक्कर में एक की मौत, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में एक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मंगलौर क्षेत्र के कुरड़ी निवासी सन्नी और गुड्डू उर्फ देशपाल बाइक से रुड़की से कलियर की ओर आ रहे थे। जैसी ही वह कलियर पहुंचे तो उनकी बाइक ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रुड़की सिविल अस्पताल भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने गुड्डू उर्फ देशपाल 27 वर्षीय को मृत घोषित कर दिया। सन्नी की हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई हैं।

### पटाखे की आवाज से भड़का पड़ोसी

# किशोर पर फेंका तेजाब, गंभीर ग्रामीणों ने की जमकर पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के गांव भिक्कमपुर में देर रात घर के बाहर रास्ते में पटाखे जलाने को लेकर बवाल हो गया। इस दौरान गुस्साए ग्रामीण ने पटाखे जलाने वाले युवक के ऊपर छत से तेजाब डाल दिया। युवक झुलसने से गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने तेजाब फेंकने वाले व्यक्ति की पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी। साथ ही पुलिस को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार भिक्कमपुर निवासी सौरभ 16 वर्ष मंगलवार दीवाली के मौके पर घर के बाहर दोस्तों के साथ पटाखे जला रहा था इसी दौरा पडौसी गोवर्धन ने एतराज जताया तो बच्चों ने अनसुना कर दिया। वह पटाखे जलाकर दीवाली मनाते रहे। जिससे नाराज होकर गोवर्धन ने तेजाब की बोतल लाकर किशोर के ऊपर फेंक दिया जिससे सौरभ के चेहरे व हाथ बुरी तरह झुलस गये। वह दर्द से बुरी तरह चीखने चिल्लाने लगा तो परिजन भी घर के बाहर आ गये। वहीं घटन के बाद पडौसियों ने आरोपी को पकड कर जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर कोतवाल भी मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले को शांत कराया। बाद में घायल युवक को पुलिस ने सिविल अस्पताल रेफर करा दिया।

# हर्षोल्लास से मनाया गया गोवर्धन का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में गोवर्धन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतिमा बनाकर उसमें कुछ कृषि यंत्र रखकर पूजा पाठ करते हुए भगवान श्री कृष्ण से लोगों द्वारा सुख शांति की कामना की गई। कस्बा तथा ग्रामीण क्षेत्र में गोवर्धन पर्व पर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत प्रतिमा बनाकर उसमें बेर गन्ने तथा सरकंडे रखकर पूजा अर्चना कर हलवा पुरी का भोग लगाते हुए भगवान श्री कृष्ण से सुख शांति की कामना की गई । किवदंती है कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा इस दिन इंद्र के प्रकोप से गोकुल वासियों को बचाने के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर वर्षा के पानी से गोकुल वासियों की रक्षा की थी। तथा इंद्र का अभियान चूर किया था उसे दिन से लोगों द्वारा वर्षा के देवता इंद्र की पूजा छोड़कर गोवर्धन की पूजा करनी शुरू कर दी।

# दीपावली की आतिशबाजी में 21 घायल, 2 हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** दीपावली के जश्न के दौरान कई बच्चों और लोगों को चोटें आई हैं। कुछ घायलों को सरकारी तो कुछ को निजी अस्पताल ले जाया गया। निजी अस्पताल से दो बच्चों को हायर सेंटर रेफर किया गया। डॉक्टर ने कहा कि आतिशबाजी के वक्त सावधानियां बरतना जरूरी है। सोमवार रात पूज-अर्चना कर शहर और देहात के लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। इस बीच जरा सी लापरवाही से लोगों के हाथ और आंखें घायल हो गई। रुड़की, लक्सर, लंढौरा, इकबालपुर, धनौरी, भगवानपुर, झबरेड़ा, नगला इमरती, जौरासी आदि स्थानों से 14 बच्चे अभिलाषा आई अस्पताल पहुंचे। सात लोग घायल अवस्था में सिविल अस्पताल घायल अवस्था में आए थे। जहां पहले से दीपावली के लिए तैनात डॉक्टरों ने घायलों का उपचार किया।

# जिलाध्यक्ष कोई भी बने, पार्टी के लिए करेंगे काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के दरगाहपुर में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष के दावेदार मोहम्मद आरिफ ने कहा पार्टी जिसे भी जिला अध्यक्ष बनाएगी उसी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। चुनाव पूर्व प्रधान मोहम्मद आरिफ ने कहा की पार्टी जनहित के मुड़दों पर चुनाव लड़ेगी और 2027 में कांग्रेस पार्टी का उत्तराखंड में परचम लहराएगा। उन्होंने कहा भाजपा केवल लोगों को बहका कर राजनीति करती है। विकास के नाम पर कोई कम नहीं करती। उन्होंने यह भी कहा की जो कांग्रेस सरकर में बंध बनाया गया था ईस डबल इंजन की सरकार ने उसकी मर्ममत भी नहीं की है किसान मजदूर व्यापारी नौजवान ईस सरकार में सभी परेशान है। पूर्व प्रधान जगबीर सिंह ने कहा की 2027 के चुनाव में दलित समाज तन मैं धन से कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा और कांग्रेस की सरकर बनवाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ कार्य कर्ता कमल चौधरी ने कहा की आने वाला भविष्य कांग्रेस का है और 2027 में कांग्रेस की सरकर बनने जा रही है। उन्होंने कहा भाजपा केवल जहरिली राजनीति करती है उसके पास विकास के बारे में कोई मुद्दा नहीं है।



# लक्सर पुलिस ने चार संदिग्ध युवक पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चार अवैध चाकू बरामद हुए हैं। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया त्योहारि सीजन के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे हैं ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के उद्देश्य से एसएसपी हरिद्वार के निर्देशन में जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा चेकिंग के दौरान 21 सितंबर 2025 को चार संदिग्ध व्यक्तियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चार अवैध चाकू बरामद हुए जिनके खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम कमरुल पुत्र बाबू निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी साहिल पुत्र सफीक निवासी उपरोक्त समीर पुत्र मोहम्मद अली निवासी उपरोक्त साहिल पुत्र राशिद अली निवासी उपरोक्त उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल संदीप रावत आशीष पांडे सतपाल राणा मदन वर्मा अरविंद चौहान संदीप रावत अक्षय तोमर अनिल रावत शामिल रहे पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025

# दिल्ली की आबो-हवा

दिवाली के तीसरे दिन भी दिल्ली की आबो हवा जहरीली बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट बताती है कि सुबह 7 बजे दिल्ली का एआईक्यू 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है। हालात यह हैं कि दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल रेड जॉन में है, जिसका मतलब है कि यह एक गंभीर स्तर है। वैसे सबसे अधिक प्रदूषण की बात करें तो देश की राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा में हवा सबसे अधिक प्रदूषित हुई है। सीपीसीबी के अनुसार दस शहर जो सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले माने गए हैं, उनमें 8 हरियाणा के हैं और एक राजस्थान का शहर है, दिल्ली दसवें नंबर पर आती है। इसका सबसे बड़ा कारण पटाखों का अंधाधुंध प्रयोग बताया जा रहा है। यूं भी सुप्रीम कोर्ट ने इस बार 15 अक्टूबर को दिल्ली एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी, यह इजाजत कुछ शर्तों के साथ थी। कोर्ट ने कहा था कि चार दिनों के दौरान लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे छोड़ सकेंगे, लेकिन देखने में आया कि सुप्रीम कोर्ट की इस हिदायत को जमीनी स्तर पर अमल में नहीं लाया गया और लोगों ने दिल खोलकर सुबह से लेकर देर रात तक जमकर पटाखे फोड़े। जिसके चलते मंगलवार सुबह दिल्ली में घनी धुंध छा गई और रात में भारी मात्रा में पटाखे छोड़े जाने के बाद एयर क्वालिटी रेड जॉन में चली गई, जैसाकि होता है दिल्ली में प्रदूषण को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई। दिल्ली की सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाब सरकार को प्रदूषण बढ़ने का जिम्मेदार ठहरा दिया। उन्होंने पंजाब में पराली जलाने का वीडियो दिखाते हुए कहा है कि पंजाब की आप सरकार ने किसानों को खेतों में पराली जलाने के लिए मजबूर किया, जिससे दिल्ली की आबो हवा खराब हुई। यह बेहद शर्म की बात है कि हम प्रदूषण से निपटने के लिए एक दूसरे पर आरोप लगाने का काम करते हैं। जबकि इसकी रोकथाम के लिए जिस तरह की गंभीर पहल होनी चाहिए, उससे बहुत दूर चले जाते हैं। कमी कहीं भी हो, उसको दूर करने से ही हालात सुधरेंगे। प्रदूषण कोई किसी का निजी मामला नहीं है और यह सीधे लोगों के जीवन से जुड़ा है। जो हमारे स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करता है। सच यह भी है कि प्रदूषण को लेकर हम अन्य यूरोपीय देशों से अभी बहुत पीछे हैं। जिस तरह की गंभीरता व दूरदर्शिता प्रदूषण को लेकर होनी चाहिए, वह हमारे देश में अभी नहीं है। अन्य शहरों के बारे में तो क्या कहना और दूर-दराज के गांव देहात की बात क्या करनी, जब देश की राजधानी में रहने वाले लोग ही प्रदूषण को लेकर गंभीर दिखाई नहीं देते, तो भलीभांति समझा जा सकता है कि अभी पर्यावरण का मामला हमारे लिए प्राथमिकता में नहीं है और यह तब है जब बार-बार सरकार की ओर से भी चेतावनी दी जाती है, सुप्रीम कोर्ट भी हिदायत देता है कि लोग पटाखे छोड़ते समय सतर्कता बरतें, लेकिन हम तमाम बातों की परवाह किए बिना अंधाधुंध पटाखे फोड़कर जहां आर्थिक रूप से अपने आपको हानि पहुंचाते हैं वहीं प्रदूषण को भी निमंत्रण देते हैं।

## विलासिता के पीछे भागने वाले



भ्रष्टाचार विरोधी संस्था लोकपाल कार्यालय का अब अपने सदस्यों के लिए बीएमडब्ल्यू कारें खरीदते देखना दुखद है, यह ईमानदारी के रखवाले कम, विलासिता के पीछे भागने वाले ज्यादा लगते हैं, मेरे पिता डा. एलएम सिंघवी ने 1960 के दशक में लोकपाल की अवधारणा प्रस्तुत की थी और वह खुद लोकपाल पर संसदीय समिति के अध्यक्ष रहे हैं, 2019 में स्थापना के बाद से लोकपाल को 8,703 शिकायतें मिलीं, जिनमें से केवल 24 की जांच हुई और 6 मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई, ऐसी स्थिति में 70 लाख की बीएमडब्ल्यू कारें, यह भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था कम, पालतू जानवर ज्यादा लगता है।

**–अभिषेक सिंघवी, राष्ट्रीय प्रवक्ता, कांग्रेस**

# कांग्रेस: भारत की स्थायी विपक्षी शक्ति और संभावित पुनरुत्थान की राह



**वीरेश तरार**

भारतीय लोकतंत्र के विस्तृत इतिहास में यदि कोई दल ऐसा है जिसने इस देश के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को सबसे गहराई तक प्रभावित किया है, तो वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है। कांग्रेस केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं रही, बल्कि यह भारत की आत्मा में बसी वह चेतना है जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान निर्माण और आधुनिक भारत के ढांचे तक अपनी अमिट छाप छोड़ी है। स्वतंत्रता आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका किसी संगठनात्मक उपलब्धि भर नहीं थी, बल्कि वह एक जनजागरण थी जिसने भारत के हर कोने के नागरिक को एक साझा राष्ट्रीय चेतना से जोड़ा। यही कारण है कि सत्ता में उतार-चढ़ाव के बावजूद कांग्रेस का विचार भारत की मिट्टी में जीवित है।

आज जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता के शिखर पर है और अपने को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहती है, तब भी यह स्वीकार करना होगा कि कांग्रेस अब भी इस देश की स्थाई विपक्षी शक्ति है। भाजपा की राजनीतिक सफलता वर्तमान समय की परिस्थितियों की उपज है, परंतु कांग्रेस का अस्तित्व भारतीय समाज की गहराई में निहित है। यह सच है कि आज भाजपा के पास संसाधन, संगठन और सत्ता है, लेकिन उसकी वैचारिक स्थिरता उतनी मजबूत नहीं जितनी भारत के लो. कतांत्रिक चरित्र के अनुरूप आवश्यक है। भाजपा का आधार हिंदुत्व की राजनीति है, परंतु हिंदू धर्म का स्वरूप ही इतना विविध और बहुआयामी है कि उसे किसी एक राजनीतिक या धार्मिक धारा में सीमित नहीं किया जा सकता। देश में शिव, विष्णु, ब्रह्मा, काली, दुर्गा, हनुमान जैसे असंख्य देव रूपों की उपासना करने वाले मत-परंपराएं हैं। यह विविधता ही भारत की पहचान है और यही विविधता भाजपा की वैचारिक एकरूपता के रास्ते में स्वाभाविक चुनौती है।

कांग्रेस इस विविधता का राजनीतिक रूपांतरण है। यह विचारधारा किसी एक धर्म या समुदाय की नहीं, बल्कि भारतीयता की अभिव्यक्ति है। कांग्रेस ने हमेशा सभी वर्गोंकृदलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, किसानों, मजदूरों, बुद्धिजीवियों, छात्रों और महिलाओंकृको साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। यही कारण है कि भाजपा की एकरूपी विचारधारा के मुकाबले कांग्रेस अब भी भारत की बहुलता और धर्मनिरपेक्षता का सजीव प्रतीक है।

भले ही वर्तमान में कांग्रेस सत्ता से दूर है, परंतु यह स्थिति उसकी विचारधारा की पराजय नहीं, बल्कि सांगठनिक कमजोरी का परिणाम है। कांग्रेस ने अपने सबसे सशक्त काल में संगठन की जड़ों को बहुत गहराई तक फैलाया था। एक समय था जब कांग्रेस सेवादल उसके प्राणों में बसता था, जब गांव-गांव में कांग्रेस के कार्यकर्ता जनता के बीच उसके सिद्धांतों को जनभाषा में पहुंचाते थे। लेकिन समय के साथ संगठनात्मक शिथिलता, नेतृत्व संघर्ष और आत्मविश्वास की कमी ने उस सांगठनिक शक्ति को कमजोर कर दिया। यही वह बिंदु है जहां से कांग्रेस को अपने पुनर्निर्माण की शुरुआत करनी होगी।

कांग्रेस का वैचारिक आधार आज भी प्रासंगिक है, लेकिन उसे फिर से जनआंदोलन के रूप में जीवित करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी की यात्राओं ने इस दिशा में नई ऊर्जा का संचार किया है। भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आत्मविश्वास दिया और जनता के बीच राहुल गांधी को एक संवेदनशील, विचारशील और जमीनी नेता के रूप में स्थापित किया। यह यात्राएं कांग्रेस के पुनर्जागरण का आरंभ बन सकती हैं, यदि इन्हें सांगठनिक ढांचे में परिवर्तित किया जाए। कांग्रेस को अब केवल भाषणों या अभियानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपने पुराने सांगठनिक ढांचे को नए रूप में पुनर्स्थापित करना होगा, जिसमें सेवादल, महिला संगठन, छात्र इकाई और पेशेवर प्रकोष्ठों की निर्णायक भूमिका हो। भाजपा की आज की सफलता प्रतिक्रियात्मक राजनीति की देन है। उसने धर्म के नाम पर एकजुटता तो दिखाई, लेकिन यह एकजुटता स्थाई नहीं हो सकती। यह भय, विरोध और विभाजन पर आधारित एक अस्थाई गठजोड़ है। दूसरी ओर, कांग्रेस का आधार प्रेम, सहअस्तित्व और न्याय की भावना है, जो भारतीय संस्कृति के मूल में निहित है। इसलिए कांग्रेस को किसी विरोध के आधार पर नहीं, बल्कि विकल्प के रूप में स्वयं को स्थापित करना होगा। जनता आज भी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समान अवसर की राजनीति चाहती है। उसे धर्म और नफरत के बजाय स्थाई समाधान चाहिए। आज भारत का मतदाता विचलित है। भाजपा की कार्यशैली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से असंतोष व्याप्त है, लेकिन विकल्पहीनता के कारण वही मतदाता भाजपा को वोट देने पर मजबूर है। यह मजबूरी कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा अवसर है। जनता स्थिर सरकार चाहती है, लेकिन यह स्थिरता किसी एक विचारधारा की बंदिश नहीं, बल्कि लोकतंत्र की साझी भागीदारी में खोजी जानी चाहिए। कांग्रेस यदि जनता को यह भरोसा दिला सके कि वह एक मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर पार्टी है, तो यही संदेश भाजपा की वर्तमान सत्ता को चुनौती देने के लिए पर्याप्त होगा। गठबंधन की राजनीति ने कांग्रेस को पहले भी नुकसान पहुंचाया है। जब-जब कांग्रेस ने किसी गठबंधन की बैसाखी ली, उसकी स्वतंत्र पहचान कमजोर हुई। आज समय है कि कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि वह सत्ता के लिए समझौता नहीं, संगठन के बल पर संघर्ष चाहती है। उसे लोकसभा चुनाव में किसी दल के साथ तालमेल नहीं करना चाहिए। क्षेत्रीय स्तर पर सहयोग तो हो सकता है, लेकिन केंद्र की राजनीति में कांग्रेस को अपनी स्वतंत्र राह पर चलना ही होगा। यह राह कठिन जरूर है, पर स्थाई है। कांग्रेस के लिए आवश्यक है कि वह संगठन को फिर से निचले स्तर से बनाना शुरू करे। हर राज्य, हर जिला, हर विधानसभा और पंचायत तक कांग्रेस का सक्रिय ढांचा तैयार होना चाहिए। सेवादल को फिर से उसकी मूल भूमिका दी जाए। महिला कांग्रेस को निर्णायक स्थान मिले, युवाओं को केवल भाषणों में नहीं, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जाए। किसान, मजदूर, बुनकर, व्यापारी, उपभोक्ता और पेशेवर वर्गों के प्रकोष्ठ सक्रिय हों। डिजिटल और सामाजिक मीडिया के नए युग में कांग्रेस को गांव से लेकर शहर तक संवाद का एक सशक्त नेटवर्क बनाना होगा। कांग्रेस की विच. ारधारा भारतीय जनमानस से मेल खाती है। भारत का बहुमत न तो कट्टर है, न विभाजनकारी। भारतीय समाज मूलत: धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु है। यह वही समाज है जो राम में भी श्रद्धा रखता है और रहीम में भी प्रेम देखता है। कांग्रेस इसी विचार की प्रतिनिधि है, और यही उसकी स्थाई ताकत है।

कांग्रेस को अपने संगठन के साथ-साथ अपने आत्मविश्वास को भी पुनर्जीवित करना होगा। सत्ता से बाहर रहना उसकी हार नहीं, बल्कि आत्मसुधार का अवसर है। भाजपा आज सत्ता में है, लेकिन उसके भीतर वैचारिक असंतुलन है। भाजपा की राजनीति व्यक्ति और प्रचार पर टिकी है, जबकि कांग्रेस की राजनीति विचार और संस्थाओं पर आधारित रही है। यही अंतर भविष्य का निर्णायक होगा। जनता को आज भी कांग्रेस से उम्मीद है। जो लोग भाजपा से निराश हैं, वे कांग्रेस से नया नेतृत्व देखना चाहते हैं, बशर्ते कांग्रेस स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हो। राहुल गांधी की यात्राओं ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस की सोच अब एक बार फिर जनआधारित आंदोलन की ओर लौट रही है। यदि यही भावना संगठनात्मक रूप ले लेती है, तो कांग्रेस की वापसी अवश्यंभावी है। भारत के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में क्षेत्रीय दलों की स्थिति भी स्थाई नहीं है। वे अधिकतर पारिवारिक पार्टियां हैं, जो परिवारों के विघटन के साथ कमजोर पड़ती जाती हैं। उत्तर और दक्षिण, दोनों भारत में ऐसी कई पार्टियां हैं जो अपने परिवारवाद के बोझ से दबकर समाप्त हो चुकी हैं। कांग्रेस को उनसे अलग राह बनानी होगी राष्ट्र की, विचार की और समावेश की राह। भविष्य का भारत वैचारिक स्थिरता, सामाजिक न्याय और आर्थिक संतुलन की मांग करता है। यह वह क्षेत्र है जहां कांग्रेस की नीतियां हमेशा से प्रासंगिक रही हैं। आज जब बेरा. ेजगारी, महंगाई, कृषि संकट और सामाजिक विभाजन देश के सामने हैं, तब एक ऐसी पार्टी की आवश्यकता है जो केवल शासन नहीं, संतुलन भी स्थापित करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धरातल पर कैसे उतरे स्वदेशी आंदोलन



**विनीत नारायण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधनों में 'वोकल फॉर लोकल' और 'हर घर स्वदेशी' की अपील के जरिए आम जनता से भारतीय वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य आर्थिक आत्मनिर्भरता, देशी उद्योगों व रोजगार बढ़ाना और भारत के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक मजबूत कदम उठाना है। इस अभियान के जरिए देशभर में युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों सहित सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें 20,000 से अधिक 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान', 1,000 से ज्यादा मेले और 500 'संकल्प रथ' यात्राएं आयोजित करने का भाजपा का कार्यक्रम है। भाजपा और संघ के कार्यकर्ता इन दिनों इस 'स्वदेशी' अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने में जुटे हैं। अगले तीन महीने में वे लोगों को भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए स्वदेशी व स्वावलंबन के ऐतिहा. सिक अभियान को फिर से स्थापित किया जा सके।


इसी क्रम में पिछले दिनों एक दिवाली मेले के दौरान दक्षिण दिल्ली के महरौली और वसंत कुंज क्षेत्र के बीजेपी विधायक गजेंद्र यादव ने उपस्थित जन समुदाय से स्वदेशी को अपनाने की अपील की। विडंबना देखिए कि जिस मंच से यादव पूरी गंभीरता से यह अपील कर रहे थे उसी मंच के सामने, मेले के आयोजकों ने, चीन के बने खिलौनों की दुकानें सजा रखी थीं और विदेशी कारों के दो मॉडलों को इस मेले में बिक्री के लिए रखवाया हुआ था। आम जीवन में ऐसा विरोधाभास हर जगह देखने को मिलेगा। क्योंकि पिछले चार दशकों में शहरी भारतवासी अपने दैनिक जीवन में ढेरों विदेशी उत्पाद प्रयोग करने का आदि हो चुका है। फिर भी बीजेपी का हर सांसद, विधायक और कार्यकर्ता इस अभियान को उत्साह से चला रहा है। उनका ए प्रयास सही भी है क्योंकि दीपावली पर देश भर के हिंदुओं द्वारा भारी मात्र में खरीदारी की जाती है। पिछले दो दशकों से क्रमश: चीनी माल ने भारत के बाजारों को अपने उत्पादनों से पाट दिया है।

दीवाली पर लक्ष्मी पूजन के लिए गणेश-लक्ष्मी जी के विग्रह अब चीन से ही बन कर आते हैं। पटाखे और बिजली की लड़ियां भी अब चीन से ही आती हैं। इसी तरह राखियां, होली के रंग पिचकारी, जन्माष्टमी के लड्डू गोपाल व अन्य देवताओं के विग्रह भी वामपंथी चीन बना कर भेज रहा है, जो भगवान के अस्तित्व को ही नकारता हैं। ए कितनी शर्म और दुर्भाग्य की बात है। इससे हमारे कारीगरों और दुकानदारों के पेट पर गहरी लात पड़ती है। उधर अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लागू की गई बेहूदा आयात शुल्क दरों को देखकर भी हमें जागना होगा । हमें अपने उपभोग के तरीकों को बदलना होगा। इसलिए जहां तक संभव हो हम भारत में निर्मित वस्तुओं का ही प्रयोग करें। किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जोकि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा। भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखाई देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत् निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं तभी यह आंदोलन सफल होगा।

निसंदेह 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी जी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों-दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों व उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का गणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुन: उपयोग और रीसायक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख-रखाव, जल आपूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं। इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाए तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कांग्रेस उप्र के पटल पर गौण भूमिका निभाने को अभिशप्त



**एम हसन**

1989 के विधानसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस का पतन लगातार जारी है, जब पार्टी हमेशा के लिए सत्ता से बेदखल हो गई थी। प्रतिबद्ध वोटबैंक के अभाव में, निकट भविष्य में पार्टी के लिए कोई रास्ता नजर नहीं आता। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 2027 के लिए तैयार होने के लिए राज्य संगठन में व्यापक बदलाव की योजना है, लेकिन राज्य में स्वीकार्य चेहरों के अभाव में यह कार्य कठिन प्रतीत होता है। लखनऊ, 21 अक्टूबर पिछड़ी राजनीति के पुरोधा और लोहियावादी मुलायम सिंह यादव वास्तव में भविष्यवक्ता साबित हुए जब उन्होंने दिसंबर 1989 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद एक रहस्यमय टिप्पणी की।

भाजपा के बाहरी समर्थन से सत्ता में आए यादव ने तब कहा था, अब कांग्रेस उत्तर प्रदेश में कभी सत्ता में नहीं आएगी। उस समय जनता दल का नेतृत्व कर रहे मुलायम सिंह यादव ने कांग्रेस को हराकर सत्ता संभाली थी। नारायण दत्त तिवारी अंतिम कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। अब 36 साल बाद भी, जब यूपी कांग्रेस खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रही है, यादव की बात अभी भी सच साबित हो रही है। पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय में राजनीतिक परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है। कांग्रेस के पतन और जाति-आधारित क्षेत्रीय दलों के तेजी से उदय के साथ यादव का सत्ता में आना पार्टी के लिए एक विकट स्थिति पैदा कर दी है।

तब से कांग्रेस न केवल यूपी की राजनीति में एक पतवारविहीन नाव बन गई है, बल्कि क्षेत्रीय दलों- मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी और बसपा- के पीछे गौण भूमिका निभाने को मजबूर हो गई है। 1989 के विधानसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस का पतन लगातार होता रहा है, जब पार्टी हमेशा के लिए सत्ता से बेदखल हो गई थी। प्रतिबद्ध वोट बैंक के अभाव में निकट भविष्य में पार्टी के लिए कोई राह नहीं दिखती। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 2027 के लिए लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए राज्य संगठन में आमूल-चूल परिवर्तन की योजना है कांग्रेस, जिसने 1985 में 39.25 प्रतिशत वोट के साथ 269 सीटें जीती थीं, 2022 में केवल दो सीटों के साथ 2.4 प्रतिशत वोट पर आ गई। 2009 के लोकसभा चुनाव को छोड़कर, जब पार्टी की किस्मत अच्छी थी, उत्तर प्रदेश ने भी 18.3 प्रतिशत के साथ 21 सांसदों को वापस लाकर अनुकूल प्रतिक्रिया दी, जिसने वास्तव में पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं को आश्चर्यचकित कर दिया था।

अपनी दिल खोलकर हंसने के लिए मशहूर एक केंद्रीय पार्टी पदाधिकारी को जब 2009 के चुनाव प्रचार के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की अच्छी संभावनाओं के बारे में बताया, तो उन्होंने आश्चर्यचकित होकर धीरे से चुटकी ली, दस सीटें भी हमारी इज्जत बचा लेंगी। चुनावी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2007 से अब तक हुए पिछले आठ चुनावों, विधानसभा और लोकसभा दोनों में कांग्रेस को 8.6 प्रतिशत (2007, 22 विधायक), 18.3 प्रतिशत (2009, 21 सांसद), 11.6 प्रतिशत (2012, 28 विधायक), 7.5 प्रतिशत (2014, दो सांसद), 6.3 प्रतिशत (2017, 7 विधायक), 6.31 प्रतिशत (2019, एक सांसद), 2।4 प्रतिशत (2022, 2 विधायक) और 9.46 प्रतिशत (2024, छह सांसद) वोट मिले हैं। पार्टी द्वारा एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने का कदम, जिन्होंने लड़की हूं, लड़ सकती हूं का आकर्षक नारा दिया था, भी 2022 में पार्टी को उत्साहित करने में बुरी तरह विफल रहा। कांग्रेस के 403 उम्मीदवारों में से केवल दो ही जीत सके और उनमें से चार अपनी जमानत बचाने में सफल रहे। शेष 397 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, जो राज्य में पार्टी के भविष्य को दर्शाता है। प्रियंका गांधी के नारे के कारण कांग्रेस ने 159 (40 प्रतिशत) महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था, लेकिन यह यूपी में पार्टी का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। दो विजेता प्रतापगढ़ में आराधना मिश्रा मोना (रामपुर खान) और पूर्वी यूपी के महाराजगंज में वीरेंद्र चौधरी (फरेंदा) थे।

राज्य विधानसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस राज्य में अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। द्विध्रुवीय राजनीति के उदय के साथ, जो 2027 के विधानसभा चुनावों में भी जारी रहने की संभावना है, राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस राज्य में कांग्रेस की संभावनाएं बेहद धूमिल होती दिख रही हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जो रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, राज्य में लगातार दौरे कर रहे हैं और पिछले हफ्ते फतेहपुर में लिंचिंग के शिकार एक दलित परिवार से मिलने गए, जो निस्संदेह दलित समुदाय में खोई जमीन वापस पाने के प्रयासों का संकेत है।

पार्टी गुमनामी में जाने से पहले, उसने लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के लिए ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम कार्ड भी खेला था, लेकिन वो इन समुदायों के कद्दावर नेताओं के दिन थे। यह समुदाय अब राजनीतिक रूप से बिखर चुके हैं। जहां समाजवादी पार्टी की मुसलमानों पर ऑक्टोपस जैसी पकड़ है, वहीं ब्राह्मण और दलितों का एक वर्ग भगवा ब्रिगेड में शामिल हो गया है। मायावती दलितों को वापस बसपा के पाले में लाने के प्रयास कर रही हैं। पिछड़े समुदाय इस समय मोटे तौर पर सपा और भाजपा के बीच बंटे हुए हैं। दरअसल, मुलायम सिंह यादव की पिछड़ी राजनीति कांग्रेस के लिए विनाशकारी साबित हुई।



## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा में भीषण सड़क हादसा: 63 लोगों की मौत

**कम्पाला।** युगांडा में बुधवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में कम से कम 63 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना कम्पाला-गुलु हाईवे पर स्थित कितालेबा गांव के पास आधी रात सवा बारह बजे हुई। युगांडा पुलिस के मुताबिक, हादसे में दो बसें, एक ट्रक और कार की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कम्पाला से गुलु जा रही एक बस के चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की।

### नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट, 35 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के नाइजर प्रांत में पेट्रोल से भरे एक टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें से पेट्रोल निकालते समय हुये विस्फोट में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 46 अन्य लोग जख्मी हैं। संघीय सड़क सुरक्षा कोर के अधिकारी ऐशातु सादु ने मंगलवार देर रात संवाददाताओं को बताया कि कुछ लोग एस्सा गांव में पलटे हुए टैंकर से पेट्रोल निकालने का प्रयास कर रहे थे, तभी विस्फोट हो गया।

### हंगरी में पुतिन-ट्रम्प की मुलाकात स्थगित समय तय नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हंगरी में मंगलवार को होने वाली प्रस्तावित मुलाकात स्थगित कर दी गई है और इसकी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी और रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच 'रचनात्मक लेकिन अनिर्णायक' फोन पर हुई बातचीत के बाद हंगरी के बुडापेस्ट में संभावित बैठक की तैयारियां स्थगित कर दी गई हैं।

### भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की आपत्ति

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की कुछ आपत्तियों को लेकर विवाद निपटान फोरम में 'परामर्श' की कार्रवाई शुरू की है। डब्ल्यूटीओ ने कहा कि चीन ने भारत में उन्नत रसायन सेल बैटरियों, वाहनों और वाहनों के कल-पुर्जों तथा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रोत्साहन जैसे उपायों पर 'परामर्श' किए जाने की अपील की थी।

### वन क्षेत्र में भारत विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और कुल वन क्षेत्र के मामले में देश विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंच गया है। इंडोनेशिया के बाली में खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के जारी वैश्विक वन संसाधन आकलन (जीएफआरए) 2025 के अनुसार भारत ने वन क्षेत्र के मामले में यह अहम मुकाम हासिल किया है।

### लीमा में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा

**मेक्सिको सिटी।** पेरू के राष्ट्रपति होसे हेरी ने बिगड़ते हालात से निपटने के लिए राजधानी लीमा और पड़ोसी कैलाओ क्षेत्र में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा की है। हेरी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट ने आपातकालीन उपाय लागू करने की मंजूरी दे दी है। यह मंगलवार आधी रात से लागू हो गया है।



जम्मू। विभिन्न जिलों के मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरित करते केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

## हमास सहयोग नहीं करेगा, तो उसका सफाया हो जाएगा: जेडी वेंस

**येरुशलम।** अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने मंगलवार को कहा कि अगर हमास हथियार डालने से इनकार करता है तो उसे 'समाप्त' कर दिया जाएगा। वेंस ने गाज़ा के उत्तर में स्थित किर्यत गत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर हमास समूह सहयोग करे तो उसके लड़ाकों को बख्शा जा सकता है, लेकिन अगर सहयोग नहीं करता है तो उसका सफाया हो जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही यह भी कहा कि विश्वास है कि हम ऐसी जगह पहुंचेंगे जहां यह शांति बनी रहेगी। उपराष्ट्रपति ने गाजा में युद्धविराम की प्रगति को उम्मीद से बेहतर बताया और तबाह हुए इस क्षेत्र के पुनर्निर्माण में आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार किया।

# ट्रम्प ने मोदी को दी दिवाली की बधाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फोन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और दिवाली की बधाई दी। ट्रम्प ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दिवाली भी मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मैंने आज ही आपके प्रधानमंत्री से बात की। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। साथ ही उन्होंने कहा कि हमने कुछ ही समय पहले बात की कि पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध न हो।

यह बहुत, बहुत अच्छी बात थी। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि दिवाली अंधकार पर प्रकाश की विजय का एक शाश्वत स्मरण है। यह अज्ञान पर ज्ञान की विजय है, और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। ट्रम्प ने कार्यक्रम में आये लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि यहां आने के लिए शुक्रिया! बहुत शुक्रिया! क्या शानदार संस्कृति है और क्या शानदार लोग हैं। उन्होंने भारतीयों को दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी और गंभीर लोगों का समूह बताया और कहा कि हम आपकी संस्कृति, आपकी भावना का जश्न मनाते हैं और हम अमेरिका और भारत के बीच मित्रता को और मज़बूत



**दिवाली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने भारतीय समुदाय के लोगों को भी बधाई दी**

करते रहेंगे। सभी को बधाई और दिवाली की शुभकामनाएं। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से से हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि बहुत सारी चीजों के बारे में बात हुई, लेकिन उनमें व्यापार प्रमुख रहा। प्रधानमंत्री की व्यापार में बहुत रुचि है। ट्रम्प ने मोदी को कमाल का इंसान बताया और कहा कि समय के साथ मोदी उनके और भी गहरे दोस्त बन गए हैं।

### मोदी ने दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए ट्रम्प का आभार व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान उन्हें हार्दिक दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए बुधवार को उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प, आपके फोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस त्योहार पर, हमारे दो महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहें। इस आदान-प्रदान में भारत और अमेरिका के बीच मज़बूत साझेदारी, विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी प्रयासों में उनके सहयोग पर ज़ोर दिया गया। मोदी के संदेश ने आतंकवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई के बीच वैश्विक शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत के समर्पण की पुष्टि की।

# सऊदी में कफाला प्रथा बंद

## सऊदी अरब आने वाले मजदूरों का पासपोर्ट जमा नहीं होगा, 1.3 करोड़ प्रवासी कामगारों को मिलेगा फायदा

**रियाद।** सऊदी अरब ने करीब 70 साल पुराना कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है। अब देश में आने वाले विदेशी मजदूरों के पासपोर्ट नियोक्ता जब्त नहीं कर सकेंगे। साथ ही, मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नए नियम भी लागू किए गए हैं। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव का ऐलान जून 2025 में ही कर दिया गया था। कफाला सिस्टम के खत्म होने से 1.3 करोड़ से ज्यादा विदेशी मजदूरों को फायदा होगा। इन मजदूरों में ज्यादातर लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस से आते हैं। कफाला शब्द, कफील से बना है। कफील का मतलब होता है स्पॉन्सर या जिम्मेदार व्यक्ति। यानी वह व्यक्ति जो किसी विदेशी मजदूर के रहने और काम करने के लिए जिम्मेदार होता है। 1950 के दशक में खाड़ी के देशों में तेल उद्योग तेजी से बढ़ रहा था। तेल की मांग बहुत बढ़ रही थी, और इन देशों में स्थानीय लोगों की संख्या कम थी। इसलिए उन्हें बहुत सारे विदेशी मजदूरों की जरूरत थी। विदेशी मजदूरों के आने-जाने और काम करने को नियंत्रित करना भी जरूरी था। इसी लिए कफाला सिस्टम बनाया गया था। इसमें कफील को बहुत ज्यादा ताकत दे गई। सऊदी अरब ने कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है लेकिन मिडिल में यूएई, कुवैत, ओमान, बहरीन, लेबनान और जॉर्डन जैसे देशों में अभी भी यह



- कफाला सिस्टम की थीं तीन बड़ी दिक्कतें, नौकरी बदलने पर पाबंदी, देश छोड़ने पर रोक, पासपोर्ट जब्त होना
- इन मजदूरों में ज्यादातर लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस से आते हैं

### सऊदी ने 4 वजहों से बंद किया कफाला सिस्टम

**रियाद।** सऊदी अरब पर लंबे समय से आरोप लगते रहे कि कफाला सिस्टम प्रवासी मजदूरों के लिए 'आधुनिक गुलामी' जैसा है। मानवाधिकार संगठन (जैसे ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी) लगातार इसकी आलोचना करते रहे। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) का विजन 2030 प्रोग्राम सऊदी अर्थव्यवस्था को तेल पर निर्भरता से बाहर निकालने की कोशिश है। इसके लिए विदेशी निवेश और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की जरूरत है लेकिन कफाला जैसे सिस्टम से निवेशक डरते थे। सऊदी की वर्कफोर्स में लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा विदेशी मजदूर हैं। कफाला सिस्टम की वजह से कई मजदूर वापस अपने देशों लौटने लगे थे या नए लोग सऊदी आना नहीं चाहते थे। सरकार को डर था कि अगर सिस्टम नहीं बदला गया, तो मजदूरों की कमी से निर्माण, तेल और सर्विस सेक्टर पर असर पड़ेगा।

सिस्टम मौजूद है। मिडिल ईस्ट देशों में कफाला सिस्टम को खत्म करने की मांग काफी समय से हो रही है। जब कोई मजदूर इन देशों में काम करने आता है, तो वह कफाला सिस्टम के तहत ही एंट्री करता है, और उसके ऊपर वहां के नियम और कानून लागू होते हैं। कफील तय करता है कि मजदूर क्या काम करेगा, कितने घंटे काम करेगा, उसकी सैलरी कितनी होगी और वह कहां रहेगा। कफील की अनुमति के बिना नौकरी नहीं बदल सकते, देश नहीं छोड़ सकते थे, और अधिकारियों से सीधे शिकायत नहीं कर सकते थे। इस वजह से मजदूर अक्सर कफील के कंट्रोल में फंस जाते थे। मानवाधिकार संगठन और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) कफाला सिस्टम की दशकों से कड़ी आलोचना करते रहे थे और इसे 'आधुनिक गुलामी' कहते थे, क्योंकि इस व्यवस्था ने श्रमिकों के सबसे बुनियादी अधिकारों को छीन लिया था और जबरन श्रम तथा मानव तस्करी को बढ़ावा दिया था। कफाला सिस्टम की थीं 3 बड़ी दिक्कतें थीं, अगर मालिक उनके साथ बुरा व्यवहार करता था, कम वेतन देता था, या उनसे 18-18 घंटे काम कराता था, तब भी वे आसानी से नौकरी छोड़कर दूसरी जगह काम नहीं ढूंढ़ सकते थे। उन्हें नया काम शुरू करने के लिए अपने कफील की इजाजत लेना जरूरी होता था। अगर कोई मजदूर बिना इजाजत के नौकरी छोड़ता था, तो उसे 'अवैध निवासी' माना जाता था और उसे गिरफ्तार किया जा सकता था। मजदूर देश छोड़कर अपने घर भी नहीं जा सकते थे, यहां तक कि पारिवारिक आपातकाल में भी नहीं। उन्हें देश से बाहर जाने के लिए अपने नियोक्ता से एक्जिट वीजा मंजूर कराना होता था, लेकिन मालिक अक्सर मना कर देते थे, जिससे कर्मचारी बंधक बने रहते थे। मजदूरों को कैदी जैसा बनाने के लिए, कफील अक्सर उनके पासपोर्ट ले लेते थे। पहचान पत्र न होने और यात्रा का कोई साधन न होने के कारण वे सचमुच फंस जाते थे।

# गो अष्टमी पर पूंजी गईं गायें

## जानिए क्यों पूज्यनीय हैं गोमाता



**थानेश्वर अर्याल अच्युत**

**कपिलवस्तु, नेपाल।** बुधवार को गो अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने गाय माता की पूजा की तथा उन्हें फल,गुण और खीर खिलाया। गोपूजन का यह पर्व नेपाल में बहुत श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। पहाड़ से लेकर भारत सीमा से सटे तराई इलाकों में हर गांव और कस्बों गायों की पूजा की गई तथा उनकी आरती उतारी गई।

बता दें कि गौ माता हिन्दू धर्म में परम पवित्र, पूजनीय, वन्दनीय व पालनीय है। जब दुराचारी व्यक्ति भी किसी स्त्री को 'माता' कहता है तो उसके चित्त में भी तत्काल पवित्रता आ जाती है। अत: गौ को माता कहने का तात्पर्य है कि उसे पवित्र दृष्टि से देखा जाए। सभी इन्द्रादि देवगण गौमाता के देह में स्थित हैं अत: उसका शरीर ही स्वर्ग है। इसी प्रकार वेदों के साथ ही वृहत्पाराशर स्मृति, पद्म पुराण, भविष्य पुराण, ब्रह्माण्ड पुराण, स्कन्द पुराण एवं महाभारत में भी विभिन्न प्रकार से गौ माता के शरीर में विभिन्न देवों की स्थिति का वर्णन विस्तार से उपलब्ध है। धार्मिक ग्रंथों में गायों के अंग अंग में देवताओं के विराजमान होने का उल्लेख है। गायों के सींग के मूल में सदा ब्रम्हा और विष्णु प्रतिष्ठित हैं। अग्रभाग में चराचर समस्त तीर्थ स्थित है।सभी कारणों के कारण महादेव शिव सींगों के मध्य में, ललाट में गौरी तथा नासिकास्थि में भगवान कार्तिकेय स्थित हैं। नासिका छिद्रों में कम्बल व अश्वतर नाग, कानों में अश्विनी देव व आंखों में चन्द्र व सूर्य स्थित हैं। गाय के दांतों में आठों वसु, जीभ में वरूण, कण्ठ में माता सरस्वती व गण्डस्थलों में यमराज व यक्षगण स्थित हैं। दोनां होंठों में दोनों सन्ध्यादेवियां ग्रीवा में इन्द्र ककुद में राक्षस, पार्ष्णि भाग में आकाश व्यवस्थित है।

# फूड डिलीवरी करके गुजारा कर रहे सरकारी कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कई सरकारी कर्मचारियों को अब फूड डिलीवरी या अस्थाई नौकरियों कर गुजारा करना पड़ रहा है। वे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने और ईएमआई भरने के लिए ऐसा कर रहे हैं। दरअसल, देश में लगे शटडाउन की वजह से 7.5 लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी रुकी हुई है।

अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुआ सरकारी शटडाउन अब 22वें दिन में पहुंच गया है। संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 20 अक्टूबर को फंडिंग बिल पर 11वीं बार वोटिंग हुई, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रस्ताव को फिर से खारिज कर दिया गया। ऐसे में यह अमेरिकी इतिहास का दूसरा सबसे लंबा शटडाउन बन गया है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू

- **अमेरिका में 22 दिन से सैलरी नहीं, ट्रम्प का प्रस्ताव 11वीं बार गिरा, दूसरा सबसे लंबा शटडाउन**

होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई गई है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए।

# चुनाव को लेकर ओली की न के बीच प्रचंड ने कहा, समय पर हो चुनाव

**यशोदा श्रीवास्तव**

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही हिंसात्मक आंदोलन और अंतरिम सरकार के अस्तित्व में आने के करीब एक माह बाद माओवादी केंद्र ने पहली मर्तबा जनसभा की। इस मौके पर उन्होंने नेपाल मीडिया से भी बात की।

बातचीत में उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव की तैयारी में जुटने का आवाहन करते हुए कहा कि अंतरिम सरकार ने जिस समय सीमा के भीतर चुनाव की घोषणा की है उस पर कायम रहते हुए चुनाव कराया जाना चाहिए। नेकपा (माओवादी केंद्र) अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल 'प्रचण्ड' बुधवार को मधेश प्रदेश के महोत्तरी के राम गोपाल पुर में पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा और पार्टी प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। नेपाल में हाल ही हुए तख्तापलट और हिंसात्मक आंदोलन के बाद किसी राजनीतिक दल का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। राम गोपाल पुर जाने के लिए जनकपुर धाम हवाई अड्डे पर पहुंचे प्रचंड ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत करते हुए



- नेपाल में हाल ही हुए तख्तापलट और हिंसात्मक आंदोलन के बाद किसी राजनीतिक दल का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था

सरकार से आग्रह किया कि वह शीघ्र ही चुनाव के लिए आवश्यक माहौल तैयार करे।प्रचण्ड ने कहा हनिर्वाचन तय समय पर होना चाहिए।

सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए। सरकार की हाल ही में राजनीतिक दलों के साथ हुई वार्ता से यह संकेत मिला है कि सरकार धीरे-धीरे चुनाव की दिशा में गंभीर हो रही है, लेकिन अभी भी पूर्ण वातावरण तैयार नहीं हुआ है। प्रचंड ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में गठित अंतरिम सरकार पहले ही चुनाव की घोषणा कर चुकी है, इसलिए अब सभी दलों को निर्वाचन की तैयारी में पूरी तरह जुट जाना चाहिए। लेकिन सत्ता से हटाए गए केपी शर्मा ओली चुनाव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्होंने तय समय-सीमा में चुनाव पर भी संदेह जताया है। पिछले दिनों अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने साफ कह दिया कि एमाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। एमाले के इस घोषणा के बाद नेपाल की राजनीति में अनिश्चितता का खतरा उत्पन्न हो गया है। ओली सरकार में प्रमुख सहयोगी रही नेपाली कांग्रेस का चुनाव को लेकर अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। जहां तक अन्य राजनीतिक दलों की बात है तो माना जा रहा है कि देर सवेर अन्य राजनीतिक दल चुनाव में आएंगे ही। एमाले, नेपाली कांग्रेस के बाद माओवादी केंद्र तीसरी बड़ी राजनीतिक दल है। माओवादी केंद्र के चुनाव का समर्थन करने के बाद मुमकिन है नेपाली कांग्रेस भी चुनाव को लेकर अपना रुख स्पष्ट करे। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अपने वायदे के मुताबिक छ: महीने में चुनाव कराने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार नेपाली जनता को निर्भय और स्वतंत्र वातावरण में मतदान करने का अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण, आर्थिक समृद्धि और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए आसन्न चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार सभी राजनीतिक दलों, वर्गों और समुदायों के सहयोग की अपेक्षा और विश्वास रखती है, ताकि चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त और सफल हो सके।

# तालिबान को मान्यता देगा भारत!

## काबुल में भारत का दूतावास फिर से खुला, अफगान बोला: पाक से विवाद में भारत की भूमिका नहीं

**काबुल।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अपने तकनीकी मिशन को अब आधिकारिक रूप से दूतावास का दर्जा दे दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दूतावास अफगानिस्तान के समग्र विकास, मानवीय सहायता और क्षमता निर्माण में भारत की भूमिका को और मजबूत करेगा। दूतावास का नेतृत्व एक वरिष्ठ राजनयिक करेंगे, जिन्हें चार्ज डी'अफेयर्स के रूप में नियुक्त किया जाएगा।


भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 10 अक्टूबर को मुत्तकी के साथ मुलाकात में इसकी घोषणा की थी। इस कदम से भारत और अफगानिस्तान के बीच फिर से राजनयिक संबंध स्थापित हो गए हैं। साल 2022 से भारत ने काबुल में टेक्निकल मिशन चलाया था, लेकिन अब दूतावास की वापसी से भारत-तालिबान संबंध नए सिरे से

**दूतावास का नेतृत्व एक वरिष्ठ राजनयिक करेंगे, जिन्हें चार्ज डी'अफेयर्स के रूप में नियुक्त किया जाएगा**

शुरू होंगे। इसके साथ ही ये सवाल भी उठ रहा है कि क्या भारत अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दे सकता है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने भारत पर लगे उन आरोपों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि हाल ही में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई झड़पों में भारत की कोई भूमिका थी। एक इंटरव्यू में याकूब ने कहा कि ये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा अफगानिस्तान ने कभी किसी दूसरे देश को अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं करने दिया है। हम एक स्वतंत्र देश हैं और भारत व पाकिस्तान से हमारे रिश्ते सिर्फ राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होते हैं। बीते दिनों 11 अक्टूबर को काबुल में हुए धमाकों के कुछ दिन बाद अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर हिंसा भड़क गई थी। उस समय तालिबान के विदेश मंत्री आमिर मुत्तकी भारत दौरे पर थे। इसके तुरंत बाद तालिबान लड़ाकों ने पाकिस्तान की दक्षिणी सीमा पर हमले किए, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने कार्रवाई की। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन घटनाओं के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा था कि तालिबान की लीडरशिप भारत की गोद में बैठी है। इस पर भारत ने सख्त जवाब दिया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान की पुरानी आदत है कि वह अपनी आंतरिक नाकामियों के लिए पड़ोसियों को दोष देता है।

# अमेरिका में सिखों के नौवें गुरु का सम्मान

**न्यूयॉर्क।** सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर जी की त्याग, करुणा और न्याय के प्रति अडिग भावना को सम्मान देने के लिए न्यूयॉर्क सिटी की एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को एक पोस्ट साझा किया और इस कदम को सिख समुदाय के लिए 'गर्व का क्षण' बताया। अब रिचमंड हिल इलाके की 114वीं स्ट्रीट और 101वां एवेन्यू के हिस्से को आधिकारिक रूप से गुरु तेग बहादुर जी मार्ग वेश्के नाम से जाना जाएगा। यह वही इलाका है जहां प्रसिद्ध गुरुद्वारा मखन शाह लुबाना स्थित है। इस अवसर पर आयोजित नामकरण समारोह दीवाली के पूर्व सप्ताहांत में संपन्न हुआ। पूर्व राजनयिक ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि सिख संगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में, न्यूयार्क की एक सड़क का नाम अब धार्मिक स्वतंत्रता के प्रतीक और मानवाधिकारों के रक्षक, नौवें सिख गुरु साहिब, हिंद की चादर, गुरु तेग बहादुर साहिब जी के नाम पर रखा गया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108